जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

बीकानेर

Rashtradoot

फोनः- 2200660 फैक्स : 0151-2527371 वर्षः 46 संख्याः 51 प्रभात बीकानेर, बुधवार 11 सितम्बर, 2024 डाक प.स.बीकानेर/045/2020-22 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रू.



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को सियोल (कोरिया) पहुँचा। सियोल में कोरियन स्टोन एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री की कोरियन स्टोन एसोसिएशन के व्यापारियों एवं प्रतिनिधियों के साथ राउण्ड टेबल वार्ता हुई।*

## कोरियन कम्पनियों ने स्वास्थ्य सेवा, माइनिंग, स्टोन, सौर ऊर्जा व कार्बन फाइबर में रुचि दिखायी

### मुख्यमंत्री भजनलाल की सैमसंग, एल एक्स इंटरनेशनल, ओरियन कॉरपोरेशन से महत्वपूर्ण चर्चा हुई

- **मुख्यमंत्री ने कोरियन स्टोन एसोसिएशन को ''इण्डिया स्टोन मार्ट-2026'' के लिये जयपुर आने का आमंत्रण दिया।**
- **सियोल तकनीकी हाई स्कूल और राजस्थान स्किल एण्ड लाइवलीहुड्स डेवलपमैंट कॉरपोरेशन के बीच सहयोग की भी चर्चा हुई।**

सियोल, 10 सितंबर। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल की यात्रा के दूसरे दिन कई दक्षिण कोरियाई कंपनियों ने प्रदेश में अवसरों की तलाश करने और राज्य में अपने व्यवसाय का विस्तार करने में अपनी रुचि दिखायी है। इसमें सैमसंग हेल्थकेयर, एलएक्स इंटरनेशनल, ओरियन कॉरपोरेशन, ह्योसंग कॉरपोरेशन के साथ-साथ कोरियन स्टोन एसोसिएशन सहित कई अन्य दक्षिण कोरियाई कंपनियां शामिल हैं।

प्रतिनिधिमंडल के संग चर्चा के दौरान, सैमसंग हेल्थकेयर ने राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर नए हेल्थकेयर डिवाइसेज उपलब्ध कराने में अपनी रुचि दिखायी। वहीं, ओरियन कॉरपोरेशन ने अपने भिवाड़ी मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट की चर्चा करते हुए राजस्थान के लिए अपनी विस्तार योजनाओं पर चर्चा की। एक अन्य दक्षिण कोरियाई फर्म एलएक्स इंटरनेशनल ने राज्य के माइनिंग सेक्टर में काम करने की इच्छा जताई, खास कर लाइमस्टोन (स्टील ग्रेड), सिलिका, जिप्सम, लिग्नाइट, रेयर अर्थ मिनरल्स और अक्षय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में। एक अन्य प्रमुख दक्षिण कोरियाई फर्म ह्योसंग कॉरपोरेशन भारत में स्थानीय स्तर पर कार्बन फाइबर उत्पादन करने पर विचार कर रही है।

इसके अलावा, राजस्थान सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने कोरियन स्टोन एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ एक राइंडटेबल डिस्कशन में भी आज भाग लिया, जिसमें तकनीकी सहयोग, राजस्थान में उत्पादित स्टोन्स की खरीद/वितरण और प्रदेश से निर्यात बढ़ाने पर चर्चा की गई। कोरियन स्टोन एसोसिएशन और सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ स्टोन्स, जो राजस्थान सरकार का उपक्रम है, के बीच सहयोग बढ़ाने की भी संभावनाओं पर भी चर्चा की गयी। कोरिया स्टोन एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल अक्टूबर में राजस्थान का दौरा करेगा। इस चर्चा के दौरान राज्य सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें फरवरी 2026 में जयपुर में आयोजित होने वाले इंडिया स्टोन मार्ट 2026 में भी आमंत्रित किया।

इसके अलावा, मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने सियोल तकनीकी हाई स्कूल का भी आज दौरा किया और राजस्थान के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए दक्षिण कोरिया और राजस्थान स्किल एंड लाइवलीहुड्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के बीच आपसी सहयोग पर चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने छात्रों के बीच नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने वाली उल्लेखनीय पहलों, स्कूल के एडवांस्ड टेक्निकल सेंटर को भी देखा, छात्रों के साथ बातचीत की और कक्षाओं में सिखाई जा रही अत्यधिक उन्नत तकनीक का अनुभव किया।

एक दिन पहले ही सियोल इन्वेस्टर्स मीट में निवेशकों को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा था कि उनकी सरकार राज्य में शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण में गुणात्मक सुधार पर बहुत जोर दे रही है।

इन बैठकों के साथ, राज्य सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने अपना दक्षिण कोरिया दौरा पूरा कर लिया है और अब 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 की तैयारियों के मद्देनजर यह प्रतिनिधिमंडल अब जापान की यात्रा करेगा। मुख्यमंत्री के साथ दक्षिण कोरिया की यात्रा पर गए इस उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल, उद्योग और वाणिज्य

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## अडानी ग्रुप ने बांगलादेश को चेतावनी दी

### अडानी ग्रुप के अनुसार, बांगलादेश की सरकार को 500 मिलियन डॉलर अडानी ग्रुप को देने हें, बांगलादेश के गोड्डा क्षेत्र में 1600 मैगावॉट का बिजलीघर स्थापित करने के लिए

- **अडानी ग्रुप के अनुसार, यह स्थिति अब चलने वाली नहीं है, तथा शेख हसीना का तख्ता पलटने के बाद तथा मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में नई सरकार के गठन के बाद और जटिल होती जा रही है।**
- **जैसा कि विदित ही है, बांगलादेश 3.7 अरब डॉलर के ऋण के भार से दबा हुआ है पावर सैक्टर में**
- **बांगलादेश अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं, जैसे वर्ल्ड बैंक से ऋण लेने के प्रयास में है, पावर सैक्टर को वित्तीय नुकसान के गर्त से निकलकर, इस सैक्टर में कुछ स्थिरता लाने के लिए।**

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 सितम्बर। अडानी ग्रुप ने नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को एक प्रमुख बिजली परियोजना से संबंधित 500 मिलियन डॉलर के बकाया ऋण के बारे में चेतावनी दी है। यह कदम संभावित रूप से बांग्लादेश के साथ भारत के संबंधों को खराब कर सकता है।

फायनैंशियल टाइमस के अनुसार अडानी ने इस स्थिति को ''अस्थिर'' बताया है, जो कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को हटाने के बाद सत्ता में आए यूनुस के प्रशासन के लिए लगातार समस्याजनक होती जा रही है।

यूनुस प्रशासन ने हसीना द्वारा किए गए, बुनियादी ढांचों के कई महंगे सौदों की आलोचना की है। जिनमें, भारत में 1,600 मैगावॉट के गोड्डा संयंत्र से कोयले से बनने वाली बिजली की आपूर्ति के लिए अडानी पावर के साथ एक विवादास्पद अनुबंध भी शामिल है। रिपोर्ट की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की है।

बढ़ते वित्तीय दबावों के बावजूद, अडानी पावर, बांग्लादेश को रिलायबल एनर्जी प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी ने कहा है कि वह बांग्लादेशी सरकार के साथ लगातार बातचीत कर रही है और उन्हें वर्तमान स्थिति के ''अनसस्टेनेबल नेचर'' के बारे में सूचित कर दिया है।

यह वित्तीय तनाव बांग्लादेश में व्यापक ऊर्जा संकट का हिस्सा है, जिसका बिजली से संबंधित ऋण 3.7 बिलियन डॉलर हो गया है। यूनुस के मुख्य ऊर्जा सलाहकार, मोहम्मद फौज़ुल कबीर खान ने खुलासा किया कि बांग्लादेश पर अडानी का 492 मिलियन डॉलर बकाया है। अंतरिम सरकार अर्थव्यवस्था को स्थिर करने के लिए विश्व बैंक जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों से वित्तीय सहायता मांग रही है।

बांग्लादेश के तेजी से बढत्रते विकास में, लगातार ऊर्जा की कमी के कारण बाधा आ रही है, जो कि घटते घरेलू गैस भंडार के कारण बदतर हो गई है। आलोचकों का तर्क है कि पिछली सरकार खुली निविदाओं से बचती रही, जिसमें अकुशलता और भ्रष्टाचार को बढ़ाकर समस्या को और बढ़ा दिया। अडानी पावर, जिसका सैमिकंडक्टर परियोजना में 10 बिलियन डॉलर का निवेश है, बिजली समझौते के लिए प्रतिबद्ध है। अडानी ने बांग्लादेश से बिजली को दूसरी जगह भेजने की किसी भी योजना से इन्कार किया है। उन्होंने कहा कि गोड्डा संयंत्र अभी तक भारतीय ग्रिड से जुड़ा नहीं है।

अंतरिम सरकार पिछले ऊर्जा समझौतों की समीक्षा करने की योजना बना रही है, जिसका उद्देश्य प्रतिस्पर्धी बोली को फिर से शुरू करना और वित्तीय निगरानी को बढ़ाना है। इसके बावजूद, सरकार भारत औश्र चीन, दोनों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## नाबालिग से दुष्कर्म, अभियुक्त को 20 साल की सजा

- **अदालत ने आरोपी पर 70 हजार रूपए का जुर्माना भी लगाया। पीड़िता ने सुनवाई के दौरान दुष्कर्म की बात कही और मैडिकल रिपोर्ट में भी दुष्कर्म की पुष्टि हुई।**

जयपुर, 10 सितंबर। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-1 महानगर द्वितीय ने नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त विक्रम सिंह को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर 70 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक एम.डी. शर्मा ने बताया कि घटना को लेकर 24 मार्च, 2021 को पीडिता की मां ने हरमाडा थाने में रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में बताया कि उसकी नाबालिग बेटी ने बताया कि उसके प्राइवेट पार्ट्स में दर्द हो रहा है। पूछने पर उसने बताया कि एक दिन पहले वह पडोस के मकान में किराए पर रहने वाले विक्रम को पानी के लिए

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## थरुर के खिलाफ मानहानि केस में सुप्रीम कोर्ट ने कार्यवाही पर रोक लगाई

### सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस और केस दायर करने वाले भाजपा नेता को नोटिस भी दिया

- **कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद शशि थरुर ने 2018 में बंगलौर लिटरेचर फैस्टिवल में कथित तौर पर प्रधानमंत्री पर टिप्पणी की थी कि ''शिवलिंग पर बिच्छु बैठा है,'' जिस पर दिल्ली के एक भाजपा नेता ने थरुर के खिलाफ मानहानि मुकदमा दायर किया था।**
- **ट्रायल कोर्ट में हो रही सुनवाई पर अक्टूबर 2020 में हाई कोर्ट ने स्टे लगा दिया था, पर, हाल ही में 29 अगस्त को हाई कोर्ट ने स्टे आर्डर रद्द कर ट्रायल कोर्ट को सुनवाई की अनुमति दे दी, जिसके खिलाफ शशि थरुर ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी।**

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 सितम्बर। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता के खिलाफ मानहानि के मुकदमे में ट्रायल कोर्ट में चल रही सुनवाई पर रोक लगा दी। शशि थरूर ने नवम्बर 2018 के लिटरेचर फैस्टिवल में बैंगलोर में प्रधानमंत्री पर टिप्पणी की थी, ''शिवलिंग पर बिच्छु बैठा है।''

थरूर के खिलाफ मानहानि केस की सुनवाई पर रोक लगाने के अलावा जस्टिस ऋषिकेश रॉय और जस्टिस आर.महाजन की बैंच ने दिल्ली पुलिस और भाजपा नेता राजीव बब्बर को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब मांगा। राजीव बब्बर ने ही थरूर के खिलाफ शिकायत की थी।

बैंच ने चार सप्ताह के लिए नोटिस जारी किया। अगले आदेश तक मानहानि की कार्यवाही स्थगित की जाती है।

थरूर की तरफ से उपस्थित हुए एक वकील ने कहा कि यह बयान असल में वर्ष 2012 में कारवां मैगजीन में छपे एक लेख में या बाद में 2018 में थरूर ने भी वही बात कही थी।

थरूर ने हाईकोर्ट के अगस्त 2024 के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दस्तक दी थी।

हाईकोर्ट ने अक्टूबर 2020 में थरूर के खिलाफ मानहानि में कार्यवाही पर रोक लगा दी थी बाद में 29 अगस्त को कोर्ट ने अपना अंतरिम स्टे ऑर्डर वापस ले लिया और कहा कि थरूर 10 सितम्बर को ट्रायल कोर्ट में उपस्थित हों।

ट्रायल कोर्ट ने थरूर को बब्बर द्वारा दायर मानहानि से सम्मन दिया था। थरूर ने 2018 में बैंग्लोर लिटरेचर फेस्टिवल में कहा था कि ''मोदी शिवलिंग पर बैठे बिच्छु हैं।''

## 'राहुल के खरे सच से हताश है भाजपा'

- **कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने कहा, राहुल गांधी ने कहा कि ''मोदी बुलबुला'' फूट गया है उनकी डर की राजनीति विफल हो गई है। राहुल के इस सच पर भाजपा तिलमिला रही है।**

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 सितम्बर। कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने कहा कि भाजपा का इकोसिस्टम हताश और पस्त हो रहा है क्योंकि राहुल गांधी ने खरा सच बोल दिया है। ''मोदी-बुलबुला'' फूट चुका है। उनकी डर की राजनीति असफल हो गई है तथा कोई भी उन्हें या उनके चियरलीडर्स के ग्रुप को गम्भीरता से नहीं ले रहा है।

उन्होंने कहा, ''राहुल गांधी ने भाजपा-आर.एस.एस. की नफरत और विभाजन की खतरनाक राजनीति के बारे में बार-बार सचेत किया है। उनका सम्पूर्ण मिशन सार्वजनिक संवाद में प्रेम,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## गृहिणी की सड़क दुर्घटना होने पर भी मिलेगा मुआवजा

- **राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने मोटर दुर्घटना प्रकरणों में घायल व मृतक के आश्रितों से संबंधित मुआवजा के त्वरित निस्तारण के लिए गाइडलाइन 2024 जारी की गई है, उसमें उक्त निर्देश दिया गया है।**

जयपुर, 10 सितंबर। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मोटर दुर्घटना प्रकरणों में घायल और मृतक के आश्रितों के प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए गाइड लाइन-2024 जारी की गई है। इसके तहत अब घरेलू महिला की मृत्यु होने पर भी उसके आश्रितों को मुआवजा दिया जाएगा। ऐसे मामलों में राज्य सरकार के श्रम विभाग की ओर से प्रचलित वार्षिक न्यूनतम

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## वॉशिंगटन की युनिवर्सिटी में राहुल के भाषण ने, एक बार फिर हंगामा खड़ा किया भारत में

### कांग्रेस के अनुसार, राहुल गाँधी ने कहा कि, मैं मोदी जी से नफरत नहीं करता, पर मेरे उनके बीच विचारों का मतभेद है और उनके और मेरे नज़रिए में बहुत फर्क है

- **कांग्रेस के अनुसार, राहुल गाँधी ने इस संदर्भ में यह भी कहा कि हमारी लड़ाई राजनीति के बारे में नहीं है। यह तो सतही बात है। लड़ाई इस बारे में है कि, एक सिख को पगड़ी बांधने की, कड़ा पहनने की, गुरुद्वारा जाने की इजाज़त है कि नहीं। यह लड़ाई केवल सिखों के बारे में नहीं, बल्कि हर धर्म के बारे में है।**
- **भाजपा ने राहुल की टिप्पणी का जवाब देने के लिए केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी को उतारा। हरदीप पुरी ने कहा, ''सिखों को उनके अस्तित्व पर खतरे का केवल उस समय सामना करना पड़ता था, जब राहुल गाँधी के परिवार का शासन था।''**
- **प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी की उनके अंगरक्षक द्वारा हत्या करने के बाद 3000 सरदार मारे गए थे, जिंदा जला दिए गए थे। अतः नेहरू-गाँधी परिवार को सिखों की स्वतंत्रता व सुरक्षा की बात अपमानजनक लगती है।**

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 सितम्बर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी, जो इस समय चार दिन की अमेरिका यात्रा पर हैं, ने भारतीय अमेरिकन समुदाय को संबोधित करते हुये कहा कि प्रेम, सम्मान एवं विनम्रता भारतीय राजनीति से गायब हो रहे हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नफरत नहीं करते, बल्कि अपने राजनैतिक प्रतिद्वंदी के विचारों से असहमत हैं।

उन्होंने वॉशिंगटन डी.सी.-स्थित जॉर्ज टाउन विश्वविद्यालय में बातचीत के दौरान कहा, ''मैं मोदी जी से नफरत नहीं करता। उनका एक दृष्टिकोण है, मैं उस दृष्टिकोण से सहमत नहीं हूँ, लेकिन मैं उनसे घृणा नहीं करता। उनकी सोच अलग है और मेरी सोच अलग है।

इस बीच, बेरोज़गारी, धार्मिक स्वतंत्रता, महिला सशक्तीकरण तथा आर.एस.एस. जैसे मुद्दों पर उनकी टिप्पणियों को लेकर भाजपा वाक् युद्ध पर उतर आई है। राहुल गांधी के संबोधन के संदर्भों से कुछ खास शब्दों ने छाँटकर, भाजपा ने राहुल गांधी पर आरोप लगाया है कि वे विदेशी धरती पर भारत की छवि को खराब कर रहे हैं।

सत्तारूढ़ पार्टी के मीडिया रणनीतिकारों ने गांधी पर हमले करे के लिए केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी को मैदान में उतार दिया है। पूर्व राजनयिक पुरी ने संदर्भ को छोड़कर राहुल गांधी के कुछ बयान छाँटे हैं तथा उनको उद्धृत करते हुये राहुल पर आरोप लगाया है कि वे विदेश में ''खतरनाक बातें'' फैला रहे हैं।

पुरी ने इस मुद्दे पर एक प्रेस कॉन्फ्रैंस को संबोधित करते हुये कहा, ''मेरे विचार से यह बहुत ज्यादा अनर्थकारी है। उनके सामने बैठे लोग मेरे समुदाय के थे। वे लोग अमेरिका में जैसे-तैसे जीवन-यापन कर रहे हैं तथा अपने देश के साथ उनका कोई खास जुड़ाव नहीं रहा है और राहुल जी उनके बीच झूठी बातें कह रहे हैं।''

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

दया चरित्र को सुन्दर बनाती है। –जेम्स एलन

# कलाओं का मूल्य अब बाज़ार में उसके मोल से होता है

कलाओं की वर्तमान गतिविधियां कई प्रचलित धारणाओं को चुनौती देने लगी हैं। ऐसा लगता है जैसे कला कोई वस्तु या किन्हीं प्रथाओं का समूह हो गई हो। बाज़ार आश्रित लोकप्रिय मीडिया ललित कलाओं के बीच विषयगत आधार पर कोई स्पष्ट विभाजन स्थापित नहीं कर पा रहा है। इसके अलावा कलाकार क्या है, या ललित कला की भूमिका क्या हो सकती है, इस बारे में भी लोगों के विचार लगातार बदलते रहे हैं। औपचारिक कौशल के प्रदर्शन के साथ-साथ सुंदरता, सामंजस्य और अनुपात की शास्त्रीय धारणाएं भी काफी हद तक तिरोहित हो गई हैं। कम से कम, अब कलाकृति बनाने के लिए उन शास्त्रीय धारणाओं की आवश्यकता नहीं रही है। कोमल भावनाओं, धार्मिक और आध्यात्मिक विषयों के चित्रांकन जैसी पुरानी परिचित शैलियां वर्तमान अभिव्यक्तियों में अनुपस्थित मिलती हैं। यूं भी कह सकते हैं कि वे विशेषताएं जो ललित कला को लंबे समय तक सामान्य वस्तुओं या जन माध्यमों से अलग बनाती थीं, अब निर्णायक नहीं रह गई हैं। वैसे ही जैसे अब विशेष सामग्रियों का उपयोग, विशेष प्रकार की कल्पना और उच्च मूल्यों की आकांक्षा नहीं रही। कला जगत में कला के मूल्य की परिभाषा हमेशा से एक विवादित विषय रहा है। ऐसा शायद इसलिए होता रहा है क्योंकि कला मूल्य के असंख्य तत्त्व होते हैं और वे अक्सर सर्वानुभवजन्य (ऑब्जेक्टिव) होने के बजाय व्यक्तिपरक (सब्जेक्टिव) होते हैं। सवाल उठता है कि वह क्या चीज है जो कला को मूल्यवान बनाती है? क्या इसका संबंध केवल उसकी मुद्रा में कीमत से हो सकता है? क्या मुद्रा में कीमत किसी कला की प्रतीकात्मक प्रकृति या इसकी सामग्री की सुंदरता को व्यक्त कर सकती है? भारत में कीमत से कला को आंकने की परंपरा रही है। भले ही बाज़ार की विनिमय व्यवस्था में हम उसे न देख पाएं हों और जीवन में उसकी उपयोगिता के संदर्भ में ही देखने के आदि रहे हों, किन्तु लोक स्मृतियों में कला का मूल्य उससे मिलने वाली संपदा से ही निर्धारित होता आया है। अमुक के दोहे पर, अमुक के कला शिल्प पर, यहां तक कि अमुक की हाज़िर जवाबी की अमूर्त कला पर प्रसन्न होकर किसी सामंत द्वारा धन धान्य का उपहार देना भी उस कला और कलाकार की कीमत को मान्यता देना ही रहा है। तो क्या किसी कला को उससे मिल सकने वाली संपत्ति से मान्यता मिलती है? नये ज़माने के बाज़ार में कला की कीमत उसके अनोखेपन से भी लगाई जाने लगी है। वास्तव में कला का अलग ही बाजार बन गया है, जिसका अपना गतिविज्ञान है, जिसका अपना अर्थशास्त्र है और जो पूंजीवादी नियमों और प्रक्रियाओं के आधार पर चलता है। हालांकि कला के समग्र अर्थ को लेकर अनगिनत बहसें हैं लेकिन उसके आंतरिक मूल्य की परिभाषा कुछ ऐसी है जो व्यक्ति से संबंधित ही है। उसका कला के परिवेश की विशिष्टता, अपूरणीयता और पवित्र आभा से भी कुछ लेना-देना जरूर होता है। ललित कला किसी बीमारी का इलाज नहीं करती, वह सड़कें नहीं बनाती, या गरीबों के लिए लंगर नहीं चलाती। इसीलिए कला के मूल्य को समझने के लिए अध्येता लोग इतिहास में कला को कैसे महत्व दिया गया है उसे देखते हैं और यह विचार करते हैं कि आज यह कितनी मूल्यवान है महत्वपूर्ण है। कला रचनात्मकता की एक अनूठी मानवीय अभिव्यक्ति है। यह हमें अपने अतीत, हमसे अलग लोगों और अंततः खुद को समझने में मदद करती है। शायद इसीलिए जानकार लोग कहते हैं कि कला और संस्कृति के मूल्य के बारे में कोई भी बात उसकी आंतरिकता से शुरू की जानी चाहिए और जानने की कोशिश की जानी चाहिये कि वह हमारे आंतरिक जीवन में कैसे उजास भरती है और हमारी भावनात्मक दुनिया को समृद्ध करती है। यही वह चीज है जिसे हम संजोते हैं। किसी ने सही कहा है कि हमारे पुस्तकालयों, संग्रहालयों, थिएटरों और दीर्घाओं के सामूहिक संसाधनों के बिना, या साहित्य, संगीत और कला की व्यक्तिगत अभिव्यक्ति के बिना, जीवन ठहरा हुआ और बांझ होगा। अतीत के बारे में कोई रचनात्मक तर्क नहीं हों, कोई विविधतापूर्ण और उत्तेजक वर्तमान नहीं हो और भविष्य के कोई सपने नहीं हों तो जीवन कितना रूखा होगा, समझा जा सकता है।

**किसी कला का असली बाज़ार मूल्य अब मुख्य रूप से दीर्घाओं और नीलामी घरों द्वारा निर्धारित किया जाने लगा है। वहां बनने वाली सहमति किसी कलाकृति या कलाकार के लिए मूल्य निर्धारण के लिए आधार होती है, जो बाज़ार में नई कृतियों या फिर से बेची जाने वाली कृतियों की कीमत तय करने में मदद करती है।**

कला का अंतर्निहित मूल्य, बेशक, आंशिक रूप सेएक दार्शनिक कथन है जिसे संख्याओं में नहीं मापा जा सकता। यह एक अत्यधिक व्यक्तिपरक भावनात्मक मूल्य है, जो इस बात से जुड़ा है कि कला का कोई विशिष्ट कार्य दर्शक को कैसा महसूस कराता है, यह किस तरह की संवेदनाओं को उभारता है? निश्चित रूप से, इसे आंका नहीं जा सकता है। यह मूल्य सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, शिक्षा और व्यक्तिगत जीवन के अनुभव पर निर्भर भी निर्भर करता है। इस मूल्य को उसके निर्माण में उपयोग की जाने वाली सामग्रियों से स्वतंत्र माना गया है। कला मूल्य का एक अन्य प्रासंगिक तत्त्व उसका सामाजिक अर्थ भी होता है। कला वास्तव में संचार का एक साधन है, क्योंकि यह विचारों, मूल्यों, भावनाओं, अवधारणाओं का प्रेषण करती हैं, जिन्हें प्रत्येक पर्यवेक्षक अलग-अलग तरीके से प्राप्त कर सकता है। कला समाज और मानव स्थिति से संबंधित विचारों को भी प्रसारित करती है। कला की रचना करते समय, एक कलाकार कोई कहानी, कोई भावना, या किन्हीं सांस्कृतिक तत्त्वों का साझा करता है। वह अपनी कहानियों, भावनाओं और संस्कृतियों को अपनी कलाओं में प्रस्तुत करता है। प्रस्तुत हो जाने के बाद लोग अपने-अपने नजरिए से उनकी रचनाओं को देखते हैं और समझते हैं। रचनाकार खुद भी कई बार अपनी रचनाओं को निर्मित हो जाने के बाद नई दृष्टि से उसे समझते हैं। इसके अलावा, कला का सामाजिक मूल्य उसकी सामुदायिक अनुभव के लिये व्यक्तियों को समेकित करने की क्षमता भी होती है। कला के समग्र अर्थ के बारे में अनगिनत बहसें हैं। मूल्य की परिभाषा कुछ ऐसी है जो व्यक्ति से संबंधित होती है। वर्तमान पूंजी आधारित अर्थव्यवस्था में कला मूल्य का मुख्य तत्त्व बाजार में उसका मोल बन गया है। सरल शब्दों में कहें तो बाज़ार में लगने वाला मोल ही अब किसी कलाकृति के मूल्यवान होने के स्तर का निर्धारण करता है। किसी कलाकृति की कीमत उपयोगितावादी वस्तुओं की तरह निर्धारित नहीं होती है। उसका वाणिज्यिक मूल्य, वास्तव में, कुछ सामूहिक सहमति के अनुसार निर्धारित होता है, बिल्कुल मुद्रा की तरह। कला के दो अलग-अलग बाज़ार होते हैं जहां विनिमय होता है। प्राथमिक बाज़ार, कलाकार के हाथों से उसके पहले खरीदार तक का होता है,जहां रचना की कीमत मुख्य रूप से कलाकार और उससे सौदा करने वाले द्वारा तय की जाती है। बाद में किसी कलाकृति की कीमत अनिवार्य रूप से बाज़ार के मांग और आपूर्ति के सिद्धांत का पालन करती है। किसी कला का असली बाज़ार मूल्य अब मुख्य रूप से दीर्घाओं और नीलामी घरों द्वारा निर्धारित किया जाने लगा है। वहां बनने वाली सहमति किसी कलाकृति या कलाकार के लिए मूल्य निर्धारण के लिए आधार होती है, जो बाज़ार में नई कृतियों या फिर से बेची जाने वाली कृतियों की कीमत तय करने में मदद करती है। इस प्रक्रिया में कई चीजें शामिल हैं:–उनमें से एक है कलाकृति के निर्माण का संदर्भ। यह या तो ऐतिहासिक महत्व का हो सकता है या इतिहास के विकास में इसका एक निश्चित अर्थ हो सकता है। कला के बाज़ार मोल का एक अन्य आवश्यक तत्व है होता है उसका उद्गम। इसका अर्थ है द्वितीयक बाजार में प्रवेश करने के बाद कलाकृति के स्वामित्व का इतिहास। यदि कलाकृति का पिछला मालिक कोई प्रसिद्ध संग्रहकर्ता था, तो यह जानकारी आगे बिक्री में निश्चित रूप से अनदेखी नहीं होती। यदि कलाकृति किसी संग्रहालय की है, तो उससे उसके मूल्य को अविश्वसनीय बढ़ोतरी मिलती है। इतना ही नहीं कि वे अधिकांश समय बाज़ार से बाहर रहती हैं। इसका प्रभाव उसकी दुर्लभता और मांग और आपूर्ति के तंत्र पर भी पड़ता है। किसी विशिष्ट कलाकार की जितनी अधिक कलाकृतियां सार्वजनिक संग्रहालयों में होंगी, उतनी ही कम कलाकृतियां बिक्री के लिए उपलब्ध होंगी, इसलिए, बिक्री के लिए ऐसी कृतियों का मूल्य उतना ही अधिक होगा। बाजार उन स्थितियों को भी ध्यान में रखता है जिनमें कलाकृति को संरक्षित किया गया है। इसका मूल्यांकन विशेषज्ञों द्वारा किया जाता है और यह अवधि तथा रुचि के अनुसार बदलता भी रहता है। फिर भी इसमें सर्वोपरि कारक कलाकृति की प्रामाणिकता होता है, जिसका तकनीकी रूप से मूल्यांकन किया जाता है। हालांकि विद्वान अपनी समीक्षाओं में व्यक्तिपरकता को हटा देते हैं और शैली तथा युग के कारकों से स्वतंत्र निर्णय देते हैं। किन्तु कला के मूल्य निर्धारण में उसका विषय भी कभी-कभी कीमत पर प्रभाव डालता है। ऐसा माना जाता है कि महिला विषय औसतन पुरुषों की तुलना में बेहतर बिकते हैं। बाजार कलाकार के नाम को भी अत्यधिक महत्व देता है। इसलिए बाज़ार में नाम पाने के लिए भी अनेक प्रपंच रचे जाते हैं। कला के बारे में बात करते समय यह सवाल भी उठ सकता है कि हमें इसकी परवाह क्यों करनी चाहिए? वर्तमान युग में कला को उन लोगों का स्वार्थी शगल भी मान कर खारिज भी किया जाता है जिनके पास बहुत अधिक समय है। यह भी कहा जाता है कि भारत में कला लोक मनोरंजन का हेतु नहीं रही बल्कि आत्मरंजन का सबब रही है। भारत ने ही दुनिया को बताया कि कला की कोई कीमत नहीं होती। कलाकार की कीमत लगाओ। कला और कलाकार का सम्मान करो। उनका दायित्व लो। भारतीय परंपरा कलाकारों को भेंट देने की रही है, टिकट लगा कर धंधा करने की नहीं।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# "धरती धोरां री...." अमर गीत के रचयिता कन्हैयालाल सेठिया

## जन्मदिन (11 सितम्बर) के अवसर पर विशेष



रावेल पुष्प

हमारा देश स्वतंत्रता से पूर्व कई रियासतों में बंटा हुआ था, उन्हीं में से लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने 1949 में कुछ रियासतों को मिलाकर बनाया था- राजस्थान!

अंग्रेजों ने इन क्षेत्रों का नाम राजपूताना दिया था लेकिन अंग्रेजी लेखक इतिहासकार कर्नल जेम्स टॉड ने एक ग्रंथ लिखा था- **'अनाल्स एंड एंटीक्विटीज आफ राजस्थान'**

जेम्स टॉड ने सबसे पहले इस क्षेत्र को राजस्थान के नाम से अलंकृत किया था और स्वाधीनता के बाद भी इस नाम को ही स्वीकृति मिली थी। जिस तरह जेम्स टॉड का नाम राजस्थान के साथ बड़े सम्मान से जुड़ा हुआ है, उसी तरह आज के राजस्थान के साथ जो नाम बड़े आदर से जुड़े हुए हैं उनमें से एक नाम है– कन्हैयालाल सेठिया! उनका जन्म भले ही 11 सितम्बर 1919 को राजस्थान में हुआ था, लेकिन प्रारंभिक शिक्षा इसी कोलकाता में हुई थी। 1942 में जब महात्मा गांधी का करो या मरो का नारा बुलंद हुआ था, तो वे भी देश सेवा में लग गए थे, भले ही इसके लिए उनकी पढ़ाई बाधित हो गई थी। उनके अंदर अंग्रेजी दासता से मुक्ति की आग बड़ी प्रबल थी। उन्हें लक्ष्मी के साथ सरस्वती का भी आशीर्वाद प्राप्त था और कविता के सारे गुण मौजूद थे तो उन्होंने काव्य पंक्तियों की झंकार से रच डाली - **अग्नि वीणा!**

अग्निवीणा की रचनाओं में स्वाधीनता की अलख जगाने के सारे तत्व मौजूद थे, जिसके कारण अंग्रेजी सरकार ने उन पर राजद्रोह का मुकदमा दायर कर दिया। स्वाधीनता के बाद राजस्थान सरकार ने उन्हें स्वतंत्रता सेनानी का दर्जा दिया लेकिन उन्होंने सरकार से किसी भी तरह का आर्थिक या फिर किसी किस्म का और लाभ नहीं लिया। उनके स्वतंत्रता संग्राम के दौरान लिखी कविताओं के लिए उन्हें युग- चारण कवि के रूप में पहचान मिली। उनकी अग्निवीणा से ही ऐसी एक रचना की बानगी देखें, जहां क्रांतिमय चेतना का उद्घाटन हुआ है। परिस्थितियों के परिवर्तन के लिए रणबाँकुरों को उन्होनें ललकारा है –

**किन घड़ियों में बैसुध सोये,**
**मारवाड़ के पूत,**
**पराधीन तुम देश तुम्हारा,**
**ओ बांके राजपूत।**
**अग्निवीणा झनझना दो**
**आज ताण्डव नृत्य होगा**
**हिल उठे प्राण कवि के**
**आज भीषण कृत्य होगा।**

सेठिया जी ने राजाशाही और अंग्रेजी हुकूमत के अन्याय, अत्याचार और शोषण के विरुद्ध में प्रतीकात्मक रूप में अपनी कविताओं और गीतों का सृजन किया। 'महामरण की बेला में' कविता में आज़ादी के प्रखर स्वर हैं। अंग्रेजों की दमन नीति के आगे भारतीय वीर घुटने टेकने वाले नहीं है। उन्हें देश की स्वतंत्रता के महा-रण में जेलें भी उनके उत्साह और गति को अवरुद्ध नहीं कर सकती।


**कफ़न बाँधकर आज खड़े हम**
**कातिल अपना बल अजमा लो**
**हम न हटेंगे एक कदम भी**
**चाहे जितने जुल्म ढहा लो**
**आज हमारी रग-रग में**
**महालय की बिजली दौड़ी**
**अब न अधिक अन्याय सहेंगे,**
**हमने युग की रासें मोड़ी।**
**( अग्निवीणा )**

गौरतलब है कि बंगाल के विद्रोही कवि नज़रुल इस्लाम की देशभक्ति पूर्ण रचनाओं का पहला संकलन भी अग्निवीणा के नाम से ही प्रकाशित हुआ था, जिसकी हुंकार भरी कविताओं के कारण उन्हें विद्रोही कवि के रूप में जाना पहचाना जाता है। उनकी विद्रोही कविता की कुछ आखिरी पंक्तियां यों थी –

**संघर्षों से थककर, मैं महान विद्रोही,**
**तभी शांति से विश्राम करूंगा जब मैं**
**आकाश और हवा को उत्पीड़ितों की करुण कराहों से मुक्त पाऊंगा।**
**जब युद्ध के मैदानों से खनकती खूनी तलवारें हट जाएंगी, तभी**
**संघर्षों से थककर, मैं शांति से विश्राम करूंगा,**
**मैं शाश्वत विद्रोही हूं,**
**मैं इस दुनिया से परे अपना सिर उठाता हूं और,**
**ऊँचा, सदैव सीधा और अकेला!**

कन्हैया लाल सेठिया जी की रचनाओं के 14 संकलन राजस्थानी में जहां प्रकाशित हुए, हिंदी में 18 और उर्दू में 2 संकलन प्रकाशित हैं। उनकी शुरुआत की राजस्थानी कविताओं में रमणीयां रा सोरठा माना जाता है। इसके अलावा नीमड़ो राजस्थानी की एक लघु पुस्तिका भी है। उनकी रचनाओं का देश की विभिन्न भाषाओं में तथा विदेशी भाषा में भी अनुवाद हो चुका है। उनकी 1962 चीन युद्ध के दौरान हिंदी कृति प्रतिबिंब का प्रकाशन हुआ तो फिर उसका अंग्रेजी अनुवाद भी हुआ, जिसकी भूमिका हरेन्द्रनाथ चट्टोपाध्याय ने लिखी थी। उनकी रचनाओं का चार खण्डों में संकलन कोलकाता के राजस्थान परिषद् ने जुगल किशोर जैथलिया जी के संपादन में निकाला था।

उन्हें मिलने वाले सम्मान और पुरस्कारों की फ़ेहरिस्त तो काफ़ी लंबी है, लेकिन फिर भी कुछ का जिक्र तो किया ही जा सकता है मसलन– राजस्थानी काव्य कृति लीलटांसपर साहित्य अकादमी नई दिल्ली द्वारा राजस्थानी भाषा की सर्वश्रेष्ठ कृति के रूप में पुरस्कृत, विवेक संस्थान कोलकाता द्वारा उत्कृष्ट साहित्य सृजन के लिए पूनम चंद्र भदोरिया सम्मान, हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग द्वारा साहित्य वचनस्पति की उपाधि, हिंदी काव्य कृति निर्गंध पर भारतीय ज्ञानपीठ नई दिल्ली द्वारा मूर्ति देवी साहित्य पुरस्कार, भारत सरकार द्वारा पद्मश्री से अलंकृत तथा साहित्यिक पत्रिका मधुमती द्वारा उन पर एक विशेषांक प्रकाशित किया गया। उनकी राजस्थानी की उत्कृष्ट कविताओं के लिए उन्हें कौन नहीं जानता, इसलिए उन्हें राजस्थानी का भीष्म पितामह भी कहा जाता है।



कन्हैयालाल सेठिया

किसी भी लेखक या कवि की कोई एक रचना उसकी पहचान बन जाती है और वो एक रचना ही उसे अमर कर देती है, जैसे 'उसने कहा था' कहानी के लिए गुलेरी जी, वंदे मातरम के लिए बंकिम चंद्र, सारे जहां से अच्छा के लिए इकबाल, उसी तरह धरती धोरां री कविता ने कन्हैयालाल सेठिया जी को अमरता ही प्रदान कर दी और इसकी पंक्तियां तो राजस्थान की पहचान बन गई हैं। धरती धोरां री की कुछ पंक्तियां काबिले- गौर हैं –

**धरती धोरां री,**
**आ तो सुरगां नै सरमावै,**
**ई पर देव रमण नै आवै,**
**ई रो जस नर नारी गावै,**
**धरती धोरां री!**
**सूरज कण कण नै चमकावै,**
**चन्दो इमरत रस बरसावै,**
**तारा निछरावळ कर ज्यावै,**
**धरती धोरां री !**
**काळा बादळिया घहरावै,**
**बिरखा घूघरिया घमकावै,**
**बिजळी डरती ओला खावै,**
**धरती धोरां री!**
**जिसका आखिरी बंद है-**
**ई रै सत री आण निभावां,**
**ई रै पत नै नही लजावां,**
**ई नै माथो भेंट चढ़ावां,**
**मायड़ कोड़ां री,**
**धरती धोरां री !**

श्री सेठिया जी का यह अमर गीत देश के कण-कण में गूंजने लगा, हर सभागार में धूम मचाने लगा, घर-घर में गाये जाने लगा। स्कूल-कॉलेजों के पाठ्यक्रमों में इनके लिखे गीत पढ़ाये जाने लगे, जिसने पढ़ा वह दंग रह गया, कुछ साहित्यकारों की संकुचित सोच को झटका लगा, जो यह मानते थे कि श्री कन्हैयालाल सेठिया सिर्फ राजस्थानी कवि हैं, इनके प्रकाशित काव्य संग्रह ने यह साबित कर दिखाया कि श्री सेठीया जी सिर्फ राजस्थान के ही नहीं पूरे देश के कवि हैं। सेठिया जी ने उस दौर में लेखकों को भी उद्देश्य परक रचनाओं का सृजन करने की प्रेरणा दी थी –

**रचना वा जिणमें दीखै**
**सिरजणिये री दीठ**
**नहीं सो बोझो संबंध रो**
**लद मत कागद पीठ**

युद्ध के समय सेठिया जी ने कवियों को ये सलाह भी दे डाली–

**भर न सकेगी आज देश में**
**कवि केवल कविताई**
**वाक् शूर अब बनना होगा**
**तुम्हें चंद बरदाई**
**एक हाथ में कलम**
**अपर में अब बंदूक संभालो**
**आप शब्द की तरह गोलियां**
**तुम सीसे में ढालो।**

प्रसिद्ध इतिहासकार डॉक्टर सुनीति कुमार चटर्जी ने राजस्थानी साहित्य पर अपनी एक महत्वपूर्ण टिप्पणी की थी–

राजस्थान माता की यदि मूर्ति बनाई जाए तो उसके एक हाथ में तलवार और दूसरे में वीणा देना उपयुक्त होगा। राजस्थान अपने वीरों की शूरता से जितना गौरवान्वित था, अपने साहित्य से उससे कहीं कम गौरवान्वित नहीं। विश्वकवि रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने राजस्थान के वीर रस से पगे कवित्त और दोहों को सुनकर राजस्थान रिसर्च सोसायटी के एक जलसे की सदारत करते हुए कहा था– राजस्थान ने अपने रक्त से जिस साहित्य का निर्माण किया है, उसके जोड़ का साहित्य और कहीं नहीं मिलता। कन्हैया लाल सेठिया का धरती धोरां री गीत तो राजस्थान का वंदना गीत बन चुका है और राजस्थान की समृद्ध साहित्यिक, सांस्कृतिक विरासत में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है और इसने देश-दुनिया में निःसंदेह अपना परचम तो लहराया ही है।

**–रावेल पुष्प,**
**वरिष्ठ पत्रकार**

# देवली में आधा दर्जन से अधिक जर्जर भवनों से हादसा होने की आशंका

## पालिका प्रशासन को जानकारी होने के बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है

**देवली,** (निसं)। देवली में आधा दर्जन से अधिक जर्जर भवन हादसों को न्यौता दे रहे हैं। पालिका प्रशासन को जानकारी होने के बाद भी प्रशासन इस और ध्यान नहीं दे रहा है। शहर में कई दशकों से निजी भवन जर्जर एवं खंडहर अवस्था में तब्दील हो चुके हैं। इन दिनों हो रही लगातार बारिश के बीच यह जर्जर खंडहर भवन घनी आबादी के बीच खड़े हुए आमजन के लिए खतरे को न्योता दे रहे हैं। वहीं जर्जर अवस्था में पड़े भवनों के करीब रहने वाले लोगों के बीच हमेशा खतरा मंडराता रहता है।

ऐसे भवनों के इर्द-गिर्द रहने वाले लोगों से जानकारी मिली है कि शहर में लगभग आधा दर्जन से ऊपर भवन जर्जर खंडहर अवस्था में पड़े हैं। इनमें देखरेख और मरम्मत का अभाव बना हुआ है। यह कभी भी आमजन को गंभीर चोट पहुंचा सकते हैं। ऐसे ही हालात अभी हाल ही में एक सप्ताह पहले वार्ड नंबर 6 में देखे गए थे। यहां दो बड़े भवन जहाजपुर वाले शंकरलाल और सेठ बालूराम के मकान के नाम से प्रसिद्ध है, जो बुरी तरह खंडहर में तब्दील जर्जर अवस्था में है। इनमें से जहाजपुर वाले शंकर लाल का क्षतिग्रस्त भवन अभी हाल ही में 15 दिन पहले संध्याकाल के समय धरधराकर माल मोहल्ला गली में गिर गया था। गनीमत रही कि उक्त दौरान किसी को कोई जान माल का नुकसान नहीं पहुंचा। इसी प्रकार एक सप्ताह पहले सेठ बालू राम के जर्जर मकान (डूंडा) का एक हिस्सा बारिश के कारण वार्ड नंबर 6 के खटीक मौहल्ले के मार्ग पर आकर गिर गया था। यहां भी उक्त हादसे से मौजूदा लोग बाल-बाल बच गए थे। लोगों ने बताया कि घटना कि सूचना पालिका प्रशासन को पहुंचाई गई थी लेकिन फिर भी पालिका प्रशासन ऐसे हालातों के प्रति सक्रिय नहीं हो सका। तभी से आज तक पड़ोस में रहने वालों के बीच उक्त भवन को लेकर भय बना हुआ है।



**देवली शहर के बीचों-बीच जर्जर अवस्था में खड़े भवन हादसे को न्यौता दे रहे हैं।**

बावजूद इसके पालिका प्रशासन ने उक्त जर्जर अवस्था में पड़े मकान मालिक को कब सूचित किया या नोटिस जारी किया, इस जानकारी का अभाव भी बना हुआ है। ऐसे खंडहर जर्जर भवनों पर चर्चाओं के बीच जानकारी यह भी सामने आई है कि उक्त खंडहर भवनों में से सेठ बालूराम नामक भवन का बेचान हो कर नामांतरण नितिन प्रतिहार अभिषेक मंगल के नाम पर पालिका में इंद्राज होना बताया जा रहा है।

इसी प्रकार छतरी चौराहे पर भी बी बी एस फर्म का एक भवन जर्जर अवस्था में खड़ा हुआ है, जो मुख्य मार्ग से निकलने वाले राहगीरों को कभी भी गंभीर हादसे का शिकार बना सकता है। इसके अलावा शहर में अन्य स्थानों पर भी ऐसे कई भवन जर्जर और खंडहर अवस्था में खडे होकर गंभीर दुर्घटना को न्योता दे रहे हैं। जब पालिका अधिशासी अधिकारी पवन कुमार शर्मा से बात करने के लिए फोन लगाया तो उन्होंने फोन को रिसीव नहीं किया।

मनोज कुमार मीणा, उपखंड अधिकारी, देवली का कहना है कि पालिका अधिशासी अधिकारी को फोन रिसीव करना चाहिए। इस मामले में बात करते हैं। शहर में खंडहर एवं जर्जर अवस्था के भवनों पर पालिका से नियम अनुसार कार्यवाही कार्रवाई जाएगी।

# पिंजरे में कैद हुआ लेपर्ड


डूंगरपुर, (निसं)। आंतरी वन क्षेत्र के बोरखेड़ गांव में एक लेपर्ड पिंजरे में कैद हो गया। लेपर्ड दो दिन पहले बकरी के शिकार के बाद उसे खाने के लिए आया था और पिंजरे में फंस गया। लेपर्ड के रेस्क्यू के बाद गांव के लोग इकट्ठे हो गए। वन विभाग की टीम ने लेपर्ड को रेस्क्यू कर वापस सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ दिया।

आंतरी वन क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से लेपर्ड दिखाई देने के बाद लोग डर के जी रहे थे। पारडा मेहता पंचायत के बोरखेड़ गांव में दो दिन पहले राजमल परमार के घर के बाहर बंधी बकरी को

- **लेपर्ड दो दिन पहले बकरी के शिकार के बाद उसे खाने के लिए आया था**

लेपर्ड उठा ले गया था। ग्रामीणों ने बकरी को लेपर्ड के शिकंजे से छुड़ाने के लिए पीछा भी किया, लेकिन लोग उसे नहीं ढूंढ पाए। सूचना पर वन विभाग की टीम आंतरी फॉरेस्ट रेंज से पहुंची थी और तलाशी अभियान के दौरान राजमल के घर से कुछ दूर बकरी का शव पड़ा मिला था। गांव में लेपर्ड के घूमने से लोग डरे हुए थे। ऐसे में कोई भी जंगल की ओर नहीं जा रहा था। वहीं, ग्रामीण अपने पशु भी रात को घरों में बांध रहे थे। ग्रामीणों के डर को देखते हुए वन विभाग ने गांव में ही एक पिंजरा लगाया था और उसमें मृत बकरी का शव रख दिया था। देर रात लेपर्ड बकरी के शव को खाने की कोशिश में पिंजरे में कैद हो गया। इसके बाद उसके दहाड़ने की आवाज आने लगी, लेकिन डर के कारण रात को कोई भी घर से बाहर नहीं निकला। ग्रामीणों ने मंगलवार सुबह वन विभाग को लेपर्ड के पिंजरे में कैद होने की सूचना दी। सूचना पर वन विभाग की टीम भी पहुंची और पिंजरे को लेकर रवाना हो गई। लेपर्ड को वन क्षेत्र में छोड़ दिया गया।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 11 सितम्बर, 2024**

भाद्रपद मास, शुक्ल पक्ष, अष्टमी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2081, ज्येष्ठा नक्षत्र रात्रि 9:22 तक, प्रीति योग रात्रि 11:55 तक, विष्टि करण दिन 11:29 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 9:22 से धनु राशि में संचार करेगा।

ग्रह स्थिति: सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-वृश्चिक, मंगल-मिथुन, बुध-सिंह, गुरू-वृष, शुक्र-कन्या, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज यमघट योग रात्रि 9:22 से सूर्योदय तक है। रवियोग रात्रि 9:22 से आरम्भ होंगे। भद्रा दिन 11:29 तक रहेगी। आज दुर्गाष्टमी, राधाष्टमी, श्री दाधीच जयन्ती और महालक्ष्मी व्रत आरम्भ होंगे।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:19 तक, शुभ 10:31 से 12:24 तक, चर 3:28 से 5:00 तक, लाभ 5:00 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 6:14, सूर्यास्त 6:33

**मेष**
परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में वाद-विवाद बढ़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**मिथुन**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक यात्रा संभव है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।

**कर्क**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। आवश्यक कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**सिंह**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। परिवार में आपसी मतभेद बढ़ सकते हैं। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**कन्या**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**तुला**
आर्थिक/वित्तिय मामलों में संतुलन बना रहेगा। आर्थिक कारणों से अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। व्यक्तिगत कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यावसायिक योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
आज अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। अनावश्यक धन खर्च होगा। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा।

**मकर**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी।

**मीन**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

# जिले में सोलर पार्क विकास से जुड़े कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से करें : गजेन्द्र सिंह

■ जिला प्रभारी मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की



बीकानेर कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की बैठक को प्रभारी मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने संबोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। चिकित्सा मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन सहित विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा की।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं और बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रत्येक अधिकारी इसकी गंभीरता समझते हुए पूर्ण जिम्मेदारी से कार्य करें। प्रत्येक घोषणा का समयबद्ध कार्यक्रम निर्धारित करते हुए शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। जिला स्तर पर इन घोषणाओं की नियमित मॉनिटरिंग हो। आवश्यकता के अनुसार उच्च स्तर पर भी समन्वय रखा जाए।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिले में सोलर पार्क विकास से जुड़े कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से करें। इससे जिले में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने मातृ वन की स्थापना की प्रगति जानी और कहा कि मातृ वन में पौधारोपण के प्रति अधिक से अधिक जागरूकता लाएं। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जन सहयोग से मातृ वन विकसित किए जाएं। ऐसे पौधे लगाएं जो इस क्लाइमेट के अनुकूल हों। प्रभारी मंत्री जिले से संबंधित 90 घोषणाओं की विभागवार समीक्षा की और प्रत्येक घोषणा की स्थिति के बारे में जाना। उन्होंने बजट घोषणाओं से संबंधित भूमि आवंटन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए जिससे क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घोषणा के क्रियान्वयन को नियमित फॉलो किया जाए।

प्रभारी मंत्री ने जिला अस्पताल के उन्नयन इंजीनियरिंग कॉलेज को राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के रूप में विकसित करनेए ई.बस संचालन के लिए टर्मिनल निर्माण वन डिस्ट्रिक्ट वन स्पोर्ट्स बालिका सैनिक स्कूल वेद महाविद्यालय और स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना एंटी रोमियो स्क्वायड के गठन और नए आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्थापना सहित अन्य घोषणाओं की प्रगति जानी।

चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह ने कहा कि मानसून के बाद सड़क बनाने और मरम्मत के कार्य प्राथमिकता से किए जाएं। रामपुरा आरयूबी और लालगढ़ क्षेत्र में बन रहे आरओबी निर्माण की स्थिति जानी और इन कार्यों को कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि गत दिनों हुई बरसात का तहसीलवार आंकड़ा उपलब्ध करवाया जाए। साथ ही बरसात के कारण सड़कों, स्कूलों, अस्पतालों, कैनाल और घरों आदि को हुए नुकसान की रिपोर्ट दी जाए। साथ ही गिरदावरी रिपोर्ट भी उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। जिससे नियमानुसार सहायता राशि उपलब्ध करवाई जा सके। उन्होंने जिले में उद्घाटन और लोकार्पण योग्य कार्यों की जानकारी ली और बताया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में स्कूल, कॉलेज, अस्पताल और प्रशासनिक कार्यालयों से जुड़े कार्यों के लिए तीन-तीन करोड रूपए स्वीकृत किए गए हैं।

संबंधित विधायक के माध्यम से इनकी अभिशंषा करवाई जाए। उन्होंने 17 सितम्बर को होने वाले रोजगार उत्सव की तैयारी के बारे में जाना और कहा कि इसका आयोजन वृहद स्तर पर किया जाए।

खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल ने कहा कि सीमांत क्षेत्र से जुड़ी बजट घोषणाओं की विशेष मॉनिटरिंग की जाए। जिससे स्थानीय लोगों को इनका अधिक से अधिक लाभ मिले। उन्होंने नहरी तंत्र सुदृढ़ीकरण से जुड़े कार्यों के बारे में जाना।

विधायक सिद्धि कुमारी ने गंदे पानी के निस्तारण से जुड़ी डीपीआर शीघ्र बनाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन द्वारा रोड सेफ्टी से जुड़ा अभियान वृहद स्तर पर चलाया जाए। विधायक जेठानंद व्यास ने मुरलीधर व्यास कॉलोनी के बालिका महाविद्यालय के लिए भूमि आवंटन, रीको क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं की वृद्धि करने, शहरी क्षेत्र में के सार्वजनिक उद्यान में पौधे लगाने के अलावा गंगाशहर पुलिस वृत्ताधिकारी कार्यालय के लिए जमीन आवंटन शीघ्र करने के लिए कहा।

जिला कलेक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि ने विभागवार प्रगति के बारे में बताया।

## एल.एल.बी. फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षाएं फरवरी से पहले नहीं

**बीकानेर,**(कासं)। एजुकेशन रिपोर्टर बीकानेर राज्य के 15 गवर्नमेंट लॉ कॉलेजों में एलएलबी प्रथम वर्ष की फर्स्ट सेमेस्टर परीक्षाएं फरवरी से पहले करवाना संभव नहीं होगा।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर लॉ यूनिवर्सिटी ने शिक्षा सत्र 2024-25 से एलएलबी वर्षीय कोर्स में सेमेस्टर प्रणाली को लागू कर दिया है। यूनिवर्सिटी की ओर से जारी किए गए सिलेबस के मुताबिक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं दिसम्बर में प्रस्तावित हैं। लेकिन बीकानेर सहित राज्य के 15 सरकारी विधि कॉलेज में 10 सितम्बर तक प्रवेश की प्रक्रिया ही शुरू नहीं हो पाई है। कॉलेज की ओर से यदि सितम्बर माह में भी प्रवेश की प्रक्रिया पूरी कर ली जाती है तो भी फरवरी से पहले फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा करना संभव नहीं होगा। सेमेस्टर प्रणाली के तहत 90 दिन की कक्षाएं पूरी होने के बाद ही फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षाएं आयोजित कराने का प्रावधान है। राज्य के सरकारी लॉ कॉलेजों को बार काउंसिल आफ इंडिया की ओर से अनुमति नहीं मिलने के कारण अभी तक प्रवेश शुरू नहीं हुए हैं। उधर डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय ने प्रवेश की अंतिम तिथि 30 सितम्बर निर्धारित की है। यदि बीसीआई की अनुमति इसी सप्ताह मिल जाती है तो भी कॉलेजों को कम से कम एक महीना लगेगा प्रवेश प्रक्रिया को पूरा करने में। ऐसे में विश्वविद्यालय की ओर से निर्धारित अंतिम तिथि तक प्रवेश प्रक्रिया संपन्न होना संभव नजर नहीं आ रहा है। एलएलबी तीन वर्षीय पाठ्यक्रम में दाखिला लेने वाले स्टूडेंट का अब लिखित परीक्षा के साथ-साथ इंटरनल असेसमेंट भी होगा।

## सार-समाचार

### 'नाज़नीन सियासत' का विमोचन



कवयित्री मुक्ता तैलंग के हिन्दी गजल संग्रह 'नाज़नीन सियासत' का विमोचन वरिष्ठ साहित्यकार राजेन्द्र जोशी ने किया।

**बीकानेर,** (कासं)। कवयित्री मुक्ता तैलंग ने अपनी गजलों में कलात्मक पक्ष की बजाय कथ्य को अधिक महत्व दिया है। इसी कारण वह अपनी बात पाठकों तक पहुंचाने में कामयाब रही है। लेखिका का मकसद समाज की विद्रूपताओं को सामने लाते हुए इन्हें दूर करने की जागरूकता लाना है। मुक्ति संस्थान द्वारा मंगलवार को सूचना केन्द्र में कवयित्री मुक्ता तैलंग मुक्त के हिन्दी गजल संग्रह नाज़नीन सियासत के विमोचन के दौरान वक्ताओं ने यह बात कही। समारोह के मुख्य अतिथि कवि-कथाकार राजेन्द्र जोशी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी डॉ. नरेश गोयल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में साहित्यकार राजाराम स्वर्णकार मौजूद थे। पत्रवाचन हरिशंकर आचार्य ने किया। मुख्य अतिथि राजेन्द्र जोशी ने कहा कि मुक्ता तैलंग ने जैसा देखा, वैसा लिखा है। उनकी रचनाओं में शब्दों की भूलभुलैया नहीं है। वह सीधा आईना दिखाने में विश्वास करती हैं। सच को सच लिखना बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य है। साफबयानी उनकी रचनाओं की सबसे बड़ी खूबी है। विशिष्ट अतिथि राजाराम स्वर्णकार ने कहा कि सियासत जैसे संवेदनशील विषय पर कलम चलाना बड़ी जोखिम होती है। लेकिन तैलंग ने इसे बखूबी निभाया है। उनकी गजलों में विषय की दृष्टि से विविधता है तथा प्रत्येक रचना में एक संदेश उभर कर आया है। अध्यक्षता करते हुए नरेश गोयल ने कहा कि मुक्ता तैलंग ने बीकानेर की लेखन परंपरा को आगे बढ़ाया है। उनकी रचनाओं में संवेदनाएं हैं। दरकते रिश्तों की कहानी है। वे अपनी रचनाओं में पाठकों के लिए कई सवाल रखती हैं और इनका जवाब भी चाहती है। पुस्तक पर पत्र वाचन करते हुए हरिशंकर आचार्य ने कहा कि नाज़नीन सियासत की 108 गजलें समाज को आईना दिखाती हैं। उन्होंने कहा कि तैलंग ने हिंदी गजल लेखन को नई पहचान दिलाई है। उनके लेखन में पुस्तक दर पुस्तक परिपक्वता आई है। इससे पहले अतिथियों ने पुस्तक का विमोचन किया।

## बाट, माप सत्यापन शिविर 11-12 को

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। विधिक माप विज्ञान अधिनियम 2009 एवं इनके अन्तर्गत बने नियमों के तहत यदि किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था बाट, माप, तोलने के यंत्रों या मापक यंत्रों का उपयोग करता है, तो उन्हें सत्यापन एवं मुद्रांकन के बाद ही उपयोग में लिया जा सकता है।

ऐसे बाट, माप इत्यादि का निश्चित समय अन्तराल पुनः सत्यापन व मुद्रांकन करवाया जाना अनिवार्य है। इसके अभाव में असत्यापित बाट, माप का उपयोग करना दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है। विधिक माप विज्ञान अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने बताया कि बाट, माप, तोलने के यंत्रों या मापक यंत्रों के सत्यापन/पुनः सत्यापन हेतु विभाग द्वारा शिविर का आयोजन सादुलशहर, लालगढ़ में 11 से 12 सितम्बर तक किया जायेगा। इसमें सभी बाट, माप, तोलने के यंत्रों का सत्यापन करा सकते हैं।

## छात्राओं से छेड़छाड़ मामले में एक शिक्षक निलंबित व दो ए.पी.ओ.

■ तीनों अध्यापक मेडिकल अवकाश लेकर चले गए

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। घमंडिया गांव 54 एलएनपी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं से छेड़छाड़ व दुर्व्यवहार मामले में शिक्षा विभाग ने शिक्षक रामकिशन स्वामी को निलंबित कर दिया। दो शिक्षकों सोमदत्त व सुमेर सिंह मीणा को एपीओ किया है। उसके बाद ग्रामीणों व अभिभावकों का धरना समाप्त हो गया।

शिक्षा निदेशालय से आदेश जारी होने के बाद ग्रामीणों ने तीसरे दिन सोमवार शाम 5 बजे स्कूल गेट का ताला खोलकर धरना समाप्त कर दिया। इनमें रामकिशन स्वामी पर छात्राओं से कई बार छेड़छाड़ करने और सोमदत्त पर पूर्व में छेड़छाड़ व दुर्व्यवहार करने की शिकायत है। वहीं सुमेरसिंह मीणा पर स्कूल में नशे की हालत में पाये जाने के आरोप हैं। स्कूल की 7 छात्राओं ने अध्यापक रामकिशन स्वामी के खिलाफ प्रधानाचार्या को लिखित शिकायत कर छेड़छाड़ व दुर्व्यवहार के आरोप लगाए थे।

संयुक्त निदेशक शिक्षा विभाग बीकानेर ने रामकिशन अध्यापक के खिलाफ बैड टच व छात्रा का हाथ पकड़ने के मामले की जांच विचाराधीन रखते हुए उसे तुरंत प्रभाव से निलंबित कर पांचू बीकानेर में उपस्थिति दर्ज करवाने के आदेश दिए हैं। सोमदत्त को संयुक्त निदेशक मुख्यालय बीकानेर में उपस्थिति दर्ज करवाने के आदेश दिए हैं।

तृतीय श्रेणी अध्यापक सुमेर सिंह मीणा हाल ही में श्रीगंगानगर निवास कर रहा है। यह मूल रूप से झुंझुनूं क्षेत्र का निवासी बताया गया है। सुमेर सिंह मीणा पर स्कूल समय में नशे का सेवन करने का आरोप है। उसे एपीओ कर श्रीगंगानगर मुख्यालय पर उपस्थिति दर्ज करवाने के आदेश दिए हैं। तीनों अध्यापक मेडिकल अवकाश लेकर चले गए।

तीसरे दिन ग्रामीणों ने स्कूल गेट के तालाबंदी कर धरना स्थल पर टैंट के नीचे कक्षाएं शुरू करवाई। शिक्षकों को स्कूल में प्रवेश नहीं करने दिया। सुबह 8 बजे पदमपुर के सीबीईओ हरबंस सिंह संधू, एसीबीईओ कुलवीर सिंह व जांच कमेटी सदस्य 83 एलएनपी सरकारी स्कूल के प्रधानाचार्य रायसाहब बिश्नोई व रिड़मलसर बालिका सरकारी स्कूल की प्रधानाचार्या रूचि रानी मौके पर पहुंचे। सीबीईओ ने ग्रामीणों से गेट का ताला खोलने व कमरों में विद्यार्थियों की कक्षाएं लगवाने के लिए समझाइश की लेकिन ग्रामीण नहीं माने।

## शाला परिसर व कक्षा कक्षों की सफाई

**नोखा,** (कासं)। नोखा में राजकीय बालिका उ.मा.वि. सुथारों का बास में आज राष्ट्रीय सेवा योजना -2 इकाई के अंतर्गत एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ संस्था प्रधान संतोष चौधरी ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी कमलजीत कौर के नेतृत्व में अनेक रचनात्मक एवं क्रियात्मक गतिविधियों स्वयं सेविकाओं के द्वारा की गई। स्वयं सेविकाओं ने शाला परिसर की स्वच्छता कक्षा कक्षों की सफाई के साथ मिट्टी के गमलों पर रंग रोगन करके उन पर चित्रकारी का कार्य किया।

स्वयं सेविकाओं की एक टीम द्वारा स्कूल में बनाये गए साईकिल स्टैंड की साफ-सफाई कर पत्थर झाड़ियां व कांटे हटाकर उसे दुरुस्त किया गया। कल्पना चौधरी ने छात्राओं का स्वच्छता कार्यक्रम में सहयोग किया।

## भाजपा की जिला प्रमुख मनोनीत करने का विरोध

■ कांग्रेस के 27 मैम्बर होने के बाद भी भाजपा की सदस्य को जिला प्रमुख मनोनीत किया

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। श्रीगंगानगर में जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक मंगलवार को परिषद सभागार में हुई। कांग्रेस के कई सदस्यों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया।

इन लोगों का कहना था कि जिला परिषद में कांग्रेस का पूर्ण बहुमत है। कुल 31 जोन में से 27 में कांग्रेस के सदस्य हैं। इसके बावजूद राज्य सरकार ने भाजपा की जोन नंबर 10 से चुनी गई सदस्य कविता रैगर को जिला प्रमुख मनोनीत कर दिया गया। पूर्व जिला प्रमुख कुलदीप इंदौरा ने सांसद निर्वाचित होने के बाद पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद से जिला प्रमुख का पद खाली था।

इस पर राज्य सरकार ने सूरतगढ़ के जोन 10 की सदस्य कविता रैगर को जिला प्रमुख मनोनीत कर दिया था। विरोध जताने वाले सदस्यों का कहना था कि कांग्रेस के 27 मैम्बर होने के बाद भी भाजपा की सदस्य को जिला प्रमुख मनोनीत करना गलत है। बैठक में रत्तेवाला के स्कूल में धरना लगा होने का मामला उठा। विधायक रूपिंद्र कुन्नर ने इस मामले पर अधिकारियों से जानकारी मांगी।

## दीवार से फंदा लगा जान दी

**बीकानेर,**(कासं)। शहर के बीछवाल थाना क्षेत्र में सड़क किनारे शव मिलने की सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि गंगानगर चौराहे से गंगानगर चौराहे से मात्र 500 मीटर की दूरी पर अज्ञात युवक ने वेटरनरी कॉलेज की दीवार से फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

घटना की सूचना मिलते ही बीछवाल पुलिस थाने के हैड कांस्टेबल किशन सिंह मौके पर पहुंचे ओर शव को खादिम खिदमगार सोसायटी व असहाय सेवा संस्थान के सेवादारों की मदद से मोर्चरी में रखवाया है। किशन सिंह ने बताया कि प्रथमदृष्ट्या शव भिखारी प्रवृति के व्यक्ति का है। जिसके पास से किसी भी प्रकार का न तो कोई दस्तावेज मिला है और न ही सुसाइड नोट। ऐसे में फिलहाल व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है।

## 24 घंटे में दो मकानों से लाखों के जेवर चोरी

**बीकानेर,** (कासं)। शहर के सदर थाना इलाके में 24 घंटे के अन्तराल में दो मकानों में अज्ञात चोरों ने सेंधमारी करते हुए लाखों रूपये के माल पर हाथ साफ कर गए। जिसकी एफआईआर आज दर्ज हुई है।

जानकारी मिली है कि चौखूंटी क्षेत्र में स्थित स्वामियों के मोहल्ले में चंद्रशेखर शर्मा के घर पर चोरी हो गई। चंद्रशेखर ने पुलिस को रिपोर्ट दी है कि 9 सितम्बर को रात को चोर उनके घर में घुसे। चोरी का आज सुबह पता चला। चोर सोने की चैन पंद्रह ग्राम की, सोने का लॉकेट पांच ग्राम, सोने की कनौती दस ग्राम, कान के झुमके चार जोड़ी करीब तीस ग्राम के, नाक की बाली चार ग्राम, अंगूठी पंद्रह ग्राम और मंगलसूत्र चोरी कर ले गए।

सदर थाना पुलिस ने आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले है। वहीं लक्ष्मी विहार कॉलोनी निवासी कृष्ण विश्नोई के घर में भी चोरों ने ताले तोड़कर घर में रखा सामान, पंखे आदि चुरा लिए है। परिवादी विश्नोई ने बताया कि आठ सितम्बर की रात वे परिवार के साथ कहीं गये हुए थे कि चोरों ने घर के सभी ताले तोड़कर चोरी कर ली। छतरगढ़ में चोर ने घर में घुसकर 45 हजार चार सौ रूपए चोरी कर लिए। जियावाली गांव में हुई इस चोरी में नगदी के अलावा सोने-चांदी के जेवर भी चोर ले गए। इसमें तीन सोने की मूर्ति, दो लॉकेट, करीब पचपन ग्राम की दो अंगूठी, चांदी के आभूषण में दो कड़े, दो पायजेब, चांदी के सिक्के भी चोर ले गए।

# 'सदस्यता अभियान संगठन का महापर्व, प्रत्येक कार्यकर्ता की इसमें भागीदारी रहेगी'

■ प्रत्येक बूथ पर 200 व्यक्ति की सदस्यता की जायेगी



भाजपा संभाग कार्यालय बीकानेर में सदस्यता अभियान को लेकर प्रभारी ओ. पी. महेन्द्रा ने बैठक को संबोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। भारतीय जनता पार्टी शहर जिला कार्यालय में भाजपा शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य की अध्यक्षता में सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा मंडल, मोर्चा, प्रकोष्ठ प्रभारियों व पदाधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें मुख्य वक्ता सदस्यता अभियान बीकानेर शहर प्रभारी ओ.पी. महेन्द्रा ने विस्तार से अभियान की जानकारी दी।

ओ.पी. महेन्द्रा ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर ज्यादा से ज्यादा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा कर सदस्य बनाने हैं जहां ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन संभव नहीं होगा तो फॉर्म के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करवाए जायेंगे। 11 से 17 सितम्बर तक महा सदस्यता अभियान की शुरूआत की जायेगी। जिसमें सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से जनसंपर्क करेंगे। हमें आमजन को भाजपा की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी देने की जरूरत है अधिकाधिक स्वैच्छिक सदस्यता ही हमारा लक्ष्य है। प्रत्येक बूथ पर कम से कम 200 व्यक्ति की सदस्यता की जायेगी। प्रथम चरण में सदस्य बन चुके लोगों को साथ ले जाकर घर-घर सदस्यता दिलाई जायेगी। दूसरे चरण में सामूहिक रूप से बाजार, पार्क, कॉलेज, बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन समेत अन्य सार्वजनिक जगहों पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाए जायेंगे। शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य ने कहा हमें प्रदेश नेतृत्व द्वारा जो भी संख्या निर्धारित की गई है। हम हमारे जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्षों, कार्यकर्ताओं के सहयोग से उससे कहीं ज्यादा सदस्य बीकानेर शहर से बनायेंगे। जिसको लेकर जिला, मंडल, मोर्चा, प्रकोष्ठ के प्रभारी नियुक्त कर दिए गए है और सदस्यता अभियान का कार्य तेज गति से चल रहा है। आज की बैठक में सदस्यता अभियान के जिला संयोजक श्यामसुंदर चौधरी ने सदस्यता अभियान की जानकारी दी।


### कार्यालय ग्राम पंचायत जेगला पन्ना दरोगा पंचायत समिति, पांचू(बीकानेर)

क्रमांक:-ई-निविदा/2024-25/151 दिनांक:-

(ई-निविदा सूचना01/2024-25)

मनरेगा योजना में समस्त कार्यों में प्रयुक्त होने वाली निर्माण सामग्रियों यथा ईंट, सीमेन्ट, बजरी, क्रेशर(गिट्टी), पट्टी, लोहा, ग्रेवल दरवाजे, खिड़कियां रंग, पेन्ट, किराये पर डीजल रोड़ रोलर, मिक्सर, ग्राइंडर एवं अन्य निर्माण कार्य समग्रियों की आवश्यकता सम्भावित है। विभिन्न सामग्री का विस्तृत विवरण संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय पंचायत समिति कार्यालय में एवं sppp.raj.nic.in& http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। उक्त सामग्री की आपूर्ति हेतु वाणिज्य कर विभाग में राजस्थान वेट अधिनियम 2003 के अंतर्गत पंजीकृत फर्मों व जी.एस.टी. में पंजीकृत फर्मों से ग्राम पंचायत जेगला पन्ना दरोगा पंचायत समिति, पांचू द्वारा निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा शुल्क | प्रोसेसिंग शुल्क | अवधि | कार्यकारी एजेन्सी का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा योजना में समस्त कार्यों में प्रयुक्त होने वाली निर्माण सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत जेगला पन्ना दरोगा | 41.00 लाख | 82000 रू. | 500 रू. | 500 रू. | 1 वर्ष | ग्राम पंचायत जेगला पन्ना दरोगा |

उक्त निविदा प्रपत्रों का वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। इन निविदाओं में भाग लेने वाले संवेदक द्वारा इलेक्ट्रॉनिक फोरमेट से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर निर्धारित दिनांक तक निविदा हेतु आवश्यक समस्त दस्तावेज अपलोड किये जा सकत है।

| | |
|---|---|
| Publishing date& Time | |
| Bid document downloading start date & time | 09/09/2024,11.00AM |
| Pre-bid metting venue date& time | - |
| Website for downloading tender document | http//eproc.rajasthan.go.in |
| Tender document submission start date& time | 09/09/2024,11.00Am |
| Tender document download end date& time | 19/09/2024,06.00PM |
| Tender document Office submission end date &time | 20/09/2024,11.00AM |
| Tender opening date& time | 20/09/2024m,3.00PM |
| Bid validity period | 30days form date of submission |

नोट:-प्रोसेसिंग फीसMDRISL,JAIPUR के नाम व निविदा शुल्क और अमानत राशि सरपंचा ग्राम पंचायत जेगला पन्ना दरोगा के नाम से देय होनी चाहिये। अन्य शर्ते व अन्य नियम व विवरण वेबसाईट व ग्राम पंचायत कार्यालय में कार्यालय समय में देखे जा सकते है तथा डिमान्ड ड्राफ्ट/निविदा संबंधि प्रपत्र संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में निर्धारित तिथी को निश्चित समय तक पहुंचाने पर ही निविदा खोली जायेगी।

ग्राम विकास अधिकारी — सरपंच

ग्राम पंचायत जेगला पन्ना दरोगा — ग्राम पंचायत जेगला पन्ना दरोगा

### कार्यालय ग्राम पंचायत जेगला पन्ना दरोगा पंचायत समिति, पांचू(बीकानेर)

क्रमांक:-ई-निविदा/2024-25/152 दिनांक:-

(ई-निविदा सूचना2/2024-25)

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज की समस्त योजनाओं के कार्यों के लिए निर्माण सामग्रियों यथा ईंट, सीमेन्ट, बजरी, क्रेशर(गिट्टी), पट्टी, लोहा, ग्रेवल दरवाजे, खिड़कियां रंग, पेन्ट, किराये पर डीजल रोड़ रोलर, मिक्सर, ग्राइंडर एवं अन्य निर्माण कार्य सामग्रियों की आवश्यकता सम्भावित है। विभिन्न सामग्री का विस्तृत विवरण संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय पंचायत समिति कार्यालय में एवं sppp.raj.nic.in& http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। उक्त सामग्री की आपूर्ति हेतु वाणिज्य कर विभाग में राजस्थान वेट अधिनियम 2003 के अंतर्गत पंजीकृत फर्मों व जी.एस.टी. में पंजीकृत फर्मों से ग्राम पंचायत जेगला पन्ना दरोगा पंचायत समिति, पांचू द्वारा निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा शुल्क | प्रोसेसिंग शुल्क | अवधि | कार्यकारी एजेन्सी का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज की समस्त योजनाओं के कार्यों के लिए निर्माण सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत जेगला पन्ना दरोगा | 49.97 लाख | 99940 | 500 रू. | 500 रू. | 1 वर्ष | ग्राम पंचायत जेगला पन्ना दरोगा |

उक्त निविदा प्रपत्रों का वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। इन निविदाओं में भाग लेने वाले संवेदक द्वारा इलेक्ट्रॉनिक फोरमेट से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर निर्धारित दिनांक तक निविदा हेतु आवश्यक समस्त दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं

| | |
|---|---|
| Publishing date& Time | 09/09/2024 |
| Bid document downloading start date & time | 09/09/2024,11.00AM |
| Pre-bid metting venue date& time | - |
| Website for downloading tender document | http//eproc.rajasthan.go.in |
| Tender document submission start date& time | 09/09/2024,11.00Am |
| Tender document download end date& time | 19/09/2024,06.00PM |
| Tender document Office submission end date &time | 20/09/2024,11.00AM |
| Tender opening date& time | 20/09/2024,3.00PM |
| Bid validity period | 30days form date of submission |

नोट:-प्रोसेसिंग फीस MDRISL,JAIPUR के नाम से व निविदा शुल्क और अमानत राशि सरपंच ग्राम पंचायत जेगला पन्ना दरोगा के नाम से देय होनी चाहिये। अन्य शर्ते व अन्य नियम व विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर sppp.raj.nic.in व ग्राम पंचायत कार्यालय में कार्यालय समय में देखे जा सकते है तथा डिमान्ड ड्राफ्ट/निविदा संबंधि प्रपत्र संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में निर्धारित तिथी को निश्चित समय तक पहुंचाने पर ही निविदा खोली जायेगी।

ग्राम विकास अधिकारी — सरपंच

ग्राम पंचायत जेगला पन्ना दरोगा — ग्राम पंचायत जेगला पन्ना दरोगा

# अजमेर में फिर से तेज बारिश, कई कॉलोनियां जलमग्न

## तेज बारिश के बाद स्मार्ट सिटी अजमेर की जानमाल की सुरक्षा का पूरा जिम्मा अब रेत के कट्टों के भरोसे

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर शहर में तीन दिन बाद मंगलवार को फिर से हुई तेज बारिश के बाद स्मार्ट सिटी अजमेर की जानमाल की सुरक्षा का पूरा जिम्मा अब रेत से भरे कट्टों पर आ गया है, लेकिन बरसात इतनी तेज थी कि हाथीभाटा पावर हाउस वाली रोड पर लगाए गए रेत के कट्टे भी बरसाती पानी को नहीं रोक पाए और पानी कट्टों के उपर से होता हुआ निकल गया, जिसके कारण हाथीभाटा पावर हाउस में कमर तक पानी भर गया तो वहीं आनासागर स्कैप चैनल से चल रही चादर से बेकाबू हो रहे पानी को थामे रखने के लिए केसरबाग पुलिस चौकी से महावीर सर्किल तक के रास्ते पर आवागमन रोक दिया गया।



अजमेर में फिर से हुई बरसात से कई जगहों पर जलभराव हो गया।

- बरसात इतनी तेज थी कि हाथीभाटा पावर हाउस वाली रोड पर लगाए गए रेत के कट्टे भी बरसाती पानी को नहीं रोक पाए
- पानी कट्टों के उपर से होता हुआ निकल गया, जिससे हाथीभाटा पावर हाउस में कमर तक पानी भर गया, बहुमंजिला भवनों के बेसमेंट पानी से लबालब
- एक सप्ताह से गलियों व लोगों के घरों में पानी भरा हुआ और बरसाती पानी के साथ-साथ सांप-बिच्छू आ रहे हैं

रेत भरे कट्टे लगाकर पानी के बहाव को कम करने की नाकाम कोशिश में कोई कमी नहीं छोड़ी जा रही है। सूचना केन्द्र से लेकर हाथी भाटा तक स्कैप चैनल से बाहर कुलाचें मारते पानी को रेत के कट्टों से भले ही रोकने की कोशिश हो, लेकिन यहीं पानी पॉश कालोनी ब्रहमपुरी व टीबी अस्पताल के हालात टापू के मानिंद किए हुए है। इस इलाके के बाशिदें पिछले कई दिन से अपने घरों में कैदी की भांति कैद हैं। आगरा गेट और सूचना केन्द्र चौराहे पर बैरिकेड्स लगाकर इस मार्ग को यातायात के लिए बंद कर देने से कोढ में खाज वाली स्थिति हो गई है।

**शक्तिनगर आम का तालाब के वाशिंदे घरों में कैद :-** यहां करीब एक सप्ताह से यहां की गलियों व लोगों के घरों में पानी भरा हुआ और बरसाती पानी के साथ-साथ सांप-बिच्छू आ रहे हैं जिसके कारण यहां के वाशिंदे भय के वातावरण में जीने को मजबूर हैं। आनासागर ओवरफ्लो होने के बाद फायसागर झील के रौद्र रूप धारण कर लेने से हर आम और खास के माथे पर चिंता की लकीरें उभर आई है। झील की पाल से जिस गति से पानी का रिसाव हो रहा है वह शुभ संकेत नहीं है। यहां भी करीब 3000 रेत भरे कट्टों को पाल के किनारे लगा देने का दावा करने वाले भयभीत प्रशासन ने आखिरकार सेना की मदद लेना मुनासिब समझा। अजमेर शहर से महज छह किलोमीटर दूर फायसागर झील की भराव क्षमता 27 फीट है। वर्तमान में इस झील का पानी छलक कर तेज गति से बांडी नदी के रास्ते आनासागर में पहुंचकर संकट को बढ़ा रहा है। फिलहाल अजमेर में अत्यधिक बारिश से बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। निचली बस्तियों में पानी की निकासी न होने से लोगों का चैन छिना हुआ है।

बहुमंजिला भवनों के बेसमेंट पानी से लबालब हैं। संभाग के सबसे बड़े जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय के कई वार्डों में बारिश का पानी जमा होने से मरीजों को शिफ्ट करना पड़ा। स्मार्ट सिटी के नाम पर खर्च किए गए करीब 2 हजार करोड़ रुपयों का सच शहर में आतंक मचा रहा बरसाती पानी बयां कर रहा है। सेना के जवानों के मोर्चा संभाल लेने से आमजन को कुछ तो उम्मीद जगी है।

# सामूहिक दुष्कर्म के मामले में एक गिरफ्तार

- मामले में एक बाल अपचारी को संरक्षण में लेकर बाल सुधार गृह भिजवाया

**जोधपुर, (कासं)।** फलौदी जिले के एक क्षेत्र में एक स्कूली छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने एक बाल अपचारी को संरक्षण में लेकर एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नाबालिग को बाल सुधार गृह में भेज दिया है। इसके अलावा जिला बीकानेर के एक क्षेत्र निवासी कैलाश पुत्र भंवरलाल विश्नोई को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं और उन्हें भी शीघ्र पकड़ा जाएगा।

गत 31 अगस्त को फलौदी-जैसलमेर नेशनल हाईवे पर स्थित एक गांव की छात्रा के पिता ने पुलिस थाना में बीएनएस की विभिन्न धाराओं और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। पिता का आरोप है कि उनकी बेटी के साथ एक पूर्व सहपाठी ने अपने साथियों के साथ 15 जुलाई और 19 अगस्त की रात को दो बार सामूहिक दुष्कर्म किया। शर्म के कारण छात्रा ने इस घटना की जानकारी किसी को नहीं दी। पिता ने सात आरोपियों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कराया था। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले की जांच डीएसपी आयुष वशिष्ठ कर रहे हैं।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड भवानीमण्डी**

क्रमांक:- 307 दिनांक : 09.09.2024

**निविदा सूचना संख्या 03/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सडक/भवन कार्यों के लिये उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के एए, ए, बी, सी, श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई- टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी।

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp व http://www.pwd.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan. एवं http://sppp.raj.nic.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN NO:
1-PWD2425WSOB05351
2-PWD2425WSOB05352
3-PWD2425WSOB05353

अधिशाषी अभियन्ता
स.नि.वि. खण्ड भवानीमण्डी

DIPR/C/8518/2024

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता जन स्वा.अभि.विभाग वृत कोटा**

Phone No. 0744-2501104 email: secircle.kot.phed@rajasthan.gov.in

**ई-निविदा सूचना संख्या 12/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्न हस्ताक्षरकर्ता द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के उपयुक्त पंजीकृत संवेदकों से निविदा संख्या 12/2024-25 हेतु ई-निविदा द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र वेब साईट www.rajwater.gov.in व sppp.rajasthan.gov.in एंव http.//eproc.rajasthan.gov.in पर देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है। http.//eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन बिड डालने की अवधि दिनांक 10.09.2024 प्रात: 10.00 बजे से 23.09.2024 सांय 6.00 बजे तक रहेगी। उक्त निविदा दिनांक 24.09.2024 को दोपहर 2.00 बजे उक्त वेबसाईट पर कार्यालय में उपस्थित निविदादाताओं तथा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। इस निविदा सूचना संख्या 12/2024-25 में कुल 01 कार्य है, जिसकी अनुमानित लागत राशि रू. 137.56 लाख है।

NIB CODE NO. : PHE2425A2013
UBN CODE NO.: PHE2425WSOB4442
Mobile No. : 94149-39456

(प्रद्युम्न कुमार बागला)
अधीक्षण अभियन्ता
जन स्वा. अभि. विभाग वृत कोटा

DIPR/C/8559/2024

# बुजुर्ग पर नाबालिग के साथ दुष्कर्म का आरोप

- दुष्कर्म के बाद नाबालिग गर्भवती हुई

**झुंझुनूं, (निसं)।** एक बुजुर्ग पर लगभग 13 साल की मासूम के साथ दुष्कर्म कर उसे गर्भवती किए जाने का आरोप लगा है। पुलिस ने पॉक्सो की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कोर्ट के आदेशों के बाद बालिका के गर्भ को गिरवाने की प्रक्रिया भी शुरू होगी।

एसपी शरद चौधरी ने बताया कि जिले के एक थाने में नाबालिग की मां ने अपने ही पड़ोस में रहने वाले एक बुजुर्ग पर उसकी बच्ची के साथ दुष्कर्म किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता का अस्पताल में मेडिकल करवाया गया। वहीं साथ में कोर्ट में बयान करवाए गए। एसपी शरद चौधरी ने बताया कि परिजनों ने नाबालिग का गर्भ गिरवाने की एप्लीकेशन लगाई है। कोर्ट के आदेशों के बाद आगे की कार्रवाई होगी। पुलिस अपनी जांच कर रही है। मामले की जांच सीओ ग्रामीण हरिसिंह धायल कर रहे हैं। अस्पताल के पीएमओ डॉ. संदीप पचार ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर बालिका का मेडिकल किया गया है। न्यायालय ने जिन बिंदुओं को लेकर उन्हें आदेश दिया है उसके मुताबिक ही मेडिकल की कार्रवाई की गई है।

हालांकि डॉ. संदीप पचार ने बालिका के गर्भवती होने या ना होने को लेकर कोई बात नहीं कही है, लेकिन एसपी ने इस बात की पुष्टि की है कि बालिका गर्भवती है। जिसका नियमानुसार गर्भपात कोर्ट के आदेशों और निर्देशों के अनुसार होगा।

शरद चौधरी, एसपी, झुंझुनूं का कहना है कि जिले के एक थाने में एक महिला ने अपनी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म कर उसे गर्भवती करने का मामला बुजुर्ग के खिलाफ दर्ज कराया है। नाबालिगा का मेडिकल और बयान करवाए गए हैं। नाबालिग गर्भवती है जिसे लेकर कोर्ट के आदेशानुसार कार्रवाई होगी। पुलिस दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच कर रही है।

# धोरीमन्ना की बेटी पेंपो ने दक्षिण कोरिया में सीएम भजनलाल से की मुलाकात

## धोरीमन्ना के सब्जी विक्रेता की बेटी पेंपो प्रजापत दक्षिण कोरिया में कंपनी में कार्यरत हैं

**गुड़ामालानी, (निसं)।** गुड़ामालानी उपखण्ड के धोरीमन्ना में सब्जी विक्रेता की बेटी पेंपो ने अपनी मेहनत और काबिलियत पर परिवार का नाम रोशन किया है। दक्षिण कोरिया में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से पेंपो की मुलाकात होने के फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर पेंपो के परिवार के सदस्यों को बधाई देने के साथ पेंपो के तारीफों के पुल बांधे जा रहे हैं।

धोरीमन्ना में एक सब्जी विक्रेता भीखाराम प्रजापत कि बेटी पेंपो प्रजापत हाल ही में दक्षिण कोरिया कंपनी में कार्यरत हैं। दक्षिण कोरिया और भारत के बीच में बड़े व्यापार के संबंध में अंतर्राष्ट्रीय लेवल पर दोनों देशों के बीच कोरियन एवं भारत के बीच में इंटरनेशनल भाषा परिवर्तन करने को लेकर कंपनी है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से दोनों देशों के बीच में व्यापार को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। पेंपो को एक साल का 22 लाख का पैकेज है तथा सुविधाएं कोरिया कंपनी की ओर से दी जाती है। कंपनी की ओर से भारत के संबंधित व्यापारिक काम पेंपो देखती हैं। चार साल से पेंपो दक्षिण कोरिया में रहने के साथ शिक्षा में पेंपो दक्षिण कोरिया मे टॉपर आई है।


धोरीमन्ना के भीखाराम प्रजापत की बेटी ने दक्षिण कोरिया में सीएम भजनलाल शर्मा से मुलाकात की।

**RAJASTHAN POLICE INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD,JAIPUR**
Government of Rajasthan Undertaking)
CIN NO. U45201RJ2013SGC083014
Regd. Office:756, Police Head Quarter, Lal Kothi, Jaipur(Raj.)
Phone: 0141-2740784, Fax: 0141-2744294, e-mail: rpidcl@rajasthan.gov.in

क्रमांक:– RPHCCL/469/NIT/2024-25/D-1650 दिनांक: 10.09..2024

**ई-निविदा सूचना सं0 08/2024-25**

निम्नलिखित कार्यों के लिए राज्य/केन्द्र सरकार के अभियांत्रिकी विभागों/उपक्रमों में समकक्ष श्रेणी में पंजीकृत योग्य एवं अनुभवी संवेदकों से नियमानुसार पाँच वर्षो की डीएलपी के अन्तर्गत निर्धारित प्रपत्र में 01 कार्यों के लिए कम संख्या 01 की निविदा Two Bid System के तहत आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा की कुल लागत | रूपये 1205.00 लाख |
| ऑन लाईन निविदा फॉर्म मिलने की तारीख | 12 सितम्बर 2024 प्रातः 9.30 बजे से 07 अक्टूबर, 2024 सायं 4.00 बजे तक |
| ऑन लाईन निविदा फॉर्म जमा कराने की तारीख | 07 अक्टूबर, 2024 सायं 6.00 बजे तक |
| ऑन लाईन निविदा खोलने की तारीख | 08 अक्टूबर, 2024 सायं 4.00 बजे |

निविदा सम्बन्धित जानकारी राजस्थान पुलिस की बेबसाइट www.police.rajasthan.gov.in/ www.sppp.raj.nic.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगी। इच्छुक संवेदको को निविदा संबंधित जानकारी प्रबन्ध निदेशक कार्यालय से कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है। भविष्य में निविदाओं में संशोधन होने पर उपरोक्त वेबसाइटों पर ही प्रेषित किया जावेगा।

UBN: RID2425WLOB00158

राज.संवाद/सी/24/5030 महाप्रबन्धक

# चूरू में सवा घंटे में करीब तीन इंच बारिश


चूरू में सवा घंटे तक मूसलाधार बारिश हुई।

**चूरू, (निसं)।** मंगलवार को चूरू में मेघ जमकर मेहरबान हुये। यहां करीब सवा घंटे तक मूसलाधार बारिश हुई, जिससे शहर के निचले इलाकों सहित मुख्य मार्ग जलमग्न हो गए। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को 70 एमएम (करीब तीन इंच बारिश) बारिश दर्ज की गई। बारिश से मौसम सुहावना हो गया। बारिश से लोहिया कॉलेज, रामगढ़िया दरवाजा, बागला स्कूल, चांदनी चौक, आई हॉस्पिटल के पास, जौहरी सागर क्षेत्र, पुराना बस स्टैण्ड सहित अनेक स्थानों पर बारिश का पानी एकत्रित होने से आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं न्यूनतम तापमान 23.8 डिग्री व अधिकतम तापमान 35.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# महिला कर्मचारियों से भरी बस और पिकअप में भिड़ंत, 20 घायल

- पांच लोगों को अलवर जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया

**अलवर, (निसं)।** कोटकासिम-किशनगढ़ रोड पर मंगलवार सुबह करीब 9:30 बजे 40 महिला कर्मचारियों से भरी बस और एक पिकअप के बीच आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और सड़क पर दोनों तरफ लंबा जाम लग गया। घटना में महिला कर्मचारियों समेत 20 लोग घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार महिला कर्मचारियों से भरी बस खैरथल से खुशखेड़ा जा रही थी। तभी यह दुर्घटना पिकअप के साथ हो गई। इस हादसे में पिकअप सवार दो लोगों समेत 28 महिला कर्मचारी घायल हो गई। एंबुलेंस की मदद से घायलों को तत्काल कोटकासिम अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चार लोगों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। बस के ड्राइवर मुजाहिद ने बताया कि सामने से आ रही पिकअप ने बस की ओर मुड़कर टक्कर मारी। ड्राइवर ने बस को संभालने का प्रयास किया। बस सड़क से नीचे जाने के बाद पलट भी सकती थी। इस दुर्घटना में कई महिलाओं को चोटें आई हैं, जिनमें से कुछ को रेफर किया गया है। ड्राइवर ने रोजाना खैरथल के भोजपुर से करीब 40 महिलाओं को कंपनी ले जाने की बात कही है।

कोटकासिम सीएचसी प्रभारी डॉक्टर हरीश जाखड़ ने बताया कि 20 घायलों को कोटकासिम अस्पताल लाया गया, जिनमें से पांच लोगों को अलवर जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। बाकी सभी का इलाज कोटकासिम में किया जा रहा है। एक व्यक्ति के सिर में फ्रैक्चर होने की संभावना है, जिसे रेफर किया गया है। घटना में कोई कैजुअल्टी नहीं हुई।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड वल्लभनगर**

क्रमाक-1056 दिनांकः- 06.09.2024

**निविदा सूचना संख्या 06/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से राजस्थान सरकार के एए ए बी "सी" एवं "डी" श्रेणी के संवेदकों एवं केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के एए ए बी "सी" एवं "डी" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो उनसे निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण इन्टरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.dipronline.org व http:/sppp.raj.nic.in पर उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| कुल निविदा के कार्य | 7 कार्य |
| निविदा की लागत | रूपये 298.90 लाख |
| कुल धरोहर राशि | 2 प्रतिशत 5.97.800/- |
| | 1/2 प्रतिशत 1,49,500/- |
| ऑन लाईन निविदा फार्म मिलने की तारिख | 12.09.2024 प्रातः 09.00 बजे से 21.09.2024 सायं 6.00 बजे तक |
| ऑन लाईन निविदा खोलने की तारिख | 23.09.2024 सांय 4.00 बजे से |

निविदा से सम्बथित विवरण वेब साईट http:/dipr.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रकिया http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाइन सम्पादित्त की जावेगी।

निविदा द्वारा थरोहर राशि/निविदा शुल्क / निविदा प्रोसेसिंग शुल्क शासन सचिव वित्त बजट विभाग राजस्थान जयपुर के परिपत्र कमाक प.6 (5) वित्त / साविलेनि/2018 दिनाक 27.04.2020 के अनुसार ई ग्रास के चालान द्वारा जमा कराना होगा।

निविदा शर्ते - 1. निविदा शर्ते किसी भी दिन कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है। 2. चालान रजिस्टर्ड फर्म के नाम से ही जमा करायें।

NIB Code: PWD2425A1478
UBN No :- 1. PWD2425WSOB05272, 2. PWD2425WSOB05276, 3. PWD2425WSOB05283 4. PWD2425WSOB05285, 5. PWD2425WSOB05287, 6. PWD2425WSOB05288 7. PWD2425WSOB05289

(अचल गुप्ता)
अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड वल्लभनगर

DIPR/C/8474/2024

**कार्यालय नगर परिषद् जैसलमेर (राज.) 345001**

क्रमांक/विकास/2024-25/1453 दिनांक :- 09.09.2024

**-: निविदा सूचना संख्या 08/2024-25 :-**
NIB Code - DLB2425A2453

नगर परिषद् जैसलमेर की ओर से नगर परिषद् जैसलमेर में उपयुक्त श्रेणी व अन्य विभागों में "ए" व 'एए' श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से उपरोक्त कार्य हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से संबंधित कार्यो की विस्तृत जानकारी, निविदा की शर्ते आदि वेबसाईट http://eproc.rajasthan.in व http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। उक्त कार्यो के यू.बी.एन. नं. DLB2425WSOB07755, 07756, 07757, 07758, 07759, 07760, 07761, 07762, 07763, 07765, 07766, 07767, 07768 है।

आयुक्त
नगर परिषद् जैसलमेर

राज.संवाद/सी/24/4985

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जिला ग्रामीण खण्ड उदयपुर**

Phone:0294-2481543 email: eerural.uda.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक : अअ/जि.ग्रा/उदय/अंके केश/2024-25 दिनांक: 09.09.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 85-88/2024-25**

खण्ड कार्य क्षेत्र में उपखण्ड-झाडोल के विभिन्न ग्रामों की पेयजल योजना संबंधित जल जीवन मिशन के अनतर्गत विभिन्न कार्य (रू. 83.93 से 109.46 लाख तक के) की आमंत्रित की जाती है जो कि दिनांक 23.09.2024 को 18.00 बजे प्राप्त की जावेगी। निविदाओं का विस्तृत विवरण सरकार राज्य के उपापन पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in पर देखे जा सकता है।

NIB CODE NO. : PHE2425A2038, UBN CODE NO.: PHE2425WSOB04495, PHE2425WSOB04496, PHE2425WSOB04497, PHE2425WSOB04498

अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग,
जिला ग्रामीण खण्ड, उदयपुर

DIPR/C/8524/2024

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग जिला खण्ड, शाहपुरा जयपुर**

क्रमांक:- अअशा/निविदा/2024/ दिनांक :-

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 02/2024-25 प्रकाशन बाबत्।**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से सिविल कार्य (छः) अनुमानित राशि रू. 397.27 लाख (मय डीएलपी अवधि) के लिए निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 19.09.2024 सांय 6:00 बजे तक ई-निविदा आंमत्रित की जाती हैं। संबंधित पूर्ण विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in / tenders. asp, http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

1. UBN NO. (PWD2425WSOB05368), 2. UBN NO. (PWD2425WSOB05369)
3. UBN NO. (PWD2425WSOB05370), 4. UBN NO. (PWD2425WSOB05371)
5. UBN NO. (PWD2425WSOB05373), 6. UBN NO. (PWD2425WSOB05374)

अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. जिला शाहपुरा (जयपुर)

DIPR/C/8544/2024

# महाजन में 36 डिग्री तापमान, गश खाकर गिरे दो अमेरिकी सैनिक

## सैनिकों को तत्काल पास ही तैनात सेना की मोबाइल एंबुलेंस में शिफ्ट किया, अन्य अमेरिकी सैनिक परेशान हो गए

**बीकानेर, (निसं)।** भारत-अमेरिका का सबसे बड़ा संयुक्त युद्धाभ्यास विश्वस्तरीय ट्रेंनिंग नोड महाजन फायरिंग रेंज में सोमवार को शुरू हो गया। अभ्यास के लिए अमेरिका के हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम और एम 777 होवित्जर गन की तैनाती की गई है। इनके गरजने से रेगिस्तान के साथ पाकिस्तान भी थर्राएगा। 22 सितंबर तक चलने वाले इस अभ्यास में भारतीय सेना की 9 राजपूत रेजीमेंट के 600 तथा अमेरिकी सेना के 600 सैनिक, कुल 1200 सैनिक भाग लेंगे। सोमवार को पहले ही दिन अमेरिकी सैनिकों को गर्मी ने विचलित कर दिया।

उद्घाटन परेड के दौरान दो अमेरिकी सैनिक गश खाकर गिर पड़े। उन्हें तत्काल पास ही तैनात सेना की मोबाइल एंबुलेंस में शिफ्ट किया गया। इससे अन्य अमेरिकी सैनिक भी परेशान हो गए। इस घटना के तुरंत बाद दोनों देशों के राष्ट्रगान के साथ ही समारोह खत्म कर दिया गया। जानकारी के अनुसार अमेरिका ने अलास्का स्थित 11वें एयरबोर्न डिवीजन की 1-24 बटालियन के सैनिकों को युद्धाभ्यास के लिए भेजा है। यह सैनिक वहां माइनस 35 डिग्री तक के तापमान में रहने के आदी हैं। हालांकि सितंबर महीने में वहां का तापमान जीरो से 11 डिग्री के आस-पास रहता है, लेकिन बीकानेर की गर्मी और उमस के कारण सैनिक पहले ही दिन परेशान नजर आए। अमेरिका के 11 एयरबोर्न डिवीजन के प्रथम ब्रिगेड के कमांडर कर्नल क्रस्टोफेर ब्राउले ने बातचीत में गर्मी को लेकर चिंता जाहिर की। उन्होंने बताया कि अलास्का में जीरो से माइनस के बीच रहते हैं, लेकिन महाजन में दिन निकालना उनके लिए वाकई काफी चुनौती भरा होगा। उन्होंने कहा कि सैनिकों को हर तरह के वातावरण में रहने का अभ्यास होना जरूरी है। वहीं दूसरी तरफ भारतीय सैनिक थार के मरुस्थल में 50 डिग्री तापमान में भी मुस्तैद रहने में सक्षम हैं। महाजन फायरिंग रेंज में युद्धाभ्यास की शुरुआत सोमवार सुबह समारोह के साथ हुई, लेकिन किसी तरह का अभ्यास नहीं हो पाया। समझा जाता है कि गर्मी के कारण अमेरिकी सैनिकों की हालत को देखते हुए दोपहर का अभ्यास स्थगित करना पड़ा। रक्षा प्रवक्ता कर्नल अमिताभ शर्मा का कहना है कि किसी कारणवश कुछ इवेंट बाद में किए जाएंगे।

भारतीय सेना की 15 इन्फेन्ट्री ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर प्रयोग सुब्बा तथा यूएस आर्मी की 11 एयरबोर्न डिविजन के डिप्टी कमांडर ब्रिगेडियर जनरल थॉमस बर्क ने इस मौके पर मीडिया से कहा कि अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र जनादेश के सातवें अध्याय के तहत सब -कन्वेंशनल माहौल में आतंकवाद विरोधी अभियान चलाने के लिए दोनों पक्षों की संयुक्त सैन्य क्षमता को बढ़ाना है। यह अभ्यास सेमी डेजर्ट वातावरण में सैन्य कार्यवाही पर केंद्रित होगा। अभ्यास के दौरान किए जाने वाले सामरिक अभ्यासों में, आतंकवादी कार्रवाई के लिए संयुक्त प्रतिक्रिया, संयुक्त योजना और संयुक्त क्षेत्र प्रशिक्षण अभ्यास शामिल हैं जो वास्तविक दुनिया के आतंकवाद विरोधी मिशन का अनुकरण करते हैं। युद्धाभ्यास दोनों पक्षों को संयुक्त अभियान चलाने की रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं में सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में सक्षम बनाएगा।

**भादला-III और बीकानेर-III ट्रांसमिशन लिमिटेड**
(पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की 100% पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी)
बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110 016

**सूचना**
(विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 15 की उप-धारा (2) के तहत)

1. **भादला-III और बीकानेर-III ट्रांसमिशन लिमिटेड,** जिसका पंजीकृत कार्यालय **बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016** में स्थित है, जो कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत निगमित है, ने केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग, नई दिल्ली के समक्ष विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 15 की उप-धारा (1) के तहत पारेषण लाइनों, उप-स्टेशनों और अन्य परिसंपत्तियों के संबंध में ट्रांसमिशन लाइसेंस प्रदान करने के लिए एक आवेदन किया है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है:-

| क्र. सं. | लाइन/सबस्टेशन का नाम (नोट के अनुसार स्थान) | बीपीसी की सर्वेक्षण रिपोर्ट/क्षमता के अनुसार लाइन की लंबाई | ट्रांसमिशन शुल्क (आईएनआर) मिलियन प्रति वर्ष | कमीशनिंग शेड्यूल | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भादला-III-बीकानेर-III 765 केवी डी/सी लाइन | 127.625 Km | 979.70 | प्रभावी तारीख यानी 30.08.2024 से 24 महीने | |
| 2 | भादला-III एस/एस पर 765 केवी लाइन बे की 2 संख्या | 480 MVAR (SLR) | | | |
| 3 | बीकानेर-III एस/एस पर 765 केवी लाइन बे की 2 संख्या | - | | | |

नोटः (i) क्रमांक 1, 2 और 3 के लिए स्थान राजस्थान में हैं।
(ii) पूर्ण दायरे के लिए कृपया https://www.powergrid.in/subsidiaries पर जाएं।

2. आयोग के समक्ष दायर पूर्ण आवेदन और अन्य दस्तावेज पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की **वेब साइट** https://www.powergrid.in/subsidiaries पर किसी भी व्यक्ति द्वारा उपयोग के लिए उपलब्ध हैं। आवेदन का निरीक्षण कंपनी के सी/ओ ईडी (टीबीसीबी), पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, सौदामिनी, प्लॉट नंबर 2, सेक्टर-29, गुड़गांव-122001 में, श्री संतोष कुमार सिंह, परियोजना प्रभारी, भादला-III और बीकानेर-III ट्रांसमिशन लिमिटेड या आयोग द्वारा निर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार आयोग के कार्यालय के साथ भी किया जा सकता है।
3. आपत्ति या सुझाव, यदि कोई हो, आवेदक या उसके अधिकृत एजेंट, अखबार में नोटिस के प्रकाशन के **15 दिनों के भीतर** सचिव, केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग, 7वीं मंजिल, टावर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली- 110029 के समक्ष आपत्ति (ओं)/सुझाव (ओं) की एक प्रति के साथ दायर किया जाना चाहिए।

स्थानः नई दिल्ली
तारीखः 11.09.2024

श्री संतोष कुमार सिंह,
परियोजना प्रभारी,
भादला-III और बीकानेर-III ट्रांसमिशन लिमिटेड

PG/CC/Notice-62(TBCB)/Advt.-86/24-25/Vermmillion

# जयपुर, जोधपुर और कोटा में एक ही नगर निगम रहेगा : झाबर सिंह खर्रा

## प्रदेश में एक शहर-एक निकाय लागू होगा; 2025 में एक साथ होंगे चुनाव

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** जयपुर, जोधपुर और कोटा में पुनः एक ही नगर निगम बनेगा। नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में इन निकायों के टुकड़े कर दो-दो नगर निगम बनाने के फैसले को बदलने की बात साफ कह दी है। खर्रा ने कहा कि राजस्थान में "एक शहर-एक निकाय" लागू होगा, वर्ष 2025 तक इन तीनों शहरों में एक साथ चुनाव करवाए जाएंगे।


यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने जयपुर में अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत में कहा कि राजस्थान सरकार "एक राज्य, एक चुनाव" को लेकर मजबूती से डटी है और इसी दिशा में काम चल रहा है। जिन शहरी निकायों का सीमा विस्तार होना है, उसका काम किया जाएगा। सीमा विस्तार के बाद वार्डों का पुनर्गठन होगा। जब एक स्टेट, एक चुनाव हो रहा है तो एक शहर, एक निकाय भी लागू करेंगे। वर्ष 2025 में सभी शहरी निकायों के चुनाव एक साथ करवाएंगे।

### बड़े पैमाने पर मर्ज हो सकते हैं वार्ड

सूत्रों की मानें तो "एक शहर-एक निकाय" के लिए बड़े पैमाने पर बनाए गए वार्ड मर्ज हो सकते हैं। जयपुर, जोधपुर और कोटा में फिर से एक-एक नगर निगम के हिसाब से वार्ड बनाने होंगे। इससे वार्डों का पुनर्गठन होगा। इस प्रक्रिया में समय लगता है। एक शहर, एक निकाय लागू करने से तीनों शहरों में नगर निगम की व्यवस्थाएं बदलेंगी। इसका असर निकाय चुनावों पर भी होगा। दो-दो की जगह फिर से इन शहरों में एक ही मेयर होगा। वार्ड मर्ज किए तो पार्षदों की संख्या भी घटेगी।

### कई निकायों में लगेंगे प्रशासक

"एक राज्य-एक चुनाव" करवाने की हालत में राज्य सरकार को कई निकायों में प्रशासक लगाने होंगे। यूडीएच मंत्री ने निकायों में प्रशासक



झाबर सिंह खर्रा

लगाने की तैयारी के संकेत दिए हैं। एक साथ चुनाव करवाने के कारण जिन निकायों के चुनाव इस साल बाकी है, उनके चुनाव अगले साल तक के लिए टालने होंगे। शहरी सीमाएं, वार्ड बदलने में अभी जनगणना रजिस्ट्रार जनरल की रोक "एक शहर,एक निकाय" और वार्डों के पुनर्गठन में सबसे बड़ी बाधा जनगणना है, गत 1 जुलाई से प्रशासनिक सीमाएं फ्रीज करने के आदेश जारी हो चुके हैं।

केंद्रीय गृह मंत्रालय से यह रोक हटने तक सरकार वार्ड से लेकर शहर-जिले तक की सीमा में कोई बदलाव नहीं कर सकती। ऐसे हालात में वार्ड परिसीमन भी नहीं हो सकता, न बाउंड्री बदल सकती है। वार्डों के परिसीमन के बिना निकायों के चुनाव आगे बढ़ाने का कोई कानूनी रास्ता भी नहीं है। ऐसे में माना जा रहा है कि वार्ड परिसीमन का तर्क देकर सरकार चुनाव आगे बढ़ा सकती है, लेकिन बिना रोक हटे यह संभव नहीं है। बताया जा रहा है कि सीएम भजनलाल शर्मा ने 4 सितंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखी थी, जिसमें जनगणना रजिस्ट्रार जनरल के नई प्रशासनिक यूनिट बनाने, जिले, शहर, गांव, वार्ड की सीमाएं बदलने पर लगी रोक हटाने की मांग की थी। केंद्र की तरफ से इस मामले में फिलहाल कोई छूट नहीं मिली है।

### सीमांकन विवाद से परेशान हैं लोग

जयपुर, जोधपुर और कोटा नगर निगम के दो टुकड़े करने के बाद सीमांकन को लेकर सबसे ज्यादा विवाद हुए। सफाई, सीवरेज, गार्डन, आवारा पशु और पट्टे जैसे मुद्दों को लेकर नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी आपस में ही उलझे रहते हैं। जब किसी जिम्मेदारी की बात आती है तो अधिकारी और कर्मचारी उसे दूसरे निगम का बताकर पल्ला झाड़ लेते हैं और भुगतना जनता को पड़ता है।

उदाहरण के तौर पर जयपुर नगर निगम में ग्रैटर मेयर सौम्या गुर्जर, नगर निगम हैरिटेज क्षेत्र में अवैध डेयरी पर कार्रवाई करने पहुंच गई थी, लेकिन जब उन्हें सीमा का पता चला तो बिना कार्रवाई के ही लौटना पड़ा था। जिस पर आपत्ति दर्ज कराते हुए उन्होंने कहा था कि भले ही डेयरी हैरिटेज क्षेत्र में है, लेकिन वहां के आवारा पशु ग्रेटर को गंदा कर रहे हैं। इसी तरह सफाई और सड़क जैसे मुद्दों को लेकर भी दोनों निगमों में टकराव बना हुआ है, जिसका खामियाजा जनता को उठाना पड़ रहा है।

# मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का टोक्यो में हुआ ज़ोरदार अभिनंदन



**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का जापान के टोक्यो पहुंचने पर प्रवासी राजस्थानियों ने गर्मजोशी से अभिनंदन किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा और अन्य प्रतिनिधिमंडल का भी तिलक लगाकर और दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।**

**टोक्यो।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा दो दिवसीय यात्रा पर सिओल से जापान की राजधानी टोक्यो पंहुचने पर निजी होटल में भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ राजस्थान के प्रदेश संयोजक व ज्वैलर असोसिएशन के उपाध्यक्ष राजू मंगोड़ीवाला व यामानाशी ज्वैलरी एसोसिएशन के चैयरमेन नवीन सौंखियां के संयुक्त नेतृत्व में प्रवासी राजस्थानियों ने ज़ोरदार गर्मजोशी के नारों "स्वागत राजस्थान" मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। राजू मंगोड़ीवाला ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 के विकसित भारत व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आपणों अग्रणी राजस्थान के तहत दिसंबर में होने वाली राजस्थान राईजिंग मीट हेतु जापान में रह रहे भारतीय व राजस्थानी प्रवासियों में उत्साह है और बड़ी संख्या में निवेशक जापान में होने वाली रोड शो मीटिंग में जुड़ेंगे। मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री डॉ.प्रेमचंद बैरवा व अन्य प्रतिनिधि मंडल का भी तिलक लगाकर दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से भाजपा व्यावसायिक प्रकोष्ठ राजस्थान के संयोजक राजू मंगोड़ीवाला, जापान राजस्थान प्रवासी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नवीन सौंखियां, गारमेन्ट्स एक्सपोर्टर ज्ञान प्रकाश मित्तल, इण्डस्ट्रियल कौशल शर्मा, संगीता शर्मा, श्रीकांत बड़वे, किरण शाह व किशोर तिलवानी सहित दर्जनों व्यवसायियों व प्रवासी बंधुओं की उपस्थिति रही। जापान से जुड़े राजस्थानी प्रवासी व यामानाशी ज्वैलरी एसोसिएशन के चैयरमेन नवीन सोखियां ने बताया कि कोरोना काल के समय भी टीम ने वर्चुअल रूप से जुड़कर मानवीयता के इस विषम परिस्थिति में सहयोग किया था।

# निजी भूमि पर सड़क निर्माण पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने सांगानेर तहसील स्थित निजी कृषि भूमि पर सीसी रोड निर्माण करने पर मुख्य सचिव और कलेक्टर सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश सरोज देवी की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने संबंधित अधिकारियों से पूछा है कि सरकारी धन का उपयोग कर निजी भूमि पर सडक निर्माण कैसे किया गया है।याचिका में अधिवक्ता प्रतीक कासलीवाल ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता की सांगानेर तहसील के ग्राम गवार ब्राह्मणान में कृषि भूमि है। पंचायत समिति ने अन्य स्थानीय अधिकारियों से मिलकर उसकी इस जमीन पर अवैध रूप से सीसी रोड का निर्माण कर लिया। ग्राम विकास अधिकारी की जांच में भी सामने आया कि याचिकाकर्ता की निजी कृषि भूमि पर अवैध तरीके से सड़क का निर्माण हुआ है और उसके रोड निर्माण के लिए आवंटित सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ है। इसके अलावा जांच रिपोर्ट में जिम्मेदारों से इस राशि की रिकवरी की बात भी कही गई। याचिका में कहा गया कि ग्राम पंचायत निजी भूमि पर रोड निर्माण कैसे कर सकती है। इसलिए अवैध रूप से हुए सड़क निर्माण की स्वतंत्र जांच कराई जाए। वहीं याचिकार्ता की भूमि पर बनी इस रोड को हटाया जाए और याचिकाकर्ता को हुई मानसिक पीडा के लिए उसे उचित क्षतिपूर्ति दिलाई जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

# पूरी संवेदनशीलता से हो उपभोक्ताओं की सुनवाई:डोगरा

**जयपुर।** डिस्कॉम्स चेयरमैन एवं जयपुर विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक सुश्री आरती डोगरा ने डिसकॉम्स अधिकारियों को निर्देश दिए हैं उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं को पूरी संवेदनशीलता के साथ सुनें और उनका समुचित निराकरण करें। यह सुनिश्चित किया जाए कि मीटर बदलने, लोड बढ़ाने, नए बिजली कनेक्शन, बिल में त्रुटि सुधार जैसे आमजन से जुड़े जरूरी कार्यों के लिए उपभोक्ताओं को दफ्तर के बार-बार चक्कर न काटने पड़ें। डिस्कॉम्स चेयरमैन ने मंगलवार को आमेर कुंडा की ढ्राणी स्थित जयपुर जिला सर्किल तथा जयपुर शहर सर्किल के सहायक अभियंता कार्यालयों के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को यह निर्देश दिए। डोगरा ने इन कार्यालयों में मीटर, भंडार, राजस्व, रिकवरी एवं उपभोक्ता शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने सीट पर मौजूद कार्मिकों से खराब एवं जले हुए मीटर बदलने, लंबित कनेक्शनों की स्थिति, सैटलमेंट एवं वीसीआर प्रकरणों, बिलिंग, रिकवरी, ट्रांसफॉर्मरों की उपलब्धता एवं उन्हें बदलने की प्रक्रिया की जानकारी ली।

# बारिश से टूटी सड़कों और सफाई पर ध्यान दें निकाय : राजेश यादव

**जयपुर।** राजस्थान में मानसून की मेहरबानी के बाद अब स्वायत्त शासन विभाग खराब हो चुकी सड़कों को दुरुस्त करने में जुट गया है। आमजन से जुड़े इस महत्वपूर्ण मुद्दे के साथ ही स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव राजेश यादव ने नगरीय निकायों में विभिन्न प्रकार के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हुई इस समीक्षा बैठक में क्षेत्रीय उप निदेशक, नगरीय निकायों के आयुक्त, अधिशाषी अधिकारी जुड़े।



**स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव राजेश यादव ने मंगलवार को अधिकारियों की बैठक ली।**

राजेश यादव ने समस्त उपनिदेशक (क्षेत्रीय) को निर्देशित किया कि वे अपने संभाग में सबसे दूर और सबसे गंदे वार्ड का निरिक्षण करें। राजेश यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पौधारोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण व संवर्द्धन पर भी उतना ही ध्यान दें।

यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहरी लम्बित मुद्दों की समीक्षा की। साथ ही अन्नपूर्णा रसोई के लम्बित भुगतान और इंदिरा गांधी शहरी गारंटी रोजगार योजना की समीक्षा भी की। उन्होंने सभी नगरीय निकायों से बजट के अनुसार घोषणाओं के लिए लम्बित भूमि प्रकरण, लम्बित बजट घोषणाएं, विधानसभा में लम्बित प्रश्न, लोकयुक्त, मानवाधिकार प्रकरण एवं आरटीआई के लम्बित जवाबों को लेकर भी अधिकारियों से फीडबैक लिया। उन्होंने लम्बित प्रकरणों को लेकर सुझावों को लेकर भी चर्चा की और जल्द से जल्द इन्हें निपटाने के निर्देश दिए। आमजन को ऑनलाइन सेवाओं के माध्यम से जल्द से जल्द राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। निदेशक एवं विशिष्ठ सचिव कुमार पाल गौतम ने कहा कि सभी नगरीय निकायों को इसी प्रकार कार्य करना चाहिए, जिससे लम्बित प्रकरणों का निस्तारण शीघ्रतिशीघ्र हो सके एवं आमजन को लाभ मिल सके। उन्होंने ऑनलाइन सर्विस के ऊपर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में अतिरिक्त निदेशक श्याम सिंह शेखावात, उपनिदेशक नवीन यादव, मुख्य अभियन्ता अरूण व्यास, मुख्य अभियन्ता प्रदीप गर्ग, सहायक निदेशक सतर्कता शीलावती मीणा, श्रीअन्नपूर्णा रसोई योजना के स्टेट नोडल ऑफिसर नवीन भारद्वाज मौजूद थे।

# 10 आरोपियों को कोर्ट में पेश किया एस.ओ.जी. ने

**जयपुर।** एसआई भर्ती परीक्षा 2021 पेपर लीक मामले में एसओजी ने मंगलवार को बाबूलाल कटारा और रामूराम राईका समेत 10 ट्रेनी एसआई को एसओजी कोर्ट में पेश किया। कोर्ट में लाने के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस का जाब्ता मौके पर सुरक्षा के लिए तैनात था। कोर्ट ने बाबूलाल कटारा को 3 दिन के रिमांड पर भेजा, जबकि अन्य आरोपियों को 2 दिन के रिमांड पर सौंपा गया है। एसओजी इस मामले में लगातार कड़ी से कड़ी जोड़ने में जुटी है। एसओजी इस प्रकरण में पेपर लीक की साजिश और इसकी जड़ों को गहराई तक खोजने में जुटी है , ताकि इस घोटाले के सभी पहलुओं को उजागर किया जा सके।

एसओजी ने एसआई भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में आरपीएससी के पूर्व सदस्य रामूराम राईका, उनके बेटे देवेश और बेटी शोभा सहित 5 ट्रेनी सब इंस्पेक्टरों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद एसओजी ने रिमांड की अवधि समाप्त होने से पहले सोमवार को बाबूलाल कटारा को लेकर आरपीएससी का दौरा किया। इसके बाद, रामूराम राईका और उनके बेटे-बेटी को भी आरपीएससी ले जाया गया। यहां लगभग 10 घंटे तक बाबूलाल कटारा के सील्ड कमरे की तलाशी ली गई और राईका तथा कटारा को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की गई। पांच सब इंस्पेक्टर में शोभा राईका, देवेश राईका, मंजू देवी, अविनाश और विजेंद्र शामिल हैं। एसओजी ने ट्रेनी सब इंस्पेक्टर बिजेंद्र और रितु शर्मा के घर पर सोमवार को तलाशी में मिली डायरी के तथ्यों की भी जांच करने में जुटी है। डायरी में लेन-देन का पूरा हिसाब था। इसके अलावा, कटारा के पास पेपर लीक से संबंधित कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी मिले हैं जिनकी जांच की जा रही है।

# देवनानी ने दधीचि जयन्ती समारोह के स्टीकर का विमोचन किया

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को विधान सभा में दधीचि जयन्ती समारोह के स्टीकर "रक्तदान-नेत्रदान-देहदान-महादान" का विमोचन किया। देवनानी ने समारोह के लिये शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि रक्तदान, नेत्रदान और देहदान मानव जीवन के लिये महादान है। लोगों को दानवीर महर्षि दधीचि के त्याग के अनुरूप मानव सेवार्थ के लिये स्वेच्छा से आगे आना चाहिए। इस मौके पर राजस्थान प्रांतीय दाधीच (दाहिमा) ब्राहम्ण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राधव शर्मा, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अशोक सूटवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र भाभडा, प्रदेश संयोजक शंकर लाल शर्मा, गौरव भाभडा और रघुवीर दाधीच मौजूद थे।

# परमवीर चक्र सम्मानित अब्दुल हमीद का बलिदान दिवस मनाया

**जयपुर।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से आज प्रदेशभर में 1965 के भारत-पाक युद्ध के महानायक अमर वीर शहीद परमवीर चक्र सम्मानित अब्दुल हमीद का 59वां बलिदान दिवस मनाया गया।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने बताया कि भाजपा प्रदेश कार्यालय, जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में खिराजे अकीदत (श्रद्धांजलि) पेश की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं खण्डार विधायक जितेन्द्र गोठवाल रहे। इस दौरान जितेन्द्र गोठवाल ने कहा कि परमवीर चक्र सम्मानित अब्दुल हमीद की देशभक्ति, वीरता, जीवनी के बारे में सभी को विस्तार से जानना चाहिए। सभी कार्यकर्ताओं ने उनके लिए दुआ-ए-मगफिरत की एवं देश में अमन, चैन, खुशहाली के लिए भी दुआ की गई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एम. सादिक खान, मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष जंग बहादुर पठान, प्रदेश मंत्री मुराद अली शेख, जयपुर शहर जिला महामंत्री एम. परवेज खान, जिला मंत्री नदीमुद्दीन अंसारी, भाजपा मण्डल महामंत्री संयुम अली, मण्डल अध्यक्ष इकबाल हुसैन, मण्डल महामंत्री मोहम्मद हाशिम खान सहित मोर्चा के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चिकित्सा विभाग व सी.आई.एफ.एफ. में एमओयू

**जयपुर ।** मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने की दिशा में चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा चिल्ड्रन्स इन्वेस्टमेंट फण्ड फाउंडेशन (सीआईएफएफ) के बीच मंगलवार को शासन सचिवालय में एक एमओयू हस्ताक्षिरत किया गया। एमओयू पर चिकित्सा विभाग की ओर से प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ एवं सीआईएफएफ की ओर से कार्यकारी निदेशक मंजुला सिंह ने हस्ताक्षर किए।




इस अवसर पर प्रमुख शासन सचिव श्रीमती राठौड़ ने कहा कि एमओयू से प्रदेश में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने में तकनीकी सहयोग प्राप्त होगा। राज्य के परिवार नियोजन कार्यक्रम को भी मजबूत किया जा सकेगा। साथ ही, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़े सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में सुगमता होगी। सीआईएफएफ के माध्यम से एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिलाओं के लिए बेहतर उपचार विकल्प तैयार किए जाएंगे। राठौड़ ने बताया कि इस पांच-वर्षीय एमओयू के तहत महिलाओं और बच्चों के जीवन स्तर में सुधार पर फोकस किया जाएगा। एमओयू के तहत सीआईएफएफ की ओर से विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से वित्तीय एवं तकनीकी सहायता के साथ ही महिलाओं और बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधारात्मक गतिविधियों के लिए सहयोग प्रदान किया जाएगा।

सीआईएफएफ के संस्थापक सर क्रिस हॉन ने कहा कि एकीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलने से महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की स्थितियां बेहतर होंगी। उन्होंने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की दिशा में राजस्थान सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि राजस्थान सरकार के साथ सीआईएफएफ की लंबी साझेदारी रही है। उनका फाउंडेशन बच्चों के लिए एक स्वस्थ, भेदभाव मुक्त और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. भारती दीक्षित, निदेशक आरसीएच डॉ. सुनीत सिंह राणावत, एसपीएम डॉ. लोकेश चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारी एवं सीआईएफएफ व जपाईगो संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# कुख्यात सोना तस्कर मुनियाद यूएई से गिरफ्तार

**जयपुर।** खाड़ी देशों से भारत में सोने की अवैध तस्करी करने वाले कुख्यात तस्कर मुनियाद अली को पुलिस ने यूएई से गिरफ्तार कर लिया गया है। इंटरपोल की मदद से राष्ट्रीय जांच एजेंसी उसे यूएई भारत ले आई है। मुनियाद ने ही खाड़ी देशों से भारत तक गोल्ड तस्करी का अवैध नेटवर्क तैयार किया है। वह चार साल से फरार था। अब मंगलवार को उसे एनआईए कोर्ट में पेश किया जाएगा। रेड कॉर्नर नोटिस जारी होने के बाद इनपुट मिला कि मुनियाद यूएई में है। यहां यूएई और आबूधाबी की टीमों की मदद से उसे पकड़कर भारत लाया गया। इसके बाद उसे एनआईए की टीम को सौंप दिया गया है। अब तक की जांच में सामने आया था कि मुनियाद इंटरनेशनल गोल्ड तस्करी के नेटवर्क में शामिल है। मुनियाद ने अपने साथियों के साथ मिलकर रियाद, सऊदी अरब से भारत में सोने की अवैध तस्करी का प्लान और नेटवर्क तैयार किया था।

# रवि जैन ने किया विरासत संग्रहालय का निरीक्षण



**जयपुर।** पर्यटन शासन सचिव रवि जैन ने मंगलवार को किशनपोल बाज़ार स्थित विरासत संग्रहालय का दौरा किया। उन्होंने हवामहल स्मारक का अवलोकन किया और जलमहल का भी दौरा कर वहां सौंदर्यकरण, बोटिंग और वाटर लेजर शो के लिए संभावनाओं को समझा और अधिकारियों के साथ चर्चा की।

इस दौरान पर्यटन सचिव ने विरासत संग्रहालय की रूफ़ पर रेस्टोरेंट बनाने की सम्भावनाओ पर अधिकारियों से विचार विमर्श किया। वहीं हेरिटेज वॉक के रास्ते का निरीक्षण कर हवा महल को अंदर से देखा। उन्होंने विशेष तौर पर विभिन्न दरवाजो पर बैतरतीब लगे वायर, केबल को देखकर उनको व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। जिससे यहां आने वाले पर्यटकों को असुविधा न हो। रवि जैन ने न्यू गेट के बाहर अजमेरी गेट की तर्ज पर पर्यटन की दृष्टि से विकास कार्य किये जाने संभावनाओं लिए मौका मुआयाना किया। शासन सचिव ने इस दौरान स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक सुराणा, पुरातत्व विभाग के निदेशक डॉ. पंकज धरेंद्र, पर्यटन विभाग के अतिरिक्त निदेशक राकेश शर्मा, पर्यटन विभाग के उपनिदेशक उपेन्द्र सिंह शेखावत, हवामहल स्मारक की अधीक्षक सरोजनी चँचलानी उपस्थित थे।

# पार्किंग स्थल पर अव्यवस्था हेरिटेज निगम व ठेकेदार पर हर्जाना

**जयपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग, जयपुर-तृतीय ने पार्किंग स्थल पर अव्यवस्थाओं से जुडे मामले में हेरिटेज नगर निगम, ठेकेदार व गणपति प्लाजा के जीएम पर संयुक्त तौर पर 50 हजार रुपए हर्जाना लगाया है। आयोग के अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन माथुर व सदस्य सीमा शर्मा ने यह आदेश दीपक वर्मा के परिवाद पर दिए। आयोग ने कहा कि पार्किंग स्थल पर नगर निगम का बोर्ड और ठेकेदार के नंबर होने चाहिए, लेकिन अधिकतर स्थानों पर ना तो बोर्ड होता है, ना ठेकेदार के नंबर और उसके ठेके की अवधि भी नहीं होती। इस के चलते इन जगहों पर आम उपभोक्ता को परेशानी का सामना करना पडता है।

परिवाद में कहा गया कि वह 10 अप्रैल 2023 को दोपहर ढाई बजे अपने दुपहिया वाहन को गणपति प्लाजा के बाहर खडा कर गुलाब चाय वाले के पास बैठा था। वह 15 मिनट बाद जब अपने वाहन के पास पहुंचा तो वहां एक व्यक्ति आया और खुद को नगर निगम का कर्मचारी बताकर 15 रुपए पार्किंग शुल्क वसूले। परिवादी ने घर जाकर देखा तो पता चला कि यह शुल्क 2 घंटे के लिए था। इसे उपभोक्ता आयोग में चुनौती देते हुए कहा कि पार्किंग स्थल पर कहीं पर भी बडे अक्षरों में शुल्क व अवधि के बारे में नहीं लिखा था। वहीं पार्किंग पर्ची पर भी शुल्क और उसके ऑफिस का पता भी अंकित नहीं था। ऐसे में गणपति प्लाजा के बाहर सडक पर अवैध तरीके से कब्जा कर पार्किंग शुल्क वसूला जा रहा है। नगर निगम ने जवाब में कहा कि उन्होंने 26 मई 2023 से 25 मई 2024 की अवधि के लिए ई-ऑक्शन कर पार्किंग का ठेका दिया है। परिवादी की ओर से पेश पर्ची में कहीं पर भी हेरिटेज निगम नहीं लिखा है, इससे उनका कोई संबंध नहीं है। आयोग ने दोनों ओर की बहस सुनकर कहा कि पर्ची पर ठेकेदार के दस्तखत हैं, लेकिन यह चौंकाने वाला है कि परिवादी से 15 मिनट के लिए 15 रुपए वसूले हैं।

# हैरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर को बुधवार शाम तक निलंबित करेगी राज्य सरकार

## नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने निलंबन कार्रवाई की बात स्पष्ट की

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** हैरिटेज नगर निगम जयपुर की महापौर मुनेश गुर्जर को राज्य सरकार बुधवार शाम तक निलंबित कर देगी। नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने मंगलवार को मीडिया से बात करते हुए साफ कहा कि, महापौर मुनेश गुर्जर को 24 घंटे में (बुधवार तक) खुशखबरी मिल जाएगी।

उन्होंने कहा कि सरकार के स्तर पर मेयर मुनेश के खिलाफ सभी सबूत इकट्ठा कर लिए गए हैं। अब वह किसी भी परिस्थिति में नहीं बच सकती। पहले उनके निलंबन की कार्रवाई होगी, उसके बाद हैरिटेज निगम के पार्षदों में से कार्यवाहक महापौर बनाया जाएगा। चूंकि जयपुर हैरिटेज निगम में महापौर की ओ.बी.सी. महिला सीट होने के कारण भाजपा इसी वर्ग से अपना कार्यवाहक महापौर बनायेगी।

ज्ञात रहे कि महापौर मुनेश गुर्जर के पति सुशील गुर्जर को ए.सी.बी. ने पट्टे बनाने की एवज में 41 लाख रुपए की रिश्वत मामले में गिरफ्तार किया था। उन पर आरोप था कि पट्टे जारी करवाने के लिए दो दलालों के जरिए रिश्वत मांगी गई थी। सुशील के साथ दलाल नारायण सिंह और अनिल दुबे को भी गिरफ्तार किया था। उस वक्त एसीबी की ओर से महापौर मुनेश के घर से तलाशी में पट्टे की फाइलें मिली थीं। इसके साथ ही 41 लाख रुपए भी मिले थे। वहीं दलाल नारायण सिंह के घर से भी 8.95 लाख रुपए मिले थे। इस प्रकरण की जांच एसीबी द्वारा की जा रही थी। उस समय मुनेश को मेयर पद से निलंबित किया गया था, हालांकि बाद में हाईकोर्ट ने निलंबन रद्द कर दिया था।

वहीं सोमवार को राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता जीएस गिल ने राजस्थान हाईकोर्ट में जानकारी दी कि गत 6 सितंबर को मेयर मुनेश गुर्जर के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति जारी कर दी गई है। इस पर हाईकोर्ट ने मुनेश गुर्जर के खिलाफ चालान पेश करने के लिए 2 सप्ताह का समय दिया था।

मुनेश गुर्जर के खिलाफ जारी हुई अभियोजन स्वीकृति के बाद जयपुर में सियासी हलचल तेज हो गई है। बीजेपी पार्षद जहां नए मेयर को लेकर लॉबिंग में जुटे हुए हैं।

वहीं कांग्रेसी पार्षद भी मुनेश गुर्जर के निलंबन की मांग को लेकर लगातार यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा के संपर्क में है। मंगलवार को भी बीजेपी और कांग्रेसी पार्षद यूडीएच मंत्री से मिलने उनके आवास पर पहुंचे थे। जहां मंत्री ने मुनेश गुर्जर के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# पिछवाई कला को देखने उमड़े दिल्ली के कलाप्रेमी

**जयपुर, (कासं)।** राजस्थान का प्रसिद्ध ट्रेडिशनल आर्टफॉर्म पिछवाई की विलासिता देश की राजधानी दिल्ली जा पहुंची, इंडिया गेट स्थित बीकानेर हाउस में राजस्थान पर्यटन और रघुकुल ट्रस्ट के सहयोग से दर्शनम पिछवाई काला प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान भक्तिमय रस में डूबे लगभग 30 कलाकारों ने अपने द्वारा निर्मित की गई पेंटिंग्स को कलाप्रेमियों के लिए डिस्प्ले किया।

प्रदर्शनी में राजस्थान के प्रमुख कलाकार विजेंद्र बंसल की कलाकृतियाँ प्रदर्शित की गई हैं। इस दौरान दर्शनम के तहत निशुल्क पिचवाई कला कार्यशाला का आयोजन भी किया गया, जिसमें स्कूल के बच्चे, इंटीरियर्स डिजाइनर और अन्य लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश, बदमाशों ने ट्रैक पर सीमेंट के ब्लॉक रखे

## अजमेर के सराधना और बांगड़ ग्राम रेलवे स्टेशन के बीच दो स्थानों पर बदमाशों ने सीमेंट के 70 किलो वजनी ब्लॉक रख दिये

- फुलेरा से अहमदाबाद जा रही मालगाड़ी बेपटरी होते-होते बची, ट्रेन इन्हें तोड़ते हुए आगे निकल गई और कोई हादसा नहीं हुआ
- मामले में मांगलियावास थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की, सिविल पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल मिलकर मामले में जांच कर रहे हैं

**अजमेर,** (कासं)। प्रदेश में 17 दिन में तीसरी बार ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश हुई है। इस बार अजमेर में सराधना और बांगड़ ग्राम रेलवे स्टेशन के बीच दो स्थानों पर बदमाशों ने सीमेंट के 70 किलो वजनी ब्लॉक रख दिए। गनीमत रही कि ट्रेन इन्हें तोड़ते हुए आगे निकल गई और कोई हादसा नहीं हुआ।

मामला फुलेरा से अहमदाबाद मार्ग पर रविवार रात का है। उजागर सोमवार रात्रि में हुआ। यह मालगाड़ी फुलेरा से अहमदाबाद जा रही थी। इस मामले में मांगलियावास थाना पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। सिविल पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल मिलकर मामले में अनुसंधान कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार इससे पहले 28 अगस्त को बारां के छबड़ा में मालगाड़ी के ट्रैक पर बाइक का स्क्रैप फेंका गया। इस घटना में इंजन बाइक के कबाड़ से टकरा गया। वहीं 23 अगस्त को पाली में अहमदाबाद-जोधपुर वंदे भारत ट्रैक पर रखे सीमेंट ब्लॉक से टकरा गई थी। हालांकि, बड़ा हादसा होने से टल गया था।



एक किमी के दायरे में दो जगह पर सीमेंट के ब्लॉक रखकर ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश नाकाम हुई।

**दो जगह रखे गए थे ब्लॉक रिपोर्ट :-** डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन (डीएफसीसी) कर्मचारी रवि बुंदेला और विश्वजीत दास ने दर्ज करवाई रिपोर्ट के अनुसार 8 सितंबर की रात 10:36 बजे सूचना मिली कि ट्रैक पर सीमेंट का ब्लॉक रखा हुआ है। मौके पर पहुंचे तो पाया कि वह टूटकर गिरा हुआ है। एक किमी आगे एक और ब्लॉक टूट कर साइड में रखा हुआ था। ये दोनों ब्लॉक अलग-अलग जगह पर रखे हुए थे। इसके बाद डीएफसीसी और रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स ने मिलकर सराधना से बांगड़ ग्राम स्टेशन तक पेट्रोलिंग की। इस दौरान स्थिति सामान्य पाई गई। एक किमी के दायरे में 2 जगहों पर सीमेंट के ब्लॉक रखकर ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश थी।

असिस्टेंट प्रोजेक्ट मैनेजर हरिकिशन मीणा ने बताया कि रविवार की रात को 10:36 बजे बांगड़ ग्राम स्टेशन अधीक्षक ने सूचना दी। इसके बाद ट्रैक जांचा गया। एक किमी के दायरे में आमने-सामने की लाइन में 2 जगहों पर ब्लॉक पाए गए, जो इंजन के टकराने से टूट गए थे। सराधना से बांगड़ ग्राम तक स्टाफ ने पेट्रोलिंग की। ब्लॉक टकराने के अलावा सब कुछ सामान्य था। मामले में मांगलियावास थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है।

इस मामले में अजमेर के मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय के जनसम्पर्क निरीक्षक से जानकारी चाही गई तो ज्ञात हुआ कि उनका इस मामले में सीधा कोई सरोकार नहीं है। प्रकरण डीएफसीसी से जुड़ा हुआ है, इसलिए आगे की कार्यवाही भी वे ही कर रहे है। मुकदमा दर्ज कराया गया है। ट्रेक को नुकसान नहीं है।

# डमी अभ्यर्थी बैठाकर चयन कराने वाला एजेंट गिरफ्तार

## वरिष्ठ अध्यापक ग्रेड द्वितीय 2018 परीक्षा में डमी अभ्यर्थी बैठाकर चयन कराने का मामला

**बांसवाड़ा,** (निसं)। कुशलगढ़ थाना पुलिस ने अध्यापक भर्ती परीक्षा में डमी अभ्यर्थी बैठाकर चयन कराने वाले एजेंट को गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी सवाईसिंह ने बताया कि बागीदौरा वृत्ताधिकारी विनय चौधरी ने रिपोर्ट दी कि उन्हें गोपनीय परिवाद प्राप्त हुआ कि संतोष पुत्र कानहेंग सुरावत निवासी रुपाखेड़ा हाल प्रधानाध्यापक रा.प्रा.वि. हाथिया दिल्ली पीओ बगायचा पुलिस थाना कुशलगढ़ व सुमित्रा कुमारी अड पुत्री कलसेंग अड निवासी लोहारिया बड़ा पीओ लोहारिया बड़ा ने वरिष्ठ अध्यापक ग्रेड द्वितीय 2018 की परीक्षा में अपने स्थान पर डमी अभ्यर्थी बैठाकर परीक्षा उत्तीर्ण कर नौकरी पा ली। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं एवं सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम व राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर अनुसंधान का जिम्मा थानाधिकारी सवाई सिंह को सौंपा।



कुशलगढ़ थाना पुलिस ने अध्यापक भर्ती परीक्षा में डमी अभ्यर्थी बैठाकर चयन कराने वाले एजेंट को गिरफ्तार किया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए आईजीपी एस. परिमला ने जांच के विशेष निर्देश दिये जिस पर पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला के निर्देशन में एएसपी राजेश भारद्वाज, कुशलगढ़ वृत्ताधिकारी शिवन्या सिंह व बागीदौरा वृत्ताधिकारी विनय चौधरी के सुपरविजन में विशेष टीम गठित की गयी। इस टीम ने सुमित्रा कुमारी अड हाल प्रधानाध्यापक राप्रावि नवापाडा पीओ लोहारिया बड़ा थाना कुशलगढ़ को 24 अगस्त को गिरफ्तार कर अनुसंधान किया तो डमी कैंडिडेट के माध्यम से चयन करवाने का सौदा सकन सिंह खड़िया पुत्र हुरतेंग खड़िया निवासी बगायचा से होना पाया गया। जिस पर सकन सिंह को प्रोडक्सन वारंट सेंट्रल जेल जयपुर से गिरफ्तार कर अनुसंधान किया गया।

पूछताछ में सकन सिंह ने बताया कि विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के साथ उक्त अध्यापक भर्ती परीक्षा में डमी कैंडिडेट बैठाने का सौदा सुनील कुमार विश्नोई से हुआ था और डमी कैंडिडेट की व्यवस्था भी सुनील ने ही की थी, जिस पर सुनील को गिरफ्तार किया गया। सुनील वर्तमान में राउमावि कारोला जिला सांचौर में भूगोल व्याख्याता के पद पर कार्यरत है। पुलिस टीम में कुशलगढ़ थानाधिकारी सवाईसिंह, उपनिरीक्षक रमेशचंद्र, कांस्टेबल भुवनेश्वर, दिनेशचंद्र, दिनेशचंद्र व सतीश कुमार शामिल रहे।

# ऑनलाइन आवेदन की तिथि 15 सितंबर तक

- स. सांख्यिकी अधिकारी भर्ती-2024 एवं सहायक अभियंता संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती-2024 एवं सहायक अभियंता संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2024 के संबंध में शुद्धि-पत्र जारी कर ऑनलाइन आवेदन की अंतिम दिनांक 15 सितंबर 2024 रात्रि 12 बजे तक कर दी गई है। विज्ञापन की शेष शर्तें यथावत रहेगी। संबंधित शुद्धि-पत्र संख्या 10/2024-25 तथा शैक्षणिक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया एवं अन्य जानकारी संबंधी विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

आयोग सचिव ने बताया कि 5 अगस्त को राजस्थान राज्य अभियांत्रिकी सेवाओं के अन्तर्गत सहायक अभियंता के कुल 1014 पद तथा आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग हेतु सहायक सांख्यिकी अधिकारी के 43 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी किया गया था। इसमें सहायक सांख्यिकी अधिकारी पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन अवधि 12 अगस्त से 10 सितंबर की रात्रि 12 बजे तक एवं सहायक अभियंता के पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन अवधि 14 अगस्त से 12 सितंबर की रात्रि 12 बजे तक निर्धारित की गई थी। तकनीकी कारणों से उक्त पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन की अवधि को बढ़ाया गया है। निर्धारित अवधि के बाद ऑनलाइन आवेदन का लिंक निष्क्रिय हो जाएगा। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। परीक्षा तिथि व स्थान के संबंध में यथा समय सूचित कर दिया जाएगा।

# तीसरे दिन भी पकड़ से दूर रहा आदमखोर तेंदुआ

## ट्रेप कैमरे व ड्रोन से की जा रही है तेंदुए की तलाश

- विजिबिलिटी कम होने से दिक्कत आ रही है

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर जिले के झाड़ोल उपखण्ड में नेशनल हाईवे-58 ई के पास कीरट वनखंड में महिला को मारने वाले लेपर्ड का मंगलवार को तीसरे दिन तक पता नहीं लग पाया है।

वन विभाग की रेस्क्यू टीम जंगल के आस-पास लगातार निगरानी बनाए हुए हैं। ड्रोन की मदद से लेपर्ड (तेंदुआ) की लोकेशन पता की जा रही है, हालांकि जंगल में विजिबिलिटी कम होने से दिक्कत आ रही है। संभावित जगहों पर पिंजरा भी लगाया गया है। पहाड़ी पर लंबी घास होने से लेपर्ड के दिखने में मुश्किल हो रही है। वन विभाग की टीम पहाड़ी की चोटी पर बैठकर जंगल में निगरानी बनाए हुए हैं। इसके साथ ही मूवमेंट देखने के लिए सात ट्रैप कैमरे लगाए गए है। इधर, ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार लकड़ी काटने गई महिला को एक तेंदुए ने अपना शिकार बनाया था। घटना तीन दिन पहले रविवार की है जब महिला रामली बाई पत्नी हरजीलाल अहारी निवासी मगवास लकड़ी काटने कीरट के जंगल में गई थी, जहां झाड़ियों में छिपे लेपर्ड ने उसे अपना शिकार बना लिया। सूचना पर वन विभाग और झाड़ोल थाना पुलिस पहुंची। महिला को जंगल में तलाशने की कोशिश की तो एक जगह झाड़ियों में महिला का शव पड़ा हुआ मिला, जिसमें धड़ और सिर अलग-अलग पड़े हुए थे। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे जाम कर दिया था। ग्रामीण परिवार के एक सदस्य को नौकरी और मुआवजे की मांग पर अड़ गए थे। पांच घंटे समझाइश और आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ था। उल्लेखनीय है कि बीते तीन महीने इस क्षेत्र में लेपर्ड एक महिला और बच्चे सहित तीन जनों को शिकार बना चुका है।

# सर्पदंश से युवक की मौत

**मसूदा,** (निसं)। कृषि कार्य करते समय सर्प के काट लेने से युवक की मौत हो गई। ग्राम भवानी खेड़ा (धोलादाता) निवासी हनुमान ने बताया कि सोमवार को रात्रि 10 बजे के करीब मेरा छोटा भाई जो काका का लड़का सुलेमान पुत्र अमीन काठात भवानी खेड़ा मसूदा में हमारे खेतों की रखवाली करके खेतों से वापस घर लौट रहा था। तभी अचानक जहरीले सर्प के काटने से उसकी तबीयत बिगड़ने से उसे मसूदा चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद तबीयत ज्यादा बिगड़ने के कारण ब्यावर अमृत को चिकित्सालय के लिए रेफर किया और ब्यावर चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार की मौत

- हादसे में एक युवक घायल, अस्पताल में भर्ती कराया

**सादुलपुर,** (निसं)। गोगामेडी दर्शन करने के लिए आये श्रद्धालुओं की मोटरसाइकिल को एक स्कॉर्पियो गाड़ी के चालक द्वारा तेजगति व लापरवाही से चलाकर टक्कर मारने से एक की मौत हो गई तथा दूसरा घायल हो गया, जो उपचाराधीन है। इस संबन्ध में मंगलवार को सिद्धमुख थाना पुलिस ने घटना का मौका निरीक्षण कर मामला दर्ज किया है तथा मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

थानाधिकारी रामकरण सिद्धू ने बताया कि पिन्टू पुत्र बाबूलाल मेघवाल (30) निवासी तेजपुरा पुलिस थाना मुण्डावर तहसील मुण्डावर जिला खेरथल-तिजारा ने मामला दर्ज करवाया है कि वह आठ सितम्बर को गोगामेडी दर्शनार्थ हेतु परिवार सहित आये थे। दर्शन कर वापिस लौटते समय नौ सितम्बर को उसका चचेरा भाई मनोज कुमार पुत्र रामकुमार निवासी तेजपुरा तहसील मुण्डावर तथा महासिंह कुम्हार निवासी जागुवास, बहरोड दोनों उनकी कार से आगे-आगे अपनी मोटरसाइकिल पर चल रहे थे।

इसी बीच सिद्धमुख कस्बा पार करने के बाद राजगढ़ मार्ग पर एक स्कॉर्पियो चालक ने लापरवाही एवं गफलत में गाड़ी को चलाते हुए मनोज कुमार एवं महासिंह के टक्कर मार दी। उसी दौरान मनोज कुमार की मंगलवार को राजगढ़ के राजकीय अस्पताल में ईलाज के दौरान मौत हो गई तथा महासिंह को गम्भीर हालात में हिसार अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिसका हिसार अस्पताल में ईलाज चल रहा है। सिद्धमुख थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भाजपा विकास के मुद्दे पर बात नहीं करना चाहती : राजकुमार रोत

## भाजपा सासंद रावत भड़काऊ बयान देकर माहौल बिगाड़ने कोशिश कर रहे हैं : बांसवाड़ा सांसद राजकुमार रोत

- बाप पार्टी के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों आदिवासी युवाओं ने भाग लिया

**उदयपुर,** (कासं)। भारतीय आदिवासी पार्टी (बाप) के स्थापना दिवस के मौके पर मंगलवार को अशोक नगर स्थित विज्ञान समिति सभागार में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बांसवाड़ा सांसद राजकुमार रोत ने कहा कि भाजपा विकास के मुद्दे पर बात नहीं करना चाहती, केवल और केवल धर्म के नाम पर राजनीति करना चाहती है

कार्यक्रम के बाद सैकड़ों कार्यकर्ताओ के साथ जिला कलेक्ट्री पहुंचकर रोत ने भजनलाल सरकार के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर भाजपा के आदिवासी विरोधी रवैये पर रोक लगाने की मांग की। कलेक्ट्रेट पर सभा को संबोधित करते हुए राजकुमार रोत ने उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि रावत उन आदिवासियों के घर जलाने की बात कर रहे हैं जो कि बाप पार्टी से जुड़ रहे हैं। इसकी शिकायत प्रशासन से की गई लेकिन किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं होने से लसाडिया में माहौल बिगड़ा और वहां पर बाप पार्टी के विधायक सहित कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट हुई। रोत ने यह भी कहा कि सांसद रावत के खिलाफ जो शिकायत की है उस पर मुकदमा दर्ज होना चाहिए, ताकि आगे इस तरह के भडकाउ नहीं दे सकें।

रोत ने कहा कि भाजपा विकास के मुद्दे पर बात नहीं करना चाहती, इसके अलावा आदिवासी इलाकों में बेराजगारी, शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में जो कमिया है उन पर बात न करके केवल और केवल धर्म के नाम पर राजनीति करना चाहती है इससे माहौल बिगड़ रहा है और अब तो उनकी पार्टी के लोग ही उनके खिलाफ बोलने लगे हैं। भाजपा और बाप पार्टी के बीच गठबधंन को लेकर सासंद राजकुमार रोत से पूछे गए सवाल पर रोत ने कहा कि भाजपा के प्रदेश प्रभारी को राजकुमार रोत अच्छा लगता है लेकिन प्रदेशाध्यक्ष को रोत खराब लगता है। रोत ने स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने की मंशा जाहिर की। रोत ने कहा कि भाजपा में ही विरोधाभास है तो कैसे गठबधंन हो सकता है।

# आयोग ने साक्षात्कार दिनांक जारी की

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा- 2023 के अन्तर्गत एप्लाइड आर्ट विषय के 5 पदों के लिए साक्षात्कार का आयोजन 19 एवं 20 सितंबर 2024 को तथा लॉ विषय के 25 पदों के लिए साक्षात्कार का आयोजन 24 से 27 सितंबर 2024 तक किया जाएगा। आयोग सचिव ने बताया कि अभ्यर्थियों के साक्षात्कार-पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथासमय अपलोड कर दिए जाएंगे। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण-पत्र मय फोटो प्रति साथ अवश्य लाएं अन्यथा साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि जिन अभ्यर्थियों ने विस्तृत आवेदन पत्र आयोग को प्रस्तुत नहीं किए हैं, वे अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर लें और उसे साक्षात्कार के समय दो प्रतियों में मय समस्त प्रमाण पत्रों की फोटो प्रतियों सहित आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें।

# पंच-पटलों ने परिवार का हुक्का-पानी बंद किया

- अजमेर के रहने वाले पीड़ित ने अलवर गेट पुलिस थाने में शिकायत दी

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर जिले के अलवर गेट थाना इलाके में पंचों के द्वारा परिवार को समाज से बहिष्कृत करने और उनका हुक्का-पानी बंद करने का मामला सामने आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अजमेर के नेहरू नगर के रहने वाले पप्पूनाथ ने अलवर गेट पुलिस थाने में शिकायत देकर बताया कि 23 मई 2023 को साधुनाथ ने मेरी दुकान पर आकर मेरे साथ झगड़ा और मारपीट की। इस मामले को लेकर मैने पुलिस में शिकायत की थी लेकिन पुलिस ने कोई भी कार्रवाई नहीं की, बल्कि मुझे और मेरे दोस्तों को ही पुलिस से मिलीभगत करके 151 में बंद करवा दिया। इसके बाद 18 अगस्त 2024 को साधुनाथ ने सामाजिक पंचों के साथ मिलीभगत की। इसके बाद महावीरनाथ, गोरूनाथ, सांवरानाथ, कालूनाथ, भोपनाथ, ताराचंद और मोहननाथ ने मिलकर पप्पूनाथ और उसके परिवार को समाज से बहिष्कृत कर दिया और आर्थिक रूप से 22 हजार रुपए का जुर्माना लगाया और समाज में हुक्का-पानी बंद करवा दिया। साथ ही परिवार पर दबाव डाला कि 22 हजार रुपए नहीं देने पर जुर्माना डबल देना होगा, जिसमें से 10 हजार रुपए तो पप्पूनाथ ने दे भी दिए। अब दबाव बना रहे हैं कि 22 हजार रुपए और पंचों का खर्च नहीं दोगे तो जो लोग तुमसे बात करते हैं उनका भी का पानी बंद कर देंगे। फिलहाल अलवर गेट पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# पत्नी ने पति को रंगरेलियां मनाते हुये पकड़ा

- आरोपी पति ने पत्नी और उसके परिजनों के साथ मारपीट की

**भीलवाड़ा।** विजयराज़े सिंधिया मेडिकल कॉलेज भीलवाड़ा के एक चिकित्सकक की घिनौनी करतूत सामने आई है। किराए के मकान में रंगरेलियां मना रहे चिकित्सक को उसकी पत्नी ने रंगे हाथों पकड़ा तो आरोपी चिकित्सक ने पत्नी और उसके परिजनों के साथ मारपीट की। वहीं रंगरेलिया माना रही लड़की के साथ मौके से फरार हो गया।

मूलतः जयपुर की रहने वाली प्रियंका पति कृष्ण कुमार सूरेला ने बताया कि 30 मार्च 2023 को कृष्ण कुमार पिता मोतीलाल सुरेला, अजमेरी जिला सीकर निवासी के साथ उसका हिंदू रीति-रिवाज के साथ विवाह हुआ था, लेकिन शादी के पहले दिन से ही कृष्ण कुमार उससे दूरियां बनाए हुए था और उससे बात करने में भी कतराता था। कुछ दिन बाद ही कृष्ण कुमार पढ़ाई का बहाना कर भीलवाड़ा मेडिकल कॉलेज में आ गया और पत्नी से बात करना बिल्कुल बंद कर दिया। उसकी इन हरकतों की वजह से जब प्रियंका को आशंका हुई कि वह अन्य किसी महिला के संपर्क में है तो आज वह अपने माता-पिता के साथ भीलवाड़ा पहुंची और सांगानेर रोड पर किराए के मकान में रह रहे कृष्ण कुमार के कमरे पर गई जहां वह मेडिकल कॉलेज की ही एक अन्य छात्र के साथ रंगरेलियां मनाते हुए मिला। यह देख पत्नी के पैरों तले जमीन खिसक गई, लेकिन आरोपी चिकित्सक ने उसकी एक नहीं सुनी और उसके और उसके माता-पिता के साथ हाथापाई और मारपीट कर मेडिकल कॉलेज की छात्रा के साथ मौके से भाग छूटा। पीड़ित पत्नी का कहना है कि कृष्ण कुमार मेडिकल कॉलेज भीलवाड़ा में माइक्रोबायोलॉजी में पीजी कर रहा है और सांगानेर रोड पर किराए के मकान में रहकर रंगरेलियां करते हुए पकड़ा गया है। पीड़िता ने इस संबंध में सुभाष नगर थाने में रिपोर्ट दी है जिसकी फिलहाल पुलिस गहनता से जांच कर रही है।

# विवाहिता की मौत, दहेज हत्या के आरोप में मामला दर्ज

## मृतका के भाई ने पति सहित ससुराल वालों पर मामला दर्ज करवाया

**सादुलपुर,** (निसं)। हरियाणा सीमा पर स्थित गांव गोठ्या बड़ी में एक विवाहिता की मौत के मामले में राजगढ़ पुलिस ने मंगलवार को विवाहिता के पति सहित सास, ससुर, ननद व नन्दोई के खिलाफ दहेज हत्या के आरोप में मामला दर्ज किया है।

थानाधिकारी पुष्पेंद्र सिंह झाझड़िया ने बताया कि संजय सिंह निवासी तलवाना तहसील नीमराणा जिला कोटपूतली बहरोड ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि उसकी बहन सुषमा पुत्री देशराज सिंह राजपूत की शादी 23 नवम्बर 2023 को हिंदू रीति-रिवाज से अरविंद सिंह पुत्र पेप सिंह राठौड़ निवासी गोठ्या बड़ी तहसील राजगढ़ के साथ की थी। शादी में हैसियत से बढ़कर दान दहेज दिया था और सोने-चांदी के आभूषण नगद राशि भी दी गई थी, लेकिन शादी के बाद से उसकी बहन के ससुर पेप सिंह, सास सुमन, पति अरविंद सिंह, देवर अजय सिंह, ननद सीमा नन्दोई आदि सभी मिलकर उसकी बहन को कम दहेज को लेकर मारपीट और परेशान कर प्रताड़ित करने लगे। दहेज में चार पहिया गाड़ी और नगद रुपए की मांग करने लगे। इसी बात को लेकर उसकी बहन परेशान होकर तीन महीने तक उनके घर तलवाना में रही, लेकिन बहन का घर बसाने के लिए तथा यह सोचकर कि बहन के ससुराल वालों व्यवहार में बदलाव हो जाएगा। अपनी बहन को समझाकर 23 अगस्त 2024 को गोठ्या बड़ी में स्थित उसके ससुराल में भेज दिया। ससुराल आने के बाद सुषमा के ससुराल वाले सुषमा पर और अधिक अत्याचार और परेशान करने लगे। सुषमा को तंग करने तथा गाली-गलौच करने लगे और सभी हदें पार करने लगे। यहां तक की सुषमा के हाथ से रोटी खाना तक छीनने लगे। उसने अपनी बहन को उसकी जरूरी खर्च बाबत दस हजार नगद दिए थे। वह भी उसके पति अरविंद सिंह ने सुषमा से छीन लिए।



विवाहिता की मौत के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई की।

आरोप लगाया कि सभी आरोपी एकराय होकर उसकी बहन की हत्या की साजिश करने लगे। गत नौ सितंबर को सभी ने साजिश के तहत उसकी बहन की हत्या कर दी। इसके बाद ससुर पेप सिंह ने उनको गुमराह करने के लिए लगभग 5.30 बजे शाम को घर पर फोन किया और बताया कि सुषमा घर से लापता है। इसके बाद लगभग 15 मिनट बाद उसके पिता देशराज सिंह ने फोन कर पेपसिंह से सुषमा के बारे में पूछा बताया कि सुषमा घर पर कमरे में ही मिल गई है, लेकिन उसके पिता पेप सिंह अत्यधिक परेशान थे, इसलिए उन्होंने सुषमा से फोन पर तुरंत बात करने की कही तो पेप सिंह ने कहा किससे बात करवाये सुषमा रही ही नहीं। हत्या की आशंका को देखते हुए शाम को 6.30 बजे पुलिस कंट्रोल रूम चूरू को सूचना दी, फिर हम घर से लगभग 6.30 बजे चलकर रात को लगभग दस बजे पहुंचे तो सुषमा मृत पाई गई तथा पुलिस वहां पर मौजूद थी। इसके बाद उन्होंने सुषमा के मृत शरीर को पुलिस की सुरक्षा में उप जिला अस्पताल राजगढ़ के शव गृह में रखवाया। पुलिस ने दहेज हत्या के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



मैं और कोहली एक-दूसरे के साथ काफी अच्छे से पेश आते हैं। हम समय-समय पर एक-दूसरे को मैसेज करते हैं। वह शानदार इंसान होने के साथ-साथ एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। विराट विपक्ष टीम पर हावी होने की कोशिश करते हैं, वो कमाल है। - स्टीव स्मिथ

ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज, विराट कोहली की प्रशंसा की।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — नदीम राणा



भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज का आगाज 19 सितंबर से होने जा रहा है। इस सीरीज में नदीम राणा का अहम रोल रहने वाला है। दरअसल, पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में बांग्लादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा का रोल बहुत अहम रहा था। बांग्लादेश ने पाकिस्तानी के खिलाफ 2-0 से क्लीनस्वीप किया था और नाहिद राणा ने इस सीरीज में 6 विकेट अपने नाम किए थे। वहीं नाहीद राणा अब भारत के खिलाफ प्लान बना रहे हैं। जिससे टीम इंडिया के बल्लेबाजों को उनसे निपटना बड़ी चुनौती होगी 21 सास का ये गेंदबाज 6.2 इंच लंबा है।

**क्या आप जानते हैं ?...** उन्नीसवीं सदी तक बॉक्सिंग को हिंसक खेल माना जाता था और इस पेशेवर खेल से प्रतिबंध 1901 में हटा।


### नोएडा स्टेडियम की घटिया तैयारियां

## मौसम साफ होने पर भी नहीं हो पाया अफगानिस्तान-न्यूजीलैंड का मैच

नोएडा, 10 सितम्बर। अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड टेस्ट मैच नहीं हो पा रहा है। दरअसल, इन दोनों के बीच भारत में खेला जाने वाला टेस्ट मैच दूसरे दिन भी शुरू नहीं हो सका। दोनों टीमें खेलने को तैयार हैं, मौसम भी साफ है लेकिन नोएड स्टेडिया की खराब तैयारी ने पूरा मैच खराब कर दिया है। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में इससे खराब स्थिति शायद ही कभी देखने को मिली होगी।

दो दिन से बारिश नहीं हुई हो और इसके बावजूद मैदान गीला होने के चलते खेल नहीं हो पा रहा है।अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच 9 सितंबर से टेस्ट मैच प्रस्तावित है। ये मैच ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होना है। दोनों टीमें इसके लिए काफी पहले ही नोएडा आ चुकी हैं। लेकिन खेल नहीं हो पा रहा है। दरअसल, मैच शुरू होने के एक दिन पहले यहां बारिश हुई, रात में भी बूंदाबांदी होती रही। लेकिन सोमवार को मैच शुरू होना था, उस दिन बिलकुल भी भारिस नहीं हुई। कुछ समय बादल जरूर छाए रहे और कुछ समय धूप खिली, लेकिन स्टेडियम की गीली आउटफील्ड और घटिया जल निकासी के चलते पहले दिन का खेल एक भी गेंद फेंके बिना रद्द करना पड़ा।

इससे भी ज्यादा शर्मनाक स्थिति तो दूसरे दिन देखने को मिली। जब मंगलवार की सुबह से ही धूप खिली और मौसम खेलने के लिए एकदम आइडिल था। लेकिन मैदान की




तैयारियों ने फिर खेल खराब कर दिया। पिच के आसपास इतना गीला था कि खेल हो पाना संभव नहीं था। वहीं इस तरह की स्थिति को देख कर अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक अधिकारी ने सोमवार को ही कहा था कि, यहां बहुत गड़बड़ी है। हम यहां दोबारा कभी वापस नहीं आएंगे। सभी खिलाड़ी यहां की सुविधाओं से नाखुश हैं। हमने संबंधित लोगों से जब बात की थी तो हमें आश्वासन दिया गया था कि सारी तैयारी अच्छी है, लेकिन ऐसा बिलकुल भी नहीं है।

## पूर्व अमेरिकी कप्तान एलेक्स मॉर्गन का फुटबॉल से संन्यास

### विमेंस फुटबॉलर को समान वेतन की आवाज उठाई थी, 2 ओलिंपिक मेडल, 2 वर्ल्ड कप जीते

अमेरिका, 10 सितम्बर। अमेरिका की पूर्व कप्तान एलेक्स मॉर्गन ने रिटायरमेंट ले लिया है। वे एक दिन पहले करियर के आखिरी मुकाबले में सैन डिएगो वेव्स की ओर से विमेंस सॉकर लीग में उतरीं, हालांकि उनकी टीम उत्तरी कैरोलिना के खिलाफ 1-4 से हार गई।डिएगो के लिए यह मॉर्गन का 63वां मैच था। उन्होंने इस लीग में 150वां मुकाबला खेला। 35 साल



की मॉर्गन ने 16 साल लंबे इंटरनेशनल करियर में 2 ओलिंपिक मेडल और 2 बार फीफा वर्ल्ड कप जीते। मॉर्गन ने अमेरिका की नेशनल टीम के लिए 224 मैच खेले। वे 9वीं सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली और 123 गोल के साथ 5वीं सबसे ज्यादा गोल करने वाली खिलाड़ी भी हैं। मॉर्गन वही फुटबॉलर हैं, जिन्होंने सबसे पहले विमेंस प्लेयर्स के लिए समान वेतन की आवाज उठाई थी।

मॉर्गन ने 4 दिन पहले ही रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया था। एक सोशल पोस्ट के जरिए अमेरिकी फुटबॉलर ने बताया था वे अपना आखिरी मैच खेलने जा रही हैं। इस पोस्ट में मॉर्गन ने दूसरी बार मां बनने की जानकारी भी दी थी। मैसेज में मॉर्गन ने बताया कि यह फैसला उनके लिए आसान नहीं था, लेकिन 2024 के शुरुआत से ही वे जानती थीं कि यह उनका आखिरी फुटबॉल सीजन होने वाला है।

## दिलीप ट्रॉफी के दूसरे राउंड में रिंकू इंडिया-बी का हिस्सा




नई दिल्ली, 10 सितम्बर। भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज रिंकू सिंह दिलीप ट्रॉफी के दूसरे राउंड में इंडिया बी की ओर से खेलेंगे। दूसरे राउंड के लिए मंगलवार को सभी टीमों का ऐलान किया गया। बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट के लिए दो दिन पहले टीम इंडिया के ऐलान के बाद दलीप ट्रॉफी में खेल रहे प्लेयर्स नेशनल ड्यूटी की वजह से दूसरे राउंड में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। दलीप ट्रॉफी के पहले मैच में इंडिया बी ने इंडिया ए को 76 रन से हरा दिया था। तब इंडिया ए के कप्तान शुभमन गिल थे। उनके साथ केएल राहुल, ध्रुव जुरेल, कुलदीप यादव और आकाश दीप ये सभी बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली सीरीज में टीम इंडिया का हिस्सा होंगे। इनकी जगह पर प्रथम सिंह, अक्षय वाडकर, शेख रशीद और शम्स मुलानी को शामिल किया गया है। तेज गेंदबाज विद्वत कावेरप्पा पहले दौर में इंडिया ए का हिस्सा थे, जिन्हें अब इंडिया डी में शामिल किया गया है। इंडिया बी से विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और ओपनर यशश्वी जायसवाल की जगह सुयश प्रभुदेसाई, हिमांशु मंत्री और रिंकू सिंह को शामिल किया गया है। सरफराज खान और यश दयाल इंडिया बी के साथ ही रहेंगे और भारतीय टेस्ट टीम को 15 सितंबर के बाद जॉइन करेंगे। इंडिया डी से ऑल-राउंडर अक्षर पटेल और तुषार देशपांडे नहीं खेलेंगे। अक्षर भारतीय टेस्ट टीम का हिस्सा होंगे जबकि तुषार देशपांडे चोटिल होने की वजह से बाहर हो गए हैं। अक्षर की जगह निशांत सिंधु और तुषार की जगह विद्वत कावेरप्पा को शामिल किया गया है। भारत की टीम बांग्लादेश के खिलाफ 19 सितंबर से शुरू हो रही टेस्ट सीरीज से पहले तैयारियों के लिए 12 सितंबर को चेन्नई में प्रिपरेशन कैंप में भाग लेगी।

## कोरिया ने पाक को 2-2 की बराबरी पर रोका

मोकी (चीन), 10 सितंबर। हन्नान शाहिद के 60वें मिनट में पाकिस्तान के लिए लगातार दो गोल की बदौलत पाकिस्तान ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के एक मैच में दक्षिण कोरिया के खिलाफ मैच को बराबरी पर रोक दिया। हन्नान शाहिद ने 60वें मिनट में एक के बाद एक गोल करके पाकिस्तान को बराबरी दिलाने और 2-1 की बढ़त दिलाने का शानदार अंतिम प्रयास किया, लेकिन खराब बचाव के कारण कोरिया को अंतिम हूटर बजने से कुछ सेकंड पहले ही मैदानी गोल करने में सफलता मिल गयी। कोरिया के लिए जिवांग ह्यून ने 16वें और सुंगह्युन किम ने 60वें मिनट में गोल किये। युवा स्ट्राइकर हन्नान शाहिद और अपना 100वां मैच खेल रहे अहमद अजाज पाकिस्तानी आक्रमण के केंद्र थे और खेल के शुरुआती मिनटों में उन्होने हमलावर रुख अपनाते हुये कोरियाई सर्किल में हमले किये। पहला क्वार्टर समाप्त होने में केवल पांच सेकंड बचे थे कि हन्नान ने गोल पर एक अच्छा शॉट लगाया मगर कोरियाई गोलकीपर जेहान किम ने उसे रोक दिया। पहले क्वार्टर में पाकिस्तान गेंद पर कब्जे के मामले में हावी रहा।

## बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में विराट कोहली लगा सकते हैं डबल सेंचुरी : बासित इली

कराची, 10 सितम्बर। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बासित अली ने भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को लेकर भविष्यवाणी की है। दरअसल, इसी महीने 19 सितंबर से भारत और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। जिसके बाद वे न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में उतरेंगी। इन्हीं दो सीरीजों से पहले बासित अली ने कहा कि विराट कोहली बांग्लादेश के खिलाफ शतक नहीं, बल्कि डबल सेंचुरी लगाएंगे।बता दें कि, इससे पहले विराट कोहली इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज नहीं खेले थे, क्योंकि उस दौरान उनके बेटे का जन्म होना था। बासित अली को विश्वास है कि विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट में दमदार कमबैक करेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले टेस्ट मैचों में बड़े शतक उनसे देखने को मिल सकते हैं। बासित ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड सीरीज में आप विराट से बड़ी शतकीय पारियां देखेंगे। सिर्फ 110 या 115 नहीं, आप उनसे 200 रन की पारी भी देख सकते हैं।



## 18 अक्टूबर से प्रो. कबड्डी लीग के 11वें सीजन का आगाज

नई दिल्ली, 10 सितम्बर। अगले महीने यानी अक्टूबर से प्रो कबड्डी लीग के सीजन 11 का आगाज होने जा रहा है। पीकेएल के नए सीजन की शुरुआत 18



अक्टूबर को हैदराबाद में होगी। साथ ही इस सीजन के पहले मुकाबले में तेलुगू टाइटंस की भिड़ंत बेंगलुरु बुल्स के साथ होगी। इस मैच में घरेलू टीम तेलुगू टाइटंस और उसके स्टार रेडर पवन सहरावत का मुकाबला बेंगलुरु बुल्स के लिए वापसी कर रहे प्रदीप नरवाल से होगा।वहीं पहले दिन दूसरे मुकाबले में यू मुंबा का सामना दबंग दिल्ली केसी के साथ होगा।

## भारत के खिलाफ ओपनिंग कर सकते हैं ट्रेविस हेड : एंड्रयू मैक्डोनाल्ड

### कोच ने कहा- टीम मैनेजमेंट जल्द फैसला लेगा, बतौर ओपनर फेल रहे स्टीव स्मिथ

ऑस्ट्रेलिया, 10 सितम्बर। ट्रेविस हेड भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में ओपन कर सकते हैं। वहीं, स्टीव स्मिथ को उनके पुराने रोल पर वापस लाया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैक्डोनाल्ड ने टीम लीडर्स के बीच इस चर्चा की पुष्टि की है। 43 साल के मैक्डोनाल्ड ने कहा- हां, इस बात की चर्चा है, लेकिन हमने कोई ठोस निर्णय नहीं लिया है। अभी सिर्फ बातचीत हो रही है। इस पर कप्तान की राह अहम होगी।



एक दिन पहले एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि स्मिथ बैटिंग ऑर्डर में खुद को डाउन कर सकते हैं। टीम इंडिया को नवंबर महीने में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है। 5 टेस्ट की सीरीज 22 नवंबर से शुरू होगी। वॉर्नर के संन्यास के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने स्टीव स्मिथ से ओपनिंग कराई थी, लेकिन यह जोड़ी फेल रही। स्मिथ-ख्वाजा ने पिछले 4 टेस्ट में 24.85 के एवरेज से 174 रन जोड़े। स्मिथ भी स्कोर नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने इस साल ओपनिंग करते हुए 4 मैचों में 28.50 के एवरेज से 171 रन बनाए। इनमें एक ही फिफ्टी शामिल रही।



## तैयब का निर्विरोध एफआईएच अध्यक्ष चुना जाना तय

स्विट्जरलैंड, 10 सितम्बर। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष तैयब इकराम को नौ नवंबर को ओमान के मस्कट में वैश्विक संचालन संस्था की 49वीं कांग्रेस में निर्विरोध दोबारा अध्यक्ष चुना जाना तय है। एफआईएच चुनावों के लिए नामांकन की समस्य सीमा 31 अगस्त थी। एफआईएच के सदस्य राष्ट्रीय संघ अब इसकी वैधानिक कांग्रेस में पदाधिकारियों का चुनाव करेंगे। इकराम का हॉकी से पुराना नाता है। पाकिस्तान और चीन के पूर्व हॉकी कोच आईओसी ओलंपिक सॉलिडेरिटी आयोग के सदस्य हैं और 2016 से एफआईएच के कार्यकारी बोर्ड के सदस्य हैं।

पांच नवंबर 2022 को उन्हें एफआईएच का 13वां अध्यक्ष चुना गया। एफआईएच चुनाव निरीक्षण पैनल (ईओपी) ने एफआईएच अध्यक्ष और एफआईएच साधारण कार्यकारी बोर्ड के सदस्यों के पदों के लिए नामित सभी उम्मीदवारों का मूल्यांकन भी पूरा कर लिया है और यह निर्धारित किया है कि प्रस्तुत सभी नामांकन आवश्यक मानकों और मानदंडों को पूरा करते हैं। इकराम हांगकांग मकाऊ का प्रतिनिधित्व करते हुए अध्यक्ष पद के लिए एकमात्र उम्मीदवार हैं।

एफआईएच साधारण कार्यकारी बोर्ड की महिला सदस्य के दो पदों के लिए उरुग्वे की डनाये एंड्राडा बारियोस, जर्मनी की कैटरीन कौशके और जाम्बिया की हेजल कैनेडी के बीच मुकाबला है। पुरुष सदस्य के दो पद के लिए अर्जेंटीना के अल्बर्टो डेनियल बुडेस्की, नीदरलैंड के एरिक कॉर्नेलिसन और दक्षिण अफ्रीका के डियोन जेम्स मॉर्गन चुनौती पेश कर रहे हैं। ईओपी कांग्रेस के दौरान चुनाव प्रक्रिया का निरीक्षण करेगा। ईओपी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि एफआईएच चुनाव वैश्विक संचालन संस्था के विभिन्न नियमों के अनुरूप निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न हों। एफआईएच चुनाव में कोई भारतीय हिस्सा नहीं ले रहा।

## फुटबॉल क्लब के मालिक बने संजू सैमसन

### विराट-धोनी की तरह अपनाया बिजनेस मॉड्यूल



नई दिल्ली, 10 सितम्बर। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन फैंस के बीच खासे चर्चित खिलाड़ी हैं। दुनियाभर में उनके कई फैंस मिल जाएंगे, जो उन्हें खेलता देखना चाहते हैं। साथ ही संजू अपने राज्य के सबसे चहेते खिलाड़ियों में से एक हैं। सैमसन का भी अपने राज्य के प्रति प्यार दिखाई देता है। वहीं अब क्रिकेट के साथ वह अब अपने प्रदेश के फुटबॉल खिलाड़ियों को प्रमोट करते हुए दिखेंगे। संजू सैमसन ने बिजनेस की दुनिया में कदम रखा है। वह विराट कोहली और एमएस धोनी की तर्ज पर फुटबॉल क्लब के मालिक बन गए हैं। सैमसन केरला सुपर लीग के क्लब मलप्पुरम एफसी के सह मालिक बन गए हैं।

बता दें कि, बीते सोमवार की शाम इसकी आधिकारिक घोषणा की गई है। कोच्चि के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में मलप्पुरम ने फॉर्का कोच्चि को माद दी थी। इस जीत केबाद सोशल मीडिया पर पोस्ट करके बताया गया कि सैमसन इस क्लब के नए सह मालिक हैं। मलप्पुरम का ये क्लब घरेलू मैच पायनैड स्टेडियम में खेलता है। इस स्टेडियम को मलप्पुरम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के नाम से भी जाना जाता है। हालांकि, ये क्लब आईलीग या इंडियन सुपर लीग में शामिल नहीं हैं। संजू सैमसन से पहले एमएस धोनी और विराट कोहली फुटबॉल क्लब में हिस्सेदारी ले चुके हैं। जहां महेंद्र सिंह धोनी इंडियन सुपर लीग के क्लब चेन्नइयन एफसी के सह-मालिक हैं। साल 2014 में उन्होंने इस क्लब में हिस्सेदारी खरीदी थी।

## डीएएस प्रीमियर लीग 26 सितंबर से शुरू

नयी दिल्ली, 10 सितंबर। अंबेडकर स्टेडियम में 15 सितंबर से खेली जाने वाली तीसरी डीएसए प्रीमियर लीग अब 26 सितंबर से शुरु होगी और सीएमएस की अंतिम तिथि बढ़ाकर 20 सितंबर तक कर दी गई है। आज यहां जारी विज्ञिप्त के अनुसार लीग में भाग लेने वाले राजधानी के शीर्ष 12 क्लबों में से अधिकांश ने तैयारियों को लेकर मैचों के आयोजन की तिथि आगे बढ़ाने का आग्रह किया था जिसे स्वीकार कर लिया गया है।

### पैरालिंपिक पदक विजेताओं के लिए हुई नकद पुरस्कारों की घोषणा

## स्वर्ण पदक विजेताओं को 75 लाख, रजत को 50 लाख व कांस्य को मिलेंगे 30 लाख रुपये

नयी दिल्ली, 10 सितम्बर। केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को पेरिस पैरालिंपिक खेलों में पदक विजेता भारतीय खिलाड़ियों के लिए नकद पुरस्कार की घोषणा की। आज यहाँ जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित समारोह में डॉ. मांडविया ने पेरिस 2024 पैरालिंपिक में अभूतपूर्व उपलब्धियों के लिए के भारतीय पैरा खिलाड़ियों की सराहना की और चैंपियनों बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्वर्ण पदक विजेताओं को 75 लाख, रजत पदक विजेताओं को 50 लाख, कांस्य पदक विजेताओं को 30 लाख रुपये तथा मिश्रित टीम स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 22.5 लाख रुपये पुरस्कार के तौर पर दिये जायेंगे। इसके साथ ही उन्होंने अगले पैरालिंपिक खेलों के लिए और अधिक समर्थन और सुविधायें देने का वादा किया। सरकार एथलीटों और कोचों को पूरा सहयोग देगी।

पेरिस पैरालिंपिक में 84 प्रतिभागियों में से 50 को टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के माध्यम से समर्थन दिया गया था, जबकि अन्य खेलो इंडिया कार्यक्रम, राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र और अन्य सरकारी सहायता पहलों के लाभार्थी थे। इस बार 46 खिलाड़ियों ने पहली बार इन खेलों में भाग लिया और रिकॉर्ड संख्या में 32 भारतीय महिला एथलीटों ने खेलों में भाग लिया।

उन्होंने कहा कि देश पैरालिंपिक और पैरा खेलों में आगे बढ़ रहा है। वर्ष 2016 में चार पदकों से, भारत ने टोक्यो में 19 पदक तथा इस बार पेरिस में 29 पदक जीते और 18वें स्थान पर रहा। हम अपने सभी पैरा खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं प्रदान करेंगे ताकि हम 2028 लॉस एंजिल्स पैरालिंपिक में पहले से अधिक पदक तथा स्वर्ण पदक जीत सकें।

## रैना, हरभजन, हाफीज, ब्रावो यूएस मास्टर्स टी-10 के दूसरे सीजन में बिखेरेंगे जलवा

फ्लोरिडा, 10 सितंबर। अमेरिका के टेक्सास में आठ नवंबर से 17 नवंबर तक होने वाले यूएस मास्टर्स टी-10 के दूसरे सीजन सुरेश रैना, हरभजन सिह, हाफीज सईद, ड्वेन ब्रावो सहित क्रिकेट के कई पूर्व दिग्गज टूर्नामेंट में बिखेरेंगें अपना जलवा। पहले संस्करण की तरह इस सीजन में भी कई रोमांचक मुकाबले होने वाले हैं और निश्चित रूप से क्रिकेट के सबसे तेज तथा मनोरंजक प्रारूप में कई बड़ी हिट्स देखने को मिलेंगी।

टूर्नामेंट में 60 स्थानों के लिए दावेदारी के साथ दुनियाभर के 500 से अधिक क्रिकेटरों ने यूएस मास्टर्स टी-10 के सीजन 2 के लिए प्लेयर ड्राफ्ट के लिए पंजीकरण कराया। इस लीग में कैलिफोर्निया बोल्ट्स, डेट्रायट फाल्कन्स, शिकागो प्लेयर्स, न्यूयॉर्क वॉरियर्स, मॉरिसविले यूनिटी कैंप और अटलांटा राइडर्स टीमों के लिए दुनियाभर के खिलाड़ी खेलेंगे।

टी-10 ग्लोबल स्पोर्ट्स के संस्थापक और अध्यक्ष नवाब शाजी उल मुल्क ने कहा, अमेरिका में क्रिकेट तेजी से बढ़ रहा है और हम इस खास यात्रा का हिस्सा बनना चाहते हैं। इस साल आईसीसी टी-20 विश्वकप ने इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है और हम उस गति को बनाए रखना चाहते हैं और इसे आगे बढ़ाना चाहते हैं। यूएस मास्टर्स के दूसरे सीजन के साथ हमारा लक्ष्य प्रशंसकों को अधिक यादगार मुकाबले प्रदान करना और इस खेल को और अधिक रोमांचक बनाने में मदद करना है।

## सोफी और सूजी नौवीं बार खेलेंगे महिला टी-20 विश्वकप

### न्यूजीलैंड ने महिला टी-20 विश्वकप के लिए 15 सदस्यीय टीम का चयन किया

वेलिंग्टन, 10 सितंबर। न्यूजीलैंड ने महिला टी-20 विश्वकप के लिए कप्तान सोफी डिवाइन की अगुवाई में अनुभवी 15 सदस्यीय टीम का चयन किया है और यह नौवीं बार होगा जब सोफी डिवाइन तथा सूजी बेट्स इस टूर्नामेंट में खेलेंगी। वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज इजी गेज का यह पहला टी-20 विश्वकप है। न्यूजीलैंड ने महिला टी-20 विश्वकप के लिए टीम की घोषणा कर दी है। कप्तान सोफी डिवाइन और सूजी बेट्स के लिए यह नौवां महिला टी-20 विश्वकप है। इसके अलावा चोटिल तेज गेंदबाज रोजमेरी मैयर की भी टीम में वापसी हुई है।

24 टी-20 मैचों में 18 विकेट लेने वाली रोजमेरी मैयर, ली ताहुहू, जेस केर, हन्ना रोवे और मौली पेनफोल्ड के हाथों में तेज गेंदबाजी आक्रमण की कमान होगी। वहीं बेट्स और ब्रुक हॉलिडे को तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर विकल्प के रूप में टीम



में शामिल किया गया हैं। स्पिनर लेघ कास्परेक, मेली केर, फ्रैन जोनास और ईडन कार्सन को भी टीम जगह दी गई हैं। टीम में एकमात्र विकेटकीपर-बल्लेबाज इजी गेज पहली बार टी-20 विश्वकप में खेलेंगी। टीम के चयन को लेकर न्यूजीलैंड के मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा, मैं इस टीम से वास्तव में खुश हूं मुझे लगता है कि ये हमारे सर्वश्रेष्ठ 15 खिलाड़ी हैं जो संभावित रूप से विभिन्न परिस्थितियों के अनुकूल ढल सकते हैं। उन्होंने कहा, सोफी और बेट्स के पास विश्वकप से लेकर फ्रैंचाइज लीग तक के टूर्नामेंट का बहुत अनुभव है, इसलिए हम निश्चित रूप से इस ज्ञान का उपयोग इस काफी कड़ी प्रतिस्पर्धा में करेंगे।

उन्होंने कहा, रोजमेरी पिछले कुछ महीनों में चोट के कारण दुर्भाग्यपूर्ण दौर से गुजरी है उसने इस टूर्नामेंट के लिए फिट होने के लिए कड़ी मेहनत की है। उसने खुद को हमारे प्रमुख तेज गेंदबाजों में से एक के रूप में साबित किया है और हम उसके वापस आने से उत्साहित हैं। महिला टी-20 विश्वकप के लिए न्यूजीलैंड की टीम इस प्रकार है- सोफी डिवाइन (कप्तान), सूजी बेट्स, ईडन कार्सन, इजी गेज, मैडी ग्रीन, फ्रान जोनास, ब्रुक हॉलिडे, लेघ कास्पेरेक, अमेलिया केर, जेस केर, रोजमेरी मैयर, मौली पेनफोल्ड, जॉर्जिया प्लिमर, ली ताहुहू और हन्ना रोवे मौजूद होंगे।

## मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, हिमाचल, मणिपुर, मिजोरम और पंजाब ने हॉकी में जीत दर्ज की

जालंधर, 10 सितंबर। 14वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 के दूसरे दिन मंगलवार को मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हिमाचल, मणिपुर, मिजोरम और पंजाब की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की। आज यहां खेले गये पहले मैच में मध्य प्रदेश ने छत्तीसगढ़ को 6-0 से हराया। मध्य प्रदेश के लिए पहले क्वार्टर में जमीर मोहम्मद ने चौथे और 10वें मिनट में लगातार दो गोल किए। इसके बाद मोहम्मद अनस ने 46वें मिनट में कैप्टन अली अहमद ने 50वें मिनट में, विवेका पाल ने 54वें मिनट और तुषार परमार ने 56वें मिनट में एक-एक गोल दागा। दिन के दूसरे मैच में उत्तर प्रदेश ने चंडीगढ़ को 8-0 से हराया। उत्तर प्रदेश की ओर से अजीत यादव ने छठें, नौंव, और 43वें मिनट में गोलकर अपनी टीम के लिए हैट्रिक बनाई वहीं फहद खान ने 23वें और 40वें मिनट में दो गोल किए। गौरव यादव ने 14वें मिनट, कैप्टन सूरज पाल ने 20वें मिनट और आनंद कुमार ने 43वें मिनट में एक-एक गोल किए। अन्य मैच में हिमाचल ने गोवा को 11-1 से शिकस्त दी। आशीष कुमार नें चौथे, आठवें, 20वें, 23वें, 36वें, और 53वें मिनट में गोल किये। वह छह गोल करके शीर्ष गोल स्कोरर रहे। अक्षय शर्मा ने 13वें, 35वें मिनट दो गोल किए। जबकि करणवीर सिंह ने 15वें, करमबीर सिंह ने 28वें और लवप्रीत सिंह ने 46वें मिनट एक-एक गोल किया। दूसरी ओर, संदेश शिवाजी होनखंडे 14 वें मिनट में गोवा के लिए सांत्वना गोल किया। दिन के चौथे मैच में मणिपुर ने महाराष्ट्र को 7-0 से हराया। मणिपुर के लिए इरेंगबाम रोहित सिंह ने तीसरे, 38वें मिनट और रिकी टोनजाम ने 21वें, 56वें मिनट ने दो गोल किए। निंगोबम अमरजीत सिंह ने नौवें, निंगथौजम रोहित सिंह ने 29वें मिनट और युमखम बिदयानंदा सिंह ने 41वें मिनट एक-एक गोल करके टीम की जीत में योगदान दिया। अन्य मैच में हॉकी मिजोरम ने तेलंगाना को 4-1 से पराजित किया। मिजोरम के लिए मृत्युंजय प्रताप सिंह ने 31वें, और 43वें मिनट खेल के तीसरे क्वार्टर में लगातार दो गोल किए।

# भारत ने विदेशी एयरलाइन्स को जी.एस.टी. में बड़ी राहत दी

## जी.एस.टी. काउन्सिल ने विदेशी एयरलाइन्स को सेवाओं के आयात में जी.एस.टी. से छूट प्रदान की है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 सितम्बर। भारत में परिचालन करने वाली विदेशी एयरलाइनों को, उनके ब्रांच ऑफिसों के माध्यम से सेवाओं के आयात पर जी.एस.टी. से छूट देने के निर्णय से एयरलाइन उद्योग ने बड़ी राहत की सांस ली है। जी.एस.टी. काउन्सिल का यह कदम एयरलाइन क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण जीत के रुप में आया है, खासकर, डायरैक्टोरेट जनरल ऑफ जी.एस.टी. इन्टैलिजैंस (डी.जी.जी.आई.) द्वारा लगभग 39,000 करोड़ रुपए की टैक्स डिमाण्ड लगाए जाने के बाद।

शार्दुल अमरचंद मंगलदास एण्ड कंपनी के पार्टनर रजत बोस ने कहा "एयरलाइन उद्योग को बड़ी राहत देते हुए, भारत में ब्रांच ऑफिसों के माध्यम से परिचालन करने वाली विदेशी कंपनियों द्वारा देश के बाहर अपने मुख्यालय या अन्य प्रतिष्ठानों से सेवाओं के आयात पर जी.एस.टी. से छूट दी गई है। इसके अलावा ऐसा लगता है कि पिछली अवधि के मुद्दों को भी नियमित किया जाएगा। इससे हाल ही में जारी कारण बताओ नोटिस पर विराम लग जाएगा, जिसमें, भारत में ब्रांच ऑफिसों के माध्यम से परिचालन करने वाली विदेशी एयरलाइनों पर लगभग 39,000 करोड़ रुपए की जी.एस.टी. मांग की गई थी।

- **जी.एस.टी. काउन्सिल के इस फैसले की एयरलाइन्स सैक्टर की बड़ी जीत माना जा रहा है, खासकर इसलिए क्योंकि डायरैक्टोरेट जनरल ऑफ जी.एस.टी. इन्टैलिजैंस ने एयरलाइन्स सैक्टर से 39,000 करोड़ रूपए की टैक्स डिमांड की थी।**
- **जी.एस.टी. काउन्सिल की 54वीं बैठक, जिसकी अध्यक्षता वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने की थी, में उद्योग जगत के हित में कई फैसले किए गए।**
- **काउन्सिल ने सरकारी युनिवर्सिटीज़ और रिसर्च सैंटर को रिसर्च अनुदान में भी जी.एस.टी. से छूट प्रदान की, जिसे देश की रिसर्च क्षमता को प्रोत्साहन मिलेगा।**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन की अध्यक्षता में सोमवार को हुई 54 वीं बैठक में, जी.एस.टी. काउन्सिल ने कई महत्वपूर्ण उपायों की घोषणा की, जिनका उद्योग जगत के नेताओं ने स्वागत किया। उल्लेखनीय रुप से "नमकीन" उत्पादों पर जी.एस.टी. रेट को 18 प्रतिशत से घटाकर 12 प्रतिशत किया गया है। उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने कहा कि यह परिवर्तन "टैक्स ट्रीटमैंट" को स्पष्ट करता है तथा लागू दरों के बारे में पिछली अनिश्चितताओं को स्पष्ट करता है।

डैलोइट इण्डिया में पार्टनर, हरप्रीत सिंह ने स्पष्ट किया, "पफ स्नैक्स बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाली प्रक्रिया "एक्सट्रूज़न" पर पहले एच.एस.एन. एन्ट्री 1905 के तहत 18 प्रतिशत टैक्स लगाया जाता था। उद्योग ने इन उत्पादों को एन्ट्री 2016 के तहत वर्गीकृत किया था, जिस पर 12 प्रतिशत टैक्स लगाया जाता था। हाल ही में किए गए संशोधन ने इस वर्गीकरण मुद्दे को आगे बढ़ाते हुए हल कर दिया है।"

जी.एस.टी. काउन्सिल गंभीर कैंसर दवाओं पर जी.एस.टी. को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है तथा धार्मिक तीर्थ यात्रियों से संबंधित हैलिकॉप्टर शेयरिंग सेवाओं के लिए जी.एस.टी. छूट की शुरुआत की।

डी.पी.एन.सी. ग्लोबल में जी.एस.टी. के प्रमुख शिवाशीष करनानी ने कहा कि इन दरों में कटौती से उपभोक्ता लागत कम होगी और परिषद द्वारा नए मंत्री समूह (जी.ओ.एम.) के माध्यम से जीवन और स्वास्थ्य बीमा के लिए कम जी.एस.टी. दरों की खोज आशाजनक है। इसकी रिपोर्ट इस वर्ष अक्टूबर तक आने की उम्मीद है।

इसके साथ ही, काउन्सिल ने सरकारी विश्वविद्यालयों रिसर्च सैंटरों को रिसर्च ग्रांट के लिए जी.एस.टी. में छूट दी, जिसका उद्देश्य भारत की अनुसंधान क्षमताओं को मजबूत करना है। इस बीच ऑनलाइन गेमिंग के टैक्सेशन पर चर्चा जारी है और इस बैठक में कोई नया निर्णय नहीं लिया गया है।

परिषद ने स्वास्थ्य बीमा पर जी.एस.टी. दरों की आगे की जांच के लिए मंत्रियों के एक समूह का गठन किया है। यह इस बात का संकेत है कि हैल्थ इन्श्योरैंस प्रीमियम पर जी.एस.टी. रेट घटाकर लोगों को, विशेषरुप से वरिष्ठ नागरिकों को काफी राहत दी जाएगी। वर्तमान में इन प्रीमियम्स पर 18 प्रतिशत टैक्स लगाया जाता है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए केन्द्र तथा राज्यों ने स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम से 8,262.94 करोड़ रुपए और स्वास्थ्य पुनर्बीमा प्रीमियम से 1,484.36 करोड़ रुपए जी.एस.टी. इकट्ठी की।

### गृहिणी की...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मजदूरी दर से मुआवजा राशि की गणना की जाएगी। प्राधिकरण के सदस्य सचिव हरि ओम अत्री ने बताया कि नई गाइड लाइन में स्थाई निशक्तता को लेकर पूर्व में निशक्तता के प्रतिशत पर मिलने वाली प्रति प्रतिशत राशि को भी दस हजार रुपए से बढ़ाकर बीस हजार रुपए किया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्ववर्ती गाइड लाइन में सभी प्रकार की शारीरिक क्षति को शामिल नहीं किया गया था। नई गाइड लाइन में अस्थि भंग के लगभग सभी मामलों को शामिल कर विस्तृत श्रेणियों की सिफारिश की गई है।

### कोरियन ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा, और राजस्थान सरकार के अन्य शीर्ष अधिकारी शामिल हैं।

# उदयपुर वाणिज्य कर विभाग का संयुक्त आयुक्त 8 लाख रू. की रिश्वत लेते गिरफ्तार

उदयपुर, 10 सितम्बर (कासं)। एन्टी करप्शन ब्यूरो (ए.सी.बी.) उदयपुर इंटेलिजेंस इकाई ने जी.एस.टी. कार्यवाही नहीं कर आई.टी.सी. क्लेम का फायदा देने के एवज में पीड़ित से आठ लाख रूपये की रिश्वत मांगने के मामले में वाणिज्य कर विभाग उदयपुर के संयुक्त आयुक्त रविन्द्र जैन को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवीप्रकाश महेरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की उदयुपर इंटेलिजेंस इकाई को परिवादी ने शिकायत दी, जिसमें उसने बताया कि रिसॉर्ट का जी.एस.टी. टीम द्वारा किए गए सर्वे रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही नहीं कर आईटीसी क्लेम का फायदा करवाने की एवज में वाणिज्य कर विभाग उदयपुर के संयुक्त आयुक्त रविन्द्र जैन द्वारा 8 लाख रूपये रिश्वत मांग कर उसे परेशान किया जा रहा है। इस पर ए.सी.बी. उदयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस राजेन्द्र प्रसाद गोयल के सुपरविज़न में ए.सी.बी. उदयपुर इंटेलिजेंस इकाई की पुलिस निरीक्षक डॉ. सोनू शेखावत के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रैप कार्यवाही की।कार्रवाई के दौरान आरोपी रविन्द्र जैन को 8 लाख रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। ब्यूरो की टीम इस मामले में विभाग के अन्य अधिकारी, कर्मचारियों की भूमिका की जांच कर रही है। वहीं, आरोपी के आवास व अन्य ठिकानों की तलाश की जा रही है।

- **आरोपी रविन्द्र जैन के मकान व अन्य ठिकानों पर तलाशी की जा रही है।**
- **जैन ने जी.एस.टी. कार्यवाही नहीं करने और आई.टी.सी. क्लेम का फायदा देने के एवज में परिवादी से आठ लाख रूपए रिश्वत मांगी थी।**

## भाजपा की सदस्यता 8 दिन में दो करोड़ के पार हुई

नयी दिल्ली, 10 सितंबर (वार्ता) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के आठ दिन में सदस्यों की संख्या दो करोड़ से अधिक हो गई है।

पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष ने उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, ओडिशा, कर्नाटक, तमिलनाडु, गुजरात और राजस्थान इन नौ प्रदेशों में सदस्यता अभियान की समीक्षा के लिए अलग-अलग बैठकें कीं जिनमें प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री, सदस्यता प्रमुख, सदस्यता टोली के पदाधिकारी शामिल हुए।

बैठक के बाद पार्टी महासचिव विनोद तावड़े ने आज शाम यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि भाजपा के संगठन पर्व के तहत 02 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी का प्रथम सदस्य बन कर भाजपा के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया था। महज आठ दिन में सदस्यता अभियान के तहत भाजपा की सदस्यता संख्या दो करोड़ को पार कर गई है। तावड़े ने कहा कि इसी सदस्यता अभियान के संदर्भ में मंगलवार को पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा, गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह एवं राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संतोष ने नौ प्रदेशों के साथ अलग-अलग बैठक कर सदस्यता अभियान की समीक्षा की। इन बैठकों में उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, ओडिशा, कर्नाटक, तमिलनाडु, गुजरात और राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री, सदस्यता प्रमुख, सदस्यता टोली के पदाधिकारी शामिल हुए।

- **भाजपा के तमाम नेता इन दिनों सदस्यता अभियान को सफल बनाने में जुटे हुये हैं।**

# मार्बल उद्योग की बदहाली के लिये अशोक गहलोत जिम्मेदार- सुनील भार्गव

## भाजपा के वरिष्ठ नेता सुनील भार्गव ने गहलोत की "एक्स" पर टिप्पणी का करारा जवाब दिया

जयपुर, 10 सितम्बर। भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व प्रदेश प्रवक्ता सुनील भार्गव ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान पर पलटवार किया है। भार्गव ने सोशल मीडिया एप "एक्स" पर अशोक गहलोत की पोस्ट पर लिखा कि, "पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने 15 साल तक राजस्थान में शासन किया था। यह निराशाजनक है कि वह तथ्यों की जांच किए बिना तुच्छ राजनीति में लगे हुए हैं। वर्तमान में राजस्थान का मार्बल उद्योग जिन समस्याओं से जूझ रहा है, वह उनके (गहलोत के) ही कुशासन की भव्य विरासत है।"

दरअसल अशोक गहलोत ने मंगलवार को सोशल मीडिया एप 'एक्स" पर पोस्ट कर लिखा था कि "यह बेहद दुर्भाग्य की बात है कि एक तरफ तो मुख्यमंत्रीजी विदेश जाकर वहां के उद्यमियों से राजस्थान में आकर निवेश करने की बात कर रहे हैं, पर राजस्थान के मार्बल-ग्रेनाइट उद्यमियों की मांगों को प्रदेश की भाजपा सरकार, केन्द्र के सामने क्यों नहीं रख रही है। सरकार को ये नहीं भूलना चाहिए कि प्रदेश के उद्यमी हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। यह भी आश्चर्यजनक है कि राजस्थान की वित्त मंत्री ने दिल्ली में होने के बावजूद जी.एस.टी. काउंसिल में भाग क्यों नहीं लिया? यह दिखाता है कि सरकार में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है।"

- **सुनील भार्गव ने लिखा कि गहलोत तथ्यों की जाँच किये बिना तुच्छ राजनीति करने में लगे हैं।**

अशोक गहलोत की इस पोस्ट पर पलटवार करते हुए सुनील भार्गव ने राजस्थान के मार्बल उद्योग की बदहाली के लिए अशोक गहलोत को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि गहलोत सिर्फ तुच्छ राजनीति करने में लगे हैं, उन्होंने राजस्थान में 15 वर्ष तक बतौर मुख्यमंत्री राज किया, लेकिन कभी भी मार्बल-ग्रेनाइट उद्यमियों की चिंता सरकार में रहते हुए नहीं की। भार्गव ने कहा कि गहलोत अपनी पार्टी की चिन्ता करें, जो लगातार टूट रही है। भाजपा की चिन्ता हमारा नेतृत्व कर लेगा।

# फोन टेपिंग प्रकरण में केस वापस लेने की अनुमति

जयपुर, 10 सितम्बर। सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से जुड़े फोन टेपिंग मामले में दिल्ली पुलिस की ओर से की जा रही कार्रवाई के खिलाफ राज्य सरकार की ओर से पेश केस को वापस लेने की मंजूरी दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्देश राज्य सरकार की ओर से केस को वापस लेने के संबंध में दायर प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए दिए। प्रार्थना पत्र में कहा गया कि गजेन्द्र सिंह के खिलाफ मौजूदा मामले में कोई मैरिट नहीं है। ऐसे में केस को वापस लेने की अनुमति दी जाए। केस में कहा गया था कि मामले में क्राइम ब्रांच की ओर से दर्ज एफ.आई.आर. की जांच और अभियोजन का अधिकार राज्य सरकार को है। इसलिए इसकी जांच राजस्थान पुलिस को करनी चाहिए। इसलिए दिल्ली पुलिस की कार्रवाई पर रोक लगाते हुए केस को राजस्थान पुलिस के पास भेजा जाना चाहिए। इस मामले में गत पांच फरवरी को हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से इस मूल केस को जारी रखने या नहीं रखने को लेकर समय मांगा था। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने ए.ए.जी. शिवमंगल शर्मा से चर्चा सुप्रीम कोर्ट में केन्द्र सरकार के खिलाफ, दायर इस केस को वापस लेने का निर्णय लिया था।

- **सुप्रीम कोर्ट ने फोन टैपिंग प्रकरण में राज्य सरकार द्वारा केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के खिलाफ दायर केस वापस लेने की अनुमति दे दी है। यह केस पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने दायर किया था और मौजूदा भाजपा सरकार केस वापस ले रही है।**

### 'राहुल के खरे ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सम्मान तथा विनम्रता लाने का तथा इस विचार को पोषित और प्रोत्साहित करने का है कि भारत एक ऐसा देश है, जहाँ अनेक प्रकार के विचारों तथा पहचानों का सह-अस्तित्व है। भाजपा-आर.एस.एस. इस समावेशिता के लिए एकमात्र और सबसे बड़ा खतरा हैं।"

वेणुगोपाल ने कहा, "राहुल जी द्वारा अमेरिका में दिए गए बयानों के बारे में शिकायत करना भी भाजपा का दोहरा पाखंड है। जब मोदी अपनी इस घिसी-पिटी बात को दोहराने का एक भी मौका नहीं चूकते कि "2014 से पहले के 60 वर्षों में (भारत में) कुछ भी नहीं हुआ।" यह भारतीयों की उन कई पीढ़ियों, जिन्होंने इस देश को महान बनाया, का सचमुच ही अपमान है।"

उन्होंने कहा कि जब भाजपा को आईना दिखा दिया गया है तो वह, निरर्थक आक्रोश में आने के बजाय, अपनी आलोचना को सृजनात्मक रूप में ले।

### नाबालिग से...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बोलने गई थी। इस दौरान विक्रम उसे जबरन अपने कमरे में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। वहीं घटना की जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। वहीं सुनवाई के दौरान पीडिता ने अदालत में घटना दोहराते हुए दुष्कर्म की बात कही। इसके अलावा चिकित्सीय परीक्षण में भी आया कि उसके साथ जबरन संबंध बनाए गए हैं। दूसरी ओर अभियुक्त की ओर से कहा गया कि उसे प्रकरण में फंसाया गया है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने अभियुक्त को सजा और जुर्माने से दंडित किया है।

### अडानी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के साथ संतुलित संबंध बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित कर रही है और "कॉस्ट इफैक्टिव" तथा पारदर्शी बुनियादी ढांचों के समझौतों की आवश्यकता पर जोर दे रही है।

# 'सेबी प्रमुख की एग्रो कंपनी के बारे में जवाब दें मोदी'

## कांग्रेस ने सवाल किया है कि माधबी बुच ने सेबी के अपने कार्यकाल में रहते हुए एग्रो कंपनी के माध्यम से 2 करोड़ 95 लाख रुपए कमाए

नयी दिल्ली, 10 सितंबर (वार्ता) कांग्रेस ने कहा है कि सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच तथा उनके पति की कंपनी का खुलासा हिंडन वर्ग रिपोर्ट में हुआ है जिसका श्रीमती बुच ने खंडन किया है लेकिन इसको लेकर जो रिपोर्ट में सामने आई हैं वह चौंकाने वाली है और इसको लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जवाब देना चाहिए।

कांग्रेस प्रचार तथा संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि "हिंडनबर्ग रिपोर्ट में एक कंपनी एग्रो एडवाइजरी प्राइवेट लिमिटेड का नाम सामने आया था जो कि 7 मई 2013 में रजिस्टर हुई थी। यह कंपनी माधबी पुरी बुच और उनके पति की है लेकिन श्रीमती पुरी ने रिपोर्ट आने के बाद इस बात का खंडन किया था। खंडन में उन्होंने लिखा कि जबसे श्रीमती पुरी सेबी में गई तब से यह कंपनी निष्क्रिय है। लेकिन इस कंपनी में अभी भी 99 प्रतिशत हिस्सेदारी माधबी जी की है।"

प्रवक्ता ने सरकार से सवाल किया और कहा "एग्रो से किन-किन कंपनियों ने सेवाएं लीं। जिन कंपनियों ने एग्रो की सेवाएं लीं क्या वे सेबी के स्कैनर में हैं। इसका जवाब हमें मिला कि माधबी जी ने सेबी के अपने कार्यकाल में रहते हुए एग्रो के माध्यम से 2 करोड़ 95 लाख रुपए कमाए।"

उन्होंने मोदी से पूछा "क्या आपको पता था कि एग्रो में माधबी जी की 99 प्रतिशत शेयर होल्डिंग है। जब आपने माधबी जी को सेबी चेयरपर्सन बनाया, तो क्या आपको किसी एजेंसी ने रिपोर्ट नहीं दी थी।क्या आपको जांच एजेंसियों ने नहीं बताया था कि एग्रो के आर्थिक-व्यावसायिक रिश्ते उन कंपनियों से हैं, जिनकी जांच सेबी कर रही है। क्या आपके सामने किसी ने भी माधबी जी के खिलाफ सबूत नहीं रखे थे कि इन्हें दूसरे कंपनियों से इतने पैसे क्यों मिल रहे हैं।"

## शिंदे को गृह मंत्री रहते श्रीनगर के लाल चौक जाने में लगता था डर

नयी दिल्ली 10 सितंबर (वार्ता) कांग्रेस के दिग्गज नेता सुशील कुमार शिंदे को गृह मंत्री रहते हुये जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर के लाल चौक और डल झील पर जाने में डर लगता था। शिंदे ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि उन्हें श्रीनगर के लाल चौक तथा डल झील के पास जाने में डर लगता था। उन्होंने कहा कि मैंने कश्मीरी पंडित विजय धर की सलाह पर मैं वहां गया और लोगों से मिला, उनसे बात की। उस समय उनकी सलाह से मुझे बहुत प्रसिद्धि मिली। लोगों में संदेश गया कि एक ऐसा गृहमंत्री है, जो बिना डर के श्रीनगर जाता है, लेकिन मैं ही जानता हूं, कि उस समय मेरी क्या हालत थी, किसको बताऊं मैं...। शिंदे सोमवार रात यहां अपनी आत्मकथा 'फाइव डिकेड इन पॉलिटिक्स' के विमोचन के मौके पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।

# वॉशिंगटन की युनिवर्सिटी में राहुल के...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मंत्री ने आगे कहा, "पिछले दिन उन्होंने कहा, (भारत) बहुत बड़ी अर्थव्यवस्था है, जहाँ कोई रोज़गार नहीं है। कभी वे कुछ और कहते हैं। वे आर.एस.एस. की भारी निंदा करते हैं। यह सब इसलिये और ज्यादा बुरा है क्योंकि वे वहाँ विपक्ष के नेता के रूप में गये हैं, सामान्य नागरिक के रूप में नहीं।"

राहुल की दादी तथा तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की उनके सिख अंग रक्षकों द्वारा की गई हत्या के बाद के 1984 के सिख-विरोधी दंगों का जिक्र करते हुये, पुरी ने कहा कि भारत के सिखों के सामने केवल एक बार "अस्तित्व का खतरा पैदा हुआ था और समय गांधी परिवार सता में था।"

भाजपा नेता ने कहा, "मैं पिछले छः दशक से ज्यादा समय से पगड़ी तथा कड़ा पहनता आ रहा हूँ, लेकिन मेरे सामने कभी कोई समस्या नहीं आई, एक समुदाय के रूप में केवल एक बार, हमें अपने अस्तित्व के लिए खतरा महसूस हुआ था और यह वो समय था, जब राहुल गांधी का परिवार सत्ता में था।"

उन्होंने आगे कहा, "1984 में, सिखों के खिलाफ एक अभियान चलाया गया था। तब 3000 निर्दोष लोग मारे गये थे। वे घरों से घसीटते हुये बाहर लाये गये थे, उनके चारों ओर टायर रखे गये थे तथा वे जीवित जला दिये गये थे।

पुरी के अलावा, भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया, लोकसभा सांसद मनोज तिवारी ने भी राहुल गांधी द्वारा बेरोज़गारी तथा आर.एस.एस. पर की गई टिप्पणियों को लेकर, उन पर जमकर प्रहार किये।

राहुल ने कहा, "देखिये, सबसे पहले आपको यह समझना होगा कि लड़ाई किस बात को लेकर है। लड़ाई राजनीति को लेकर नहीं है। लड़ाई बाहरी और ऊपरी चीजों को लेकर है। आपका नाम क्या है, (उन्होंने श्रोताओं में बैठे एक व्यक्ति से उसका नाम पूछा तथा उसने बताया, मालेन्द्र सिंह) लड़ाई इस बात को लेकर है कि एक सिख होने के नाते, वह भारत में पगड़ी पहनेगा, एक सिख के रूप में, वह भारत में कड़ा पहनेगा, सिख होने के नाते, वह गुरुद्वारे जायेगा, लड़ाई इस चीज़ को लेकर है, यह केवल उसी के लिये नहीं है, सभी धर्मों (के लोगों) के लिये है। लड़ाई इस बारे में भी है। मुझे इस भीड़ में बहुत सारे लोग तमिलनाडू के, पंजाब के, हरियाणा के, तेलंगाना के, कर्नाटक के, आंध्र प्रदेश के दिखाई दे रहे हैं। मैं सब लोगों को देख सकता हूँ।"

कांग्रेस नेता ने देश में धार्मिक स्वतंत्रता के मुद्दे को रेखांकित करते हुये कहा, "देखिये, जब मैं कहता हूँ "केरल" जहां से मैं सांसद रहा हूँ। तो जब मैं केरल, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश कहता हूँ तथा अगर आप इन चीज़ों को समझते नहीं हैं तो आप कहते हैं, केरल मात्र एक शब्द है पंजाब मात्र एक शब्द है, लेकिन ये सामान्य शब्द मात्र नहीं हैं। ये आपका इतिहास है, आपकी भाषा है, आपकी परम्परा है, आपकी पूरी की पूरी कल्पना इन शब्दों में निहित हैं और आर.एस.एस. मूलरूप से यह कह रही है कि कुछ राज्य, कुछ अन्य राज्यों से कमतर हैं, कुछ भाषाएं, कुछ अन्य भाषाओं से कम महत्वपूर्ण हैं, कुछ धर्म, कुछ अन्य धर्मों से घटिया हैं, कुछ समुदाय कुछ अन्य समुदायों से निम्नतर हैं, लड़ाई ऐसी चीज़ों को लेकर है।"

## 'जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन भाजपा नेताओं ने ही करवाया था'

नई दिल्ली, 10 सितंबर। कांग्रेस नेता बजरंग पूनिया ने जंतर मंतर पर हुए प्रदर्शनों को लेकर बड़ा दावा किया है। हाल ही में एक अखबार से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने ही उन्हें वहां विरोध प्रदर्शन की अनुमति दिलाई थी। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता ही अपनी पार्टी के खिलाफ साजिश कर रहे थे। हाल ही में पूनिया और पहलवान विनेश फोगाट ने कांग्रेस का दामन थामा है। फोगाट जुलाना सीट से मैदान में हैं।

ट्रिब्यून से बातचीत में पूनिया ने जंतर मंतर पर प्रदर्शनों को कांग्रेस की साजिश होने से इनकार किया है। उन्होंने कहा, मेरे दावों को साबित करने के लिए आधिकारिक रिकॉर्ड भी हैं। आरोपों के विपरीत कि पहलवानों के प्रदर्शनों के पीछे कांग्रेस ही थी, इसके पीछे भाजपा नेता थे जो अपनी ही पार्टी के खिलाफ साजिश कर रहे थे।

- **कांग्रेस नेता बजरंग पूनिया ने कहा, भाजपा नेता ही अपनी पार्टी के खिलाफ साजिश रचने में लगे हुए थे।**

उनके दो नेताओं ने उस जगह पर विरोध प्रदर्शन के लिए हमें अनुमति दिलाई थी।

भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह को लेकर उन्होंने कहा, अब वह हमारे लिए अप्रासंगिक हैं। हां, पहलवानों के साथ जो भी जंतर मंतर पर हुआ, वो राज्य और देश में बड़ा चुनावी मुद्दा है, क्योंकि हर घर में हमारी बहनें और बेटियां हैं।

# ममता बनर्जी आंदोलनरत डॉक्टरों का डेढ़ घंटे इंतजार करती रह गईं

## ममता बनर्जी सरकार की तरफ से ईमेल भेजकर आंदोलनकारी डॉक्टरों को बातचीत के लिए बुलाया गया था

कोलकाता, 10 सितंबर (वार्ता) पश्चिम बंगाल की स्वास्थ्य राज्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने मंगलवार शाम को कहा कि आंदोलनरत जूनियर डॉक्टरों ने अपनी शिकायतों और मांगों पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बातचीत के लिए सरकार की ओर से भेजे गए ईमेल का जवाब नहीं दिया।

जूनियर डाक्टरों ने राज्य स्वास्थ्य सचिवालय तक रैली निकाली और उसके सामने धरना-प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों ने ईमेल को "अपमानजनक" करार दिया। यह ईमेल स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम द्वारा भेजा गया था जिनके इस्तीफे की डाक्टरों ने मांग की है।

सुश्री भट्टाचार्य ने राज्य सचिवालय नबन्ना में संवाददाताओं से कहा कि ईमेल शाम 6:10 बजे भेजा गया था जिसमें विवादास्पद मुद्दों पर बातचीत के लिए आंदोलनकारी डॉक्टरों के दस और प्रतिनिधियों के एक प्रतिनिधिमंडल को आमंत्रित किया गया था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शाम साढ़े सात बजे तक अपने कक्ष में इंतजार करती रहीं और फिर चली गईं।

उन्होंने कहा "लेकिन हमें डॉक्टरों से कोई जवाब नहीं मिला और मुख्यमंत्री शाम 7:30 बजे नबन्ना से चली गयी।" उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने जूनियर डॉक्टरों को मंगलवार शाम पांच बजे तक काम पर लौटने का निर्देश दिया लेकिन मुख्यमंत्री ने उनके मुद्दों और मांगों को सुनने के लिए शाम 7-30 बजे तक इंतजार किया।

आंदोलनकारी डॉक्टरों ने तर्क दिया कि ईमेल राज्य के स्वास्थ्य सचिव की आईडी से भेजा गया था जिनके इस्तीफे की मांग उन मांगों में से एक थी जिसके लिए वे सड़कों पर उतरे हैं। प्रदर्शनकारी स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक और चिकित्सा शिक्षा प्रमुख के इस्तीफे की भी मांग कर रहे हैं।

- **यह ईमेल बंगाल सरकार स्वास्थ्य सचिव की ओर से भेजा गया था जिनकी गिरफ्तारी की आंदोलकारी डॉक्टर्स मांग कर रहे हैं।**
- **पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट के बैनर तले डॉक्टरों ने मुख्यमंत्री को अपनी पाँच माँगें मानने के लिए मंगलवार शाम पांच बजे तक का अल्टीमेटम दिया था जिसमें शहर के पुलिस आयुक्त विनीत गोयल को बर्खास्त करना , स्वास्थ्य सचिव और उनके दो डिप्टी - स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक और चिकित्सा शिक्षा के प्रमुख का इस्तीफा मांगा गया था तथा 31 वर्षीय स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर की हत्या के लिए जिम्मेदार अपराधियों की पहचान करना आदि प्रमुख मांगें थी।**

चिकित्सक देबाशीष हलदर ने कहा, "हमने इस महीने की शुरुआत में अपने लालबाजार (शहर पुलिस मुख्यालय) मार्च के दौरान कोलकाता पुलिस आयुक्त विनीत गोयल को उनके इस्तीफे की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपने के बाद भी अब तक कुछ नहीं हुआ है।"

उन्होंने कहा कि शहर के पुलिस आयुक्त ने उन्हें आश्वासन दिया था कि यदि सर्वोच्च अधिकारी (सीएम) उन्हें पद छोड़ने का निर्देश देंगी तो वह ऐसा करेंगे।

डॉक्टर ने बताया "कल मुख्यमंत्री ने नबन्ना में कहा कि पुलिस आयुक्त ने कई बार इस्तीफे की पेशकश की थी लेकिन वे सहमत नहीं हुईं।"

डॉक्टरों ने कहा "ईमेल हमारे लिए भी अपमानजनक है क्योंकि इसे केवल "सर" को संबोधित किया गया था जबकि आंदोलन में सैकड़ों मैडम शामिल हैं।" उन्होंने कहा कि ईमेल में उल्लेख किया गया था कि "10 से अधिक डॉक्टर" मुख्यमंत्री से नहीं मिल सकते हैं और यह उनके लिए अपमानजनक भी था। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी पांच सूत्री मांगें नहीं मानी जाएंगी तब तक धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा।

हालाँकि पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट के बैनर तले डॉक्टरों ने मुख्यमंत्री को अपनी पाँच माँगें मानने के लिए मंगलवार शाम पांच बजे तक का अल्टीमेटम दिया था जिसमें शहर के पुलिस आयुक्त विनीत गोयल को बर्खास्त करना , स्वास्थ्य सचिव और उनके दो डिप्टी - स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक और चिकित्सा शिक्षा के प्रमुख का इस्तीफा , 31 वर्षीय स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर की हत्या के लिए जिम्मेदार अपराधियों की पहचान करना और उन्हें गिरफ्तार करना और उन्हें सजा देना , कार्य का सुरक्षित और संरक्षित स्थान और अस्पतालों में अनुकूल माहौल की बहाली भी शामिल था।

आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में गत नौ अगस्त को महिला रेजिडेंट डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के बाद से मेडिकल कॉलेजों में जूनियर डॉक्टरों का काम बंद आंदोलन 33वें दिन में प्रवेश कर गया है।

मार्डन मीडिया, बीकानेर के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 35214/79, जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्सः0744-2386033, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः-राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422,226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908